ख़बरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुरादाबाद, रविवार 18 मई 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 22 अंक 278 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2082 19 ज़ीक़ादा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

# देशद्रोह: जासूस यूट्यूबर ज्योति गिरफ्तार

## पाक को ऑपरेशन सिंदूर से जुड़ी जानकारी देने का आरोप

हिसार, वार्ता

**पाकिस्तान के** लिए जासूसी करने के आरोप में हरियाणा की यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा पुलिस ने पांच और अन्य आरोपियों को भी पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है।

ज्योति पर आरोप है कि उसने भारत के सैन्य अभियान 'ऑपरेशन सिंदूर' और सेना से जुड़ी कई गुप्त जानकारियां पाकिस्तान को भेजी थीं. पूछताछ में ज्योति ने स्वीकार किया कि वह पाकिस्तानी इंटेलिजेंस ऑपरेटिव से भी संपर्क में थी। हिसार पुलिस ने शनिवार को ज्योति को न्यायालय में पेश किया, जहां उसे पांच दिन की पुलिस रिमांड में भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार 15 मई को उपाधीक्षक जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में एक टीम ने ज्योति को उसके घर से गिरफ्तार किया। खुफिया ब्यूरो की टीम ज्योति से पूछताछ कर रही है। हिसार पुलिस के मुताबिक, ज्योति पाकिस्तान की खुफिया एजेंसियों के संपर्क में थी। वह सोशल मीडिया के माध्यम से भारत की गोपनीय जानकारी भेज रही -**शेष पृष्ठ दो पर**



■ पुलिस ने ज्योति सहित छह लोगों को भारतीय सेना से जुड़ी जानकारी देने के मामले में किया गिरफ्तार

### पाकिस्तानी अफसर दानिश से बात करती आई थी नजर

**नई दिल्ली।** ज्योति मल्होत्रा, ये वो नाम है, जो हरियाणा में काफी मशहूर था, लेकिन अब ये नाम देशभर में सुर्खियों में छा गया है। एक वीडियो सामने आया है, जिसमें ज्योति मल्होत्रा दिल्ली में पाकिस्तान एंबेसी के अधिकारी दानिश से बात करती नजर आ रही है। ये वीडियो पिछले साल 28 मार्च 2024 को दिल्ली के चाणक्यपुरी इलाके में स्थित पाक एंबेसी में पाकिस्तान नेशनल डे पर इफ्तार पार्टी का है।

### पाक के नेशनल डे पर भी पहुंची थी ज्योति

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के लोगों से ज्योति मल्होत्रा की करीबी का आलम ये था कि उसे पाकिस्तान के नेशनल डे पर पाकिस्तान हाई कमीशन में निमंत्रित किया गया था। इसका एक वीडियो भी उसने अपने यूट्यूब चैनल पर पोस्ट किया था, जिसमें वह पाकिस्तान हाई कमीशन के अधिकारियों और उनके परिवार के लोगों से भी बेहद घुलमिलकर बातचीत करती नजर आ रही है। ज्योति ने एक पाकिस्तानी अधिकारी के साथ हाल ही में इंडोनेशिया के बाली द्वीप की यात्रा भी की थी।

### देश के लिए वरदान होगा इसरो का नया मिशन

**चेन्नई।** पीएसएलवी- सी61/ ईओएस-09 मिशन के रविवार (आज) को होने वाले प्रक्षेपण के लिए 22 घंटे की उल्टी गिनती शनिवार सुबह शुरू हो गई। यह मिशन पृथ्वी अवलोकन क्षमताओं को बढ़ाएगा और विशेष रूप से भारत के सीमावर्ती क्षेत्रों की उच्च-रिज़ॉल्यूशन वाली रडार इमेजरी प्रदान करेगा। भारतीय अंतरिक्ष संस्थान (इसरो) ने कहा कि उल्टी गिनती शनिवार सुबह 7:59 बजे शुरू हुई और सुचारू रूप से आगे बढ़ रही है। गौरतलब है कि यह इसरो का 101वां मिशन है। 321 टन भार उठाने वाला चार चरणों वाला 44.5 मीटर लंबा पीएसएलवी-सी61 अपनी 63वीं उड़ान में रविवार सुबह 5:59 बजे श्रीहरिकोटा के अंतरिक्ष केंद्र से प्रथम लॉन्च पैड से पृथ्वी अवलोकन उपग्रह ईओएस-09 (जिसका वजन 1,692.24 किलोग्राम है) लेकर उड़ान भरेगा।


### नासिक शहर नो ड्रोन फ्लाई जोन घोषित


**नासिक।** महाराष्ट्र में नासिक पुलिस आयुक्तालय ने ऑपरेशन सिंदूर के मद्देनजर नासिक शहर को 'नो ड्रोन फ्लाई जोन' घोषित किया है। आतंकवादी हमलों की आशंका और संभावना को ध्यान में रखते हुए पुलिस आयुक्त संदीप कार्णिक ने यह आदेश जारी किया। यह आदेश शुक्रवार से 31 मई तक लागू रहेगा और निर्देश के अनुसार, बिना अनुमति के कोई भी ड्रोन उड़ान नहीं भर सकेगा।

## जमीनी हकीकत नजरअंदाज नहीं कर सकते जज: गवई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के नव-नियुक्त सीजेआई बीआर गवई ने शनिवार को कहा कि जज जमीनी हकीकत को नजरअंदाज नहीं कर सकते हैं। वे बीसीआई के सम्मान समारोह में बोल रहे थे।

इस दौरान सीजेआई गवई ने सामाजिक वास्तविकताओं को समझने और उनका जवाब देने में जजों की भूमिका पर जोर दिया। सीजेआई गवई ने कहा कि आज की न्यायपालिका मानवीय अनुभवों की जटिलताओं को नजरअंदाज करते हुए कानूनी मामलों को सख्त काले और सफेद शब्दों में देखने का जोखिम नहीं उठा सकती। सीजेआई ने इस बात पर जोर दिया कि न्यायपालिका में लोगों से दूरी रखना असरदार नहीं है। उन्होंने इस धारणा को खारिज कर दिया कि सुप्रीम कोर्ट के जजों को लोगों से जुड़ने से बचना चाहिए। सीजेआई गवई ने जज का पद मिलने की अपनी शुरुआती हिचकिचाहट के बारे में भी बताया। उनके पिता ने उनसे कहा था कि वकील के रूप में काम करना आर्थिक समृद्धि लाएगा, लेकिन संवैधानिक न्यायालय में जज के रूप में सेवा करने से उन्हें डा. बीआर अंबेडकर के सामाजिक और आर्थिक न्याय के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने का मौका मिलेगा।



# स्कूटी की टक्कर से बाइक सवार दो युवक गंभीर घायल

## स्कूटी सवार मौके से फरार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** स्कूटी व बाइक की भिड़ंत में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। गंभीर अवस्था के कारण एक बाइक सवार को अफजलगढ़ सीएचसी से हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

नगीना के मोहल्ला पटेरी निवासी मो. फैज ने बताया कि वह अपने अपने दो साथी समीर व सद्दाम के साथ एक ही बाइक पर सवार होकर बाइक द्वारा नगीना से कालागढ़ घूमने जा रहे थे। जैसे ही वह काद. राबाद के समीप पहुंचे अचानक सामने से आ रहे स्कूटी सवार ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे बाइक पर बैठे तीन युवकों में से समीर व सद्दाम सैफी बाइक से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को एम्बुलेंस की मदद से राहगीरों ने सीएचसी में भर्ती कराया। जहां पर समीर की गंभीर अवस्था को देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया तथा सद्दाम सैफी व फैज को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया। वहीं स्कूटी सवार टक्कर मार कर मौके से भाग गया। सीओ राजेश सोलंकी के अनुसार मामले में कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्य की जाएगी।

# ऑक्सफोर्ड में प्रतिभा सम्मान समारोह

## मेधावी छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक सीनियर सेकेण्डरी स्कूल में विद्यालय परिसर में मेधावी छात्र छात्राओं का प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें कक्षा 10वीं व 12वीं के छात्र छात्राओं को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर व माला डालकर सम्मानित किया गया।

विद्यालय परिसर में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में कक्षा 10वीं में 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर नहटौर में प्रथम एवं जनपद बिजनौर में तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र सोबान खालिद व कक्षा 12वीं मानविकी में 95 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली स्कूल टॉपर गौरी त्यागी कक्षा 10वीं के वैभव त्यागी 91.4 प्रतिशत व अभिनव त्यागी 91 प्रतिशत तथा कक्षा 12वीं से जसमिन्दर कौर 94 प्रतिशत, दीपिका रानी व भूमिका राजपूत 90 प्रतिशत आदि छात्र-छात्राओं को भी प्रशस्ति पत्र देकर व माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि लीना सिंघल ने कहा कि विद्यालय में व्यतीत किया हुआ समय प्रत्येक छात्र-छात्रा के जीवन की नींव की ईट की तरह होता है, क्योंकि हम अपने अध्यापकों तथा साथियों से प्रतिदिन कुछ न कुछ नया अनुभव सिखते है तथा भविष्य का निर्माण भी विद्यालय की शिक्षा पर निर्भर होता है। प्रतिभा किसी जाति, धर्म अथवा क्षेत्र की मोहताज नहीं होती है। आज गाँव-गाँव से बच्चे बिना किसी ट्यूशन आदि सहयोग के केवल विद्यालय में लगातार उपस्थित रहकर तथा ईमानदारी से कड़ी मेहनत करके सफलता प्राप्त कर रहे हैं तथा नहटौर का ऑक्सफोर्ड स्कूल लगातार पिछले 21 वर्षों से नहटौर क्षेत्र को टॉपर तथा शानदार परीक्षा परिणाम देकर अपना सर्वोच्च स्थान बनाये हुये है, जिसके लिये छात्र-छात्रायें, अभिभावक तथा शिक्षकगण बधाई के पात्र हैं। लीना सिंघल ने कहा कि यही बच्चे आगे चलकर प्रशासनिक अधिकारी, इंजीनियर, चार्टर्ड एकाउटेंट, डॉक्टर आदि बनकर क्षेत्र और समाज की सेवा करेंगे। इसी कामना और आर्शीवाद से उनके उज्जवल भविष्य की प्रार्थना करती हूँ। इस अवसर पर प्रधानाचार्य इदरीस अहमद एवं अध्यापक अमित कुमार, महबूब आलम, मोनोजीत विश्वास, अनुज कुमार, ललित कुमार, सचिन कुमार, पवन सैनी, सर्वेश कुमार, नाजिया सलमानी, विंसी चौधरी, वर्षा चौहान तथा अभिभावक एवं सीनियर विंग के सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें तथा कार्यक्रम का सफल संचालन त्रिमोहन गंगोत्री ने किया।

# सीआरपीएफ के डीएसपी रणवीर सिंह त्यागी के निधन पर शोक

## पार्थिव शरीर पैतृक गांव नरगदी गंधु लाया गया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** सीआरपीएफ के डीएसपी रणवीर सिंह त्यागी के निधन होने पर उनका पार्थिव शरीर उनके गांव नरगदी गंधु लाया गया। रणवीर सिंह त्यागी सीआरपीएफ, एनएसजी व एनआईए में डीएसपी पद पर तैनात रहे है। उनका पार्थिव शरीर गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने उनके अंतिम दर्शन करते हुए उन्हें अंतिम विदाई दी। सीआरपीएफ के जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

जानकारी के अनुसार गांव नरगदी गंधु निवासी रणवीर सिंह त्यागी 55 वर्ष वर्तमान में सीआरपीएफ में डीएसपी के पद पर तैनात थे। सीआरपीएफ में ही वह भर्ती हुए थे। उसके बाद वह एनएसजी और एनआईए में उच्च पदों पर रहे है। एनआईए से पुनः सीआरपीएफ में आकर डीएसपी के पद पर तैनात थे और दिल्ली में रह रहे थे। कुछ दिनों से वह बीमार चल रहे थे। शुक्रवार को उनकी मौत हो गई। शनिवार को उनका शव गांव पहुंचा। शव गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने उनके दर्शन करते हुए अंतिम विदाई दी। गंगा बैराज घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। ग्राम प्रधान पति आबिद अंसारी ने बताया कि शव शनिवार को गांव पहुंचा था। उनका अंतिम संस्कार हो गया है। उनके एक बेटा और बेटी है। उनकी पत्नी गृहणी है। उनकी मौत से गांव में गमगीन माहौल है।

# भूमाफियाओं से तालाब की भूमि कब्जामुक्त कराई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** भूमाफियाओं से सरकारी तालाब की भूमि को कब्जा मुक्त कराने को एक बार फिर बुलडोजर गरजा। ग्रामीणों की शिकायत पर राजस्व विभाग की टीम ने तालाब की भूमि को अपने सामने कब्जा मुक्त कराया।

गांव टांडा बैरागी स्थित एक तालाब की भूमि पर वर्षों से गांव के ही नसीम पुत्र यामीन व बिलाल पुत्र तौफीक ने बाउंड्री बना कर कब्जा कर रखा था। जिसको कब्जा मुक्त कराने को कई ग्रामीण संघर्षशील थे तथा उपजिलाधिकारी से गुहार लगाते आ रहे थे।

उपजिलाधिकारी रितु रानी ने कब्जा धारियों को तलब कर स्वयं कब्जा हटाने की चेतावनी दी थी। वहीं राजस्व विभाग की एक टीम गठित कर भूमि की पैमाइश करा कर भूमि को कब्जा मुक्त कराने हेतु मौके पर भेजा गया, जिस पर कब्जा धारियों से जेसीबी से तालाब की भूमि पर से बाउंड्री तोड़कर भूमि को खाली कारया गया। लेखपाल टीम के अनुसार यह नदी का पच्चीस नम्बर है जो कि पूरी तरह कब्जा धारियों से कब्जा मुक्त कराया गया है।

इस मौके पर राजस्व टीम के अनिरुद्ध चौहान, शक्ति चौधरी, रोहित पवार, जितेन्द्र प्रताप व हल्का लेखपाल यशवीर सिंह तथा कानूगो नरेश कुमार मौजूद रहे।

# देश विरोधी पोस्ट करने का आरोपी गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** सोशल मीडिया पर एक स्क्रीनशॉट वायरल हुआ, जिसमें इंस्टाग्राम आइडी से विरोधी देश के समर्थन में टिप्पणी एवं विरोधी देश के झण्डे को प्रदर्शित किया जा रहा है। उक्त स्क्रीनशॉट का तत्काल संज्ञान लेकर जांच की गयी तो उक्त इंस्टाग्राम आइडी के संचालक के रुप में शहबाज उर्फ सुलतान पुत्र मौ. युसुफ निवासी मौ. पीर का बाजार कस्बा थाना स्योहारा की हुई, जिसकी संबद्ध धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करते हुए गिरफ्तसार कर न्यायालय भेजा गया है।

## एक नजर

### सरोज बाला बनी नोटेरी अधिवक्ता



**शेरकोट।** नगर निवासी महिला एडवोकेट को नोटेरी के रूप नियुक्त करने पर परिजनों में खुशी का माहौल है। उप विधिक सलाहकार विधि एवं न्याय मंत्रालय विधि कार्य विभाग द्वारा जारी नियुक्ति पत्र में नगर के मोहल्ला चौधरियान निवासी सरोज बाला पत्नी लक्ष्य कुमार को सिविल कोर्ट बिजनौर में नोटेरी के रूप में 5 वर्षो के लिए नियुक्त किया गया।

### आठवीं पास महिलाएं भी कर सकेगी आईटीआई

**बिजनौर।** राजकीय आईटीआई बिजनौर के नोडल प्रधानाचार्य मंजुल मयंक ने बताया कि ऐसी महिलाएं जिन्होंने कक्षा 8 की परीक्षा पास की है तथा जिनकी आयु 14 वर्ष हो गई है वे भी आईटीआई में प्रवेश लेकर प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार के अवसर बढ़ा सकती है। इसके लिए राजकीय आईटीआई बिजनौर में स्विंग टेक्नोलॉजी की 40, राजकीय आईटीआई अफजलगढ़ में ड्रेस मेकिंग की 40, राजकीय आईटीआई धामपुर में ड्रेस मेकिंग की 40 , राजकीय आईटीआई नगीना में सीविंग टेक्नोलॉजी की 40 तथा राजकीय आईटीआई नजीबाबाद में सीविंग टेक्नोलॉजी की 40 सीट प्रवेश हेतु उपलब्ध है, जिनके लिए एडमिशन प्रक्रिया जारी है। एडमिशन लेने के लिए www.scvtup.in पर एडमिशन फॉर्म ऑनलाइन करना होगा, जिसमें बिना किसी प्रवेश परीक्षा के कक्षा 8 की मेरिट के आधार पर एडमिशन हो जाएगा। इस एक वर्षीय प्रशिक्षण के दौरान सामान्य एवं पिछड़ी जाति की महिलाओं को रुपए 40 प्रति माह प्रशिक्षण शुल्क देना होगा तथा अनुसूचित जाति के लिए कोई शुल्क निर्धारित नहीं है। इसकी विस्तृत जानकारी राजकीय आईटीआई बिजनौर के प्रधान सहायक राकेश शर्मा से ली जा सकती है।

### क्रोध विनाश का कारण: शिवांशु महाराज



**नहटौर।** मां चामुंडा धाम परिसर में श्री भागवत कथा के तीसरे दिन कथा व्यास शिवांशु महाराज ने कहा कि मनुष्य का क्रोध विनाश का कारण बनता है। जीवन में मनुष्य को कभी क्रोध नहीं करना चाहिए। साथ ही उन्होंने बताया कि क्रोध के कारण मनुष्य अपना काफी नुकसान कर लेता है। साथ ही उन्होंने प्रहलाद भक्त नरसिंह भगवान की विस्तार से प्रसंग सुनाए। उन्होंने कहा कि जीवन को सार्थक बनाने के लिए असत्य, क्रोध, ईर्ष्या नहीं करनी चाहिए। यह सब विनाश का कारण होता है। साथ ही हमेशा मनुष्य को सत्य पर रहना चाहिए। सत्य की हमेशा विजय होती है। इस अवसर पर कथा से पूर्व पुरोहित द्वारा कथा की यजमान रमन गोयल पत्नी अंजू गोयल, बालेश तायल पत्नी रचना तायल ने धार्मिक अनुष्ठान क्रियाओं के साथ पूजा अर्चना कराई। मुकेश गुप्ता, प्रदीप अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, पवन अग्रवाल, सुभाष सैनी, रतन सैनी, नीरज, पायल अग्रवाल, राहुल चौधर,ी मीरा अग्रवाल, डॉ. शशांक गौतम, पुष्पेंद्र शर्मा, अरविंद जोशी आदि महिला पुरुषों ने भारी संख्या में कथा में भाग लिया।

# ऑपरेशन सिंदूर पर दिया गया अंग्रेजी भाषण रहा प्रशंसनीय



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** कोतवाली ब्लॉक व नगीना नगर क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों के बच्चों के बीच अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता का आयोजन बीआरसी पुरैनी पर हुआ, जिसमें विभिन्न विद्यालयों के 50 बच्चों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया और अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया।

परिषदीय विद्यालयों के बच्चों में अंग्रेजी के ज्ञान कौशल व आत्मविश्वास की वृद्धि के लिए खण्ड शिक्षा अधिकारी इंद्रजीत सिंह के निर्देश पर कोतवाली ब्लॉक व नगर क्षेत्र नगीना के बच्चों की अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता का आयोजन बीआरसी पुरैनी पर किया गया, जिसमें परिषदीय विद्यालयों विशेषकर ग्रामीण परिवेश के बच्चों ने अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता में आत्मविश्वास के साथ बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस प्रतियोगिता में यूपीएस रजपुरा की छात्रा भावना शर्मा व शिल्पी चौहान द्वारा ऑपरेशन सिंदूर पर दिए गए अंग्रेजी भाषण की सभी ने प्रशंसा की।

इस मौके पर विभिन्न विद्यालयों के 50 छात्र छात्राओं ने प्रतियोगिता में भाग लिया। अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता में विषय वस्तु, स्पष्टता, उच्चारण, हाव भाव व समय के आधार पर अंक निर्धारित किये गए थे। वरिष्ठ शिक्षक विनोद शर्मा व अशोक कुमार के दिशा निर्देशन में निर्णायक मंडल में नोडल संकुल शिक्षक मनीष राणा, नीरज वर्मा, सुधीर कुमार, गजाला रूही, प्रेमलता, नीलम सिंह, कल्पना रानी रहे।

# किसानों की गन्ना फसल का सर्वे जारी

## सर्वे कार्य में लगी टीम की सराहना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री गन्ना कृषक विशेष प्रशिक्षण अभियान के अंतर्गत चलाए जा रहे किसानों की गन्ना फसल के सर्वे के कार्य में किसानों को विशेष जानकारी उपलब्ध कराने के साथ-साथ गन्ना सर्वे अभियान जारी है। जिसके अंतर्गत आज सहकारी गन्ना विकास समिति के गन्ना परिषद से सीनियर ज्येष्ठ विकास निरीक्षक विश्वामित्र पाठक व उनकी मिल व राजकीय गन्ना पर्यवेक्षक टीम द्वारा किसानों के गन्ना फसल का सर्व निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने वेव शुगर मिल धनोरा के ग्राम शेखपूरी मीना और मिर्जापुर बकैना में सर्वे जाँच कार्य में सर्वे टीम के अपने कार्य में लगे हुए मिलने पर उनकी सराहना की तथा राजकीय स्टाफ और चीनी मिल स्टाफ द्वारा गन्ना कृषकों को सर्वे स्लिप जारी किये जाने के लिए भी निर्देशित किया। श्री पाठक व उनकी टीम ने कृषक अजित कुमार बागड़पुर का प्लाट देखा। खेत मे टॉप बोरर कंट्रोल हेतु फेरामन ट्रैप लगाया गया हैं। साथ ही ग्राम शेखपुरी मीना में किसान युद्धवीर सिंह के गन्ना खेत प्लाट में ट्रेंच विधि से बुवाई पेड़ी फसल को भी देखा। तत्पश्चात दोपहर को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री के गन्ना कृषक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत गन्ना विकास परिषद चांदपुर / चीनी मिल धनोरा के ग्राम सराय में मास्टर ट्रेनर द्वारा कृषक प्रशिक्षण आयोजित किया गया, जिसमें मास्टर ट्रेनर परमजीत सिंह (गन्ना पर्यवेक्षक) ने गन्ना समिति के खाद गोदामों पर उपलब्ध विभिन्न कृषि प्रकार के निवेश के बारे में जानकारी दी। शुगर मिल धनोरा के वरिष्ठ गन्ना प्रबंधक नरेंद्र सिंह और आशीष यादव नें गन्ने में लगने वाले विभिन्न रोग एवं कीट यथा टॉप बोरर, अर्ली शूट बोरर, पाईरिला, लाल सड़न, विल्ट आदि रोग के लक्षण, बचाव के विभिन्न प्रकार के तरीकों संबंध में प्रभावित टिलर्स को प्रदर्शित करते हुए एवं फेरोमेन ट्रैप, लाइट ट्रैप, शूट कटिंग, चीनी मिल से दिए जाने वाली सुविधाएं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

गन्ना समिति चांदपुर द्वारा समिति में स्थापित फार्म मशीनरी बैंक की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक नें विभाग द्वारा संचालित विभागीय योजनाओं एवं बैंक, जैविक खेती, गन्ने की पत्तियों की मल्चिंग करने, गन्ने में ड्रिप सिंचाई, गन्ने की बुआई की ट्रेंच, रिंग पिट विधियाँ, सहफसली खेती की महत्ता, मृदा स्वास्थ, फसल चक्र, स्वीकृत प्रजातियों की बुआई पर जानकारी देकर कृषकों को प्रशिक्षित किया। ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक द्वारा सभी कृषकों को अवगत कराया कि वर्तमान परिदृश्य में आय दुगनी करने का एकमात्र विकल्प पंचामृत विधि से खेती करना ही रह गया है। पंचामृत विधि से खेती करने के सभी अवयव, ट्रेंच, ड्रिप सिचाई, इंटरक्रॉपपिंग, रटून मैनेजमेंट और ट्रेस मूलचिग सभी विधियां प्रभाव शाली हैं। प्रशिक्षण में कृषकों सहित सर्किल गन्ना पर्यवेक्षक एवं चीनी मिल स्टॉफ भी मौजूद रहे। गन्ना सर्वे कार्य में लगी टीम द्वारा समय पर किए जा रहे गन्ना सर्वे कार्य में किसानों के द्वारा मिल रहे सहयोग पर ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक चांदपुर विश्वामित्र पाठक ने मुख्यमंत्री कृषक विशेष प्रशिक्षण अभियान के अंतर्गत किसानों को गन्ने की उन्नत फसल के साथ-साथ साथ सह फसली फसलों की बुवाई हेतु भी प्रेरित किया।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**देशद्रोह:**

थी। ज्योति तीन बार पाकिस्तान की यात्रा कर चुकी है, जिसके कारण भारत की सुरक्षा एजेंसियों की उस पर नजर थी। ज्योति के खिलाफ हिसार के सिविल लाइन थाने में मामला दर्ज किया गया है। हिसार निवासी ज्योति अविवाहित है। उसने बीए तक की पढ़ाई की है। वह अधिकतर समय दिल्ली में रहती है। छह मई को वह हिसार से दिल्ली गई थी। ज्योति के पिता हरीश कुमार मल्होत्रा बिजली निगम से सेवानिवृत्त हैं। ज्योति का पासपोर्ट 22 अक्टूबर 2018 को बना था। यह 21 अक्टूबर 2028 तक वैध है। ज्योति और उनके पिता के खिलाफ पुलिस में कोई पुराना मामला दर्ज नहीं है।

ज्योति सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती है। फेसबुक और यूट्यूब पर उसके तीन लाख से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। पिछले दो-तीन वर्षों से वह 'ट्रैवल विद जो' नाम से यूट्यूब चैनल चलाती है, जिसमें देश-विदेश की यात्राओं के वीडियो बनाती है। पहले वह गुरुग्राम की एक निजी कंपनी में काम करती थी, लेकिन कोविड के दौरान उसे नौकरी से हटा दिया गया। इसके बाद वह ब्लॉगर बन गई। ज्योति जिस भी देश में जाती है। वहां की खास जगहों और खाने और संस्कृति से जुड़ी वीडियो बनाती हैं और उन्हें अपलोड करती हैं। ज्योति के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर व्यूज भी काफी आते हैं। ज्योति की वीडियो में पाकिस्तान से जुड़े वीडियो भी हैं। इसके अलावा ज्योति ने हाल में ही हुए क्रिकेट वर्ल्ड कप के दौरान भारत और पाकिस्तान के बीच खेले गए मैचों पर दर्शकों की प्रतिक्रिया वाले वीडियो भी बनाकर अपलोड किए थे। इसमें पाकिस्तान से आए हुए लोगों से बातचीत की वीडियो भी है। इसके अलावा ज्योति ने कश्मीर टूअर पर भी वीडियो बनाए हुए हैं, जिसमें सेना के लोगों को भी फिल्माया गया है।

# पूरा उप्र आया तपिश और लू की चपेट में

**जिलों में अधिकतम तापमान 45 डिग्री के पार, 46.2 डिग्री सेल्सियस के साथ बांदा देशभर में सबसे गर्म रहा**

**लखनऊ ।** प्रदेश भीषण गर्मी से तप रहा है। कई जिलों में अधिकतम तापमान 45 डिग्री के पार चला गया। 46.2 डिग्री सेल्सियस के साथ बांदा देशभर में सबसे गर्म रहा। वहीं, मौसम विभाग के मुताबिक शनिवार को दक्षिणी यूपी, बुंदेलखंड के साथ ही आगरा और अलीगढ़ क्षेत्र में गर्मी और लू का प्रकोप और बढ़ने की आशंका है। इसके अलावा शुक्रवार को बहराइच, बलरामपुर में बूंदाबा. दी हुई।

शनिवार के लिए मौसम विभाग ने प्रदेश के पूर्वी, दक्षिणी और बुंद. लखंड के 22 जिलों के लिए लू की चेतावनी जारी की है। तराई के आठ जिलों में बूंदाबांदी की संभावना है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बांदा के सबसे गर्म होने का कारण बताया कि मध्य भारत के ऊपर प्रति चक्रवात की वजह से गर्म हवाओं का अधोगमन है। रेडिएटिव हीटिंग और संवेदी ऊष्मन साथ-साथ हो रहा है। गरम पछुआ भी तपिश में इजाफा कर रही है। बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर एवं आसपास के इलाकों में लू की चेतावनी जारी की गई है। देवरिया, गोरखपुर, संतकबीर नगर, बस्ती, कुशीनगर, महराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर व आसपास के इलाकों में बूंदाबांदी की संभावना जताई गई है।

# कश्मीर में संघर्ष विराम उल्लंघन की कोई रिपोर्ट नहीं: उमर

**श्रीनगर, वार्ता**



जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने शनिवार को कहा कि केंद्र शासित प्रदेश में अंतर्राष्ट्रीय सीमा (आईबी) या नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर संघर्ष विराम उल्लंघन की कोई रिपोर्ट नहीं है। मुख्यमंत्री ने यहां पत्रकारों से कहा कि जम्मू-कश्मीर में अंतर्राष्ट्रीय सीमा और नियंत्रण रेखा पर संघर्ष विराम के उल्लंघन की अभी कोई रिपोर्ट नहीं है।

उन्होंने कहा कि सीमा पर हाल हुए संघर्ष के कारण नुकसान का आकलन किया जा रहा है और एक बार नुकसान आकलन रिपोर्ट तैयार हो जाने के बाद सरकार उसके अनुसार ही मुआवजे की रिपोर्ट तैयार करेगी। अब्दुल्ला ने कहा कि हम अपने स्तर पर जो कुछ भी कर सकते हैं, करेंगे और जहां भी हमें केंद्र सरकार की मदद की जरूरत होगी, मदद ली जाएगी। 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर विदेशी देशों में प्रतिनिधिमंडल भेजने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सही कदम है। उन्होंने इसे भारत का पक्ष अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रखने का अच्छा मौका बताया और याद दिलाया कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के समय संसद हमले के बाद भी ऐसा ही किया गया था। उन्होंने कहा कि बड़ी पार्टियों के नेता इन प्रतिनिधिमंडलों में शामिल होंगे। अब्दुल्ला ने माना है कि पर्यटन क्षेत्र को जम्मू-कश्मीर को काफी नुकसान हुआ है और कहा कि इस बार की गर्मी के मौसम में बहुत कम पर्यटक आए हैं। अब सरकार का ध्यान अमरनाथ यात्रा को शांतिपूर्वक और सुरक्षित तरीके से सम्पन्न कराने पर है। यात्रा के बाद वे पर्यटन को फिर से बढ़ावा देने की योजना बनाएंगे।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314

मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290

R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# दबिश के दौरान सिपाही की मौत

## तार टूटकर गिरने से पानी में फैला करंट, पुलिस विभाग में शोक


मृतक सिपाही मनोज


घायल सिपाही गंगाराम


पकड़ा गया बदमाश नीरज



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** दबिश के दौरान हादसे में सिपाही की मौत हो गई। जबकि एक अन्य सिपाही मामूली रूप से घायल हो गया। घटना से पुलिस विभाग में शोक की लहर दौड़ गई है। पुलिस ने बदमाशों को भी पकड़ लिया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार कल धीर सिंह पुत्र सुरेश निवासी सिरकड़ी, थाना नांगल, जनपद सहारनपुर की इसी एक्ट के मुकदमा अपराध संख्या 754/2008, थाना मण्डावर की जमानत हुई थी। धीर सिंह की जमानत के बाद साथियों के साथ नीरज के चक्कर चौराहे पर स्थित घर पर शराब पी गई। इसके बाद नीरज अपनी स्विफ्ट डिजायर कार से दो साथियों को चक्कर चौराहे से बस में बिठाने के लिए ले गया। वहां से वह वापस कमरे में आ गया। इसके बाद सभी लोग कार से नगीना गए और धीर सिंह के अधिवक्ता को उसके घर ग्राम हैजरपुर, नगीना में



छोड़ दिया। वहां से वीरू, नीरज, मनीष व राजवीर कार से बिजनौर वापस आए और चक्कर चौराहे के पास उनकी कार की साइड एक डम्पर से लग गई। साइड लगने के बाद कार सवारों का ट्रक ड्राइवर से झगड़ा हो गया। वीरभान उर्फ वीरू के मुताबिक मौके पर भीड़ एकत्र हो गई। भीड़ को देख कर मनीष व राजवीर वहां से निकल गए। जबकि नीरज व वीरू भी हवाई फायरिंग कर वहां से भाग खड़े हुए। फायरिंग की सूचना भीड़ में मौजूद किसी व्यक्ति के द्वारा कंट्रोल रूम को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हो गई। पीआरवी व स्थानीय पुलिस के द्वारा वाहनों की चैकिंग शुरू कर दी गई। चैकिंग के दौरान सामने से पीआरवी को आता देख कर बदमाशों ने भागने के लिए अपनी कार घूमा ली। इस दौरान पीआरवी ने उनका पीछा किया। स्टेयरिंग से नियंत्रण खो देने की वजह से कार सालमाबाद नहर की पटरी पर बिजली के खम्भे से टकराकर नहर में गिर गई। खम्भे से हाईवोल्टेज विद्युत लाइन का तार टूटकर नीचे नहर में गिर गया। जिससे नहर में करंट फैल गया। कार में सवार नीरज व वीरभान उर्फ वीरू कार से कूदकर भाग खड़े हुए। नीरज नहर में कूद गया। सिपाही मनोज व हैड कांस्टेबिल गंगाराम भी बदमाशों को पकड़ने के लिए नहर में कूद गए उन्हें नहीं पता था कि नहर में करंट फैल गया है। मौके पर भीड़ एकत्र हो गई और पीछे से पुलिस की अन्य टीमें भी आ गई। सिपाही मनोज एवं गंगाराम सहित बदमाश नीरज पुत्र हेतराम निवासी ग्राम झाल, थाना हीमपुर दीपा को नहर से निकाल कर अस्पताल पहुंचाया गया। वहां पर मनोज की मौत हो गई। हालांकि उसकी जान बचाने का हर संभव प्रयास किया गया। इस दौरान अस्पताल में पुलिस के सभी वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। सिपाही नीरज की मौत से विभाग में शोक की लहर दौड़ गई। बागपत निवासी सन् 2016 की बैच का सिपाही मनोज की पत्नी व पांच वर्ष का बेटा है। पुलिस ने रात में ही मनोज के ग्राम हैवा (बागपत) में परिजनों को घटना की सूचना दे दी थी। परिजन तड़के ही यहां पहुंच गए थे। पुलिस लाइन में सिपाही मनोज को अंतिम सलामी दी गई। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक सहित अन्य अधिकारी व नेता मौजूद थे।

दूसरी तरफ मौके से पकड़ा गया बदमाश नीरज थाना हीमपुर दीपा का हिस्ट्रीशीटर बदमाश है। दूसरा बदमाश वीरभान उर्फ वीरू पुत्र भूरे निवासी ग्राम बेगमपुर, थाना कांठ, जनपद मुरादाबाद को पुलिस ने मुठभेड़ में घायल अवस्था में गिरफ्तार किया है।

उसके पास से हथियार व कारतूस भी बरामद किए गए है। पुलिस ने मनीष व राजवीर को भी हिरास्त में ले लिया है। पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है।

# अनुदानित मदरसों की प्रशासन योजना के मांगे प्रस्ताव, चेतावनी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद के रजिस्टार ने अनुदानित मदरसों की प्रशासन योजना के प्रस्ताव 15 दिन के अंदर मांगते हुए इसका पालन न करने पर कार्यवाही की चेतावनी दी है।

प्राप्त समाचार के अनुसार रजिस्टार व निरीक्षक आरपी सिंह ने इस संबंध में सभी जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारियों एवं अनुदानित मदरसों के प्रबंधकों सहित अनय अधिकारियों को भेजे पत्र में कहा है कि 23 अप्रैल को सभी जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारियों को उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद द्वारा अनुमोदित प्रारूप को दृष्टिगत रखते हुए मदरसों की प्रशासन योजना का प्रस्ताव 15 दिवस के भीतर परिषद में उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए गए थे। विनियमावली में स्पष्ट प्राविधान होने के बावजूद भी अनुदानित मदरसों द्वारा प्रशासन योजना के प्रस्ताव प्रेषित न किए जाना शासकीय आदेशों का उल्लंघन है। पत्र में कहा गया है कि इतने महत्वपूर्ण बिन्दू पर संस्थाओं द्वारा रूचि न लिए जाने से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि जानबूझ कर शासन के आदेशों की अवहेलना की जा रही है।

### पन्द्रह दिन का समय

पत्र में चेतावनी देते हुए कहा गया है कि यदि 15 दिवस में प्रशासन योजना के प्रस्ताव परिषद कार्यालय में उपलब्ध नहीं कराए जाते है, तो ऐसे मदरसों के विरूद्ध नियमानुसार कठोर कार्यवाही हेतु शासन को अग्रसारित कर दिया जाएगा। पत्र में कहा गया है कि ऐसे मदरसे जिन में प्रबंधकीय विवाद है, से संबंधित सूचना उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद द्वारा अनुमोदित प्रारूप को दृष्टिगत रखते हुए प्रत्येक दशा में 19 मई तक परिषद कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। ऐसे मदरसे जिनके द्वारा प्रशासन योजना का प्रस्ताव उपलब्ध नहीं कराया जाएगा, उनके विरूद्ध कार्यवाही का प्रस्ताव भी जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारियों से मांगा गया है।

इधर जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने मदरसा मिफताहुल उलूम, चांदपुर के प्रबंधक को पत्र भेज कर उनसे आठ बिंदुओं पर जवाब मांगा गया है। शिकायत कर्ता इफ्तेखार कुरैशी को भी पत्र की प्रति दी गई है।

## एक नजर

### चांदपुर में रियाज व जुनैद अरेस्ट

**बिजनौर।** चांदपुर पुलिस ने ग्राम अकौंधा निवासी रियाज पुत्र नफीस एवं जुनैद पुत्र निजामुद्दीन को गिरफ्तार किया है। 12 मई को ग्राम अकौंधा निवासी इरशाद पुत्र रमजानी ने थाना चांदपुर में तहरीर दी थी कि जुनैद व रियाज ने उसके घर में घुस कर भतीजी के साथ बलात्कार करने का प्रयास किया। वादी ने दोनों को मौके पर ही पकड़ लिया। इसका विरोध करते हुए जुनैद के परिजनों ने वादी के साथ मारपीट की। पुलिस ने पॉक्सो एक्ट सहित अन्य गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी।

### नहटौर में हसीन व हासम अरेस्ट

**बिजनौर।** नहटौर पुलिस ने मौहल्ला अफगानान निवासी हसीन अहमद पुत्र अनीस अहमद एवं ग्राम बैरमनगर निवासी हासम उर्फ पैटी पुत्र तौकीर को अवैध हथियारों व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी उसे कार संख्या यूके 07 बीक्यू 0788 भी बरामद की गई है।

### चांदपुर में सुनील गिरफ्तार

**बिजनौर।** थाना चांदपुर में आज वादी ने तहरीर दी थी कि अज्ञात चोर ने उसके खेत में मौजूद ट्यूबवैल से स्टार्टर चोरी कर लिया। साथ ही आसपास के चार ट्यूबवैलों से भी स्टार्टर चोरी किए गए। चांदपुर पुलिस ने धारा 303 (2) बीएनएस में अभियोग पंजीकृत किया था। पुलिस ने इस मामले में सुनील पुत्र काशीराम निवासी ग्राम फिरोजपुर बगड़, थाना बछरायु, जनपद अमरोहा को चोरी किए गए सामान, उपकरण व कार के साथ गिरफ्तार किया है। उपनिरीक्षक शादाब अहमद ने बताया कि सुनील के खिलाफ आबकारी अधिनियम एवं आयुद्ध अधिनियम में थाना बछरायु में पूर्व से अभियोग पंजीकृत है।

# जैन विद्या मंदिर में नुमाइश को लेकर सवाल

## शासन के आदेशों की अवहेलना, मुख्य मार्ग पर नुमाइश से जाम की समस्या





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** नहटौर में शहर के बीचों बीच मुख्य मार्ग पर स्थित जैन विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में लगाई जा रही नुमाइश को लेकर सवाल उठ रहे हैं। अधिकारियों के द्वारा नुमाइश को लेकर अनुमति देने का मामला चर्चाओं में है।

गौरतलब है कि नहटौर में एजेंसी चौराहे के समीप मुख्य मार्ग पर जैन विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज है। यह मार्ग हर वक्त व्यस्त रहता है। रात में सबसे ज्यादा भारी वाहन इसी मार्ग से गुजरते हैं। लेकिन अधिकारियों ने कॉलेज मैदान के अंदर नुमाइश लगाने की अनुमति दे दी है। वर्तमान में कॉलेज में पढ़ाई चल रही है। इसके बावजूद कॉलेज के मैदान में विशाल झूला व मौत का कुंआ बन कर तैयार हो गया है। जबकि देश में हुए कई हादसों के बाद मौत का कुआं लगाने की अनुमति नहीं दी जाती है। कॉलेज के मैदान में चारों तरफ सामान रखा हुआ है और दुकानें लग रही है। जिससे शिक्षण कार्य प्रभावित हो रहा है।

इस संबंध में उत्तर प्रदेश शासन के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने छह जून सन् 2023 को सभी जिला अधिकारियों को आदेश भेज कर विभिन्न रिट याचिकाओं का हवाला देते हुए स्पष्ट दिशा निर्देश दिए थे। साथ ही इसके लिए एक कमेटी भी बनाई गई थी। जिसमें जिला अधिकारी को अध्यक्ष, मुख्य विकास अधिकारी को उपाध्यक्ष, जिला विद्यालय निरीक्षक को सदस्य सचिव, वित्त एवं लेखा अधिकारी को सदस्य एवं विद्यालय के प्रबंधक व प्रधानाचार्य को सदस्य बनाया गया था। जिसमें सभी व्यवस्थाओं के संबंध में स्पष्ट आदेश दिए गए थे।

# गर्मी में राहगीरों को पिलाया पानी




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** हर साल की तरह गर्मियों में फिर से एक बार ऑल इंडिया पायामे इंसानियत फार्म यूनिट नगीना की तरफ से नि:शुल्क पानी का एक कैंप नगीना रोडवेज बस स्टैंड के सामने लगाया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार चिलचिलाती धूप और गर्मी में जहां एक तरफ राहगीर और आने जाने वाले लोग प्यास के शिद्दत से परेशान थे। वहीं ऑल इंडिया पायामे इंसानियत ने पानी का एक नि:शुल्क कैंप लगाकर आने जाने वाले राहगीरों को ठंडा पानी पिलाकर कुछ राहत देने का काम किया। इसमें रोडवेज बस, प्राइवेट बस, रिक्शा चालक, फोर व्हीलर वाले, टू व्हीलर वाले और आम आने जाने वाले लोगों ने यह ठंडा पानी पीकर ऑल इंडिया पायामें इंसानियत फार्म यूनिट नगीना के लोगों को दिल से दुआएं दी। इस मौके पर यूनिट के जिम्मेदार मुफ्ती फौजैल साहब ने बताया किसी को एक घूंट पानी पिलाना बहुत बड़ा पुण्य का काम है। इसलिए हमें और सामाजिक संस्थाएं भी इस काम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लें और अपनी-अपनी जिम्मेदारियां निभाने की कोशिश करें।

इस मौके पर समाजसेवी हाजी तंजील आलम ने कहा कि इन कैंपों का लगाने का मकसद ऑल इंडिया पायामे इंसानियत फर्म द्वारा पूरे हिंदुस्तान में ये कैंप लगाए जा रहे हैं। उसी क्रम में यह कैंप एक नगीना रोडवेज बस स्टैंड पर भी लगाया है। उन्होंने बताया कि इनका मकसद आपसी भाईचारा कायम करना, प्यार मोहब्बत बढ़ाना, एक दूसरे के दुख दर्द में काम आने की सीख देते हैं। उन्होंने बताया की ऑल इंडिया पायामे इंसानियत फार्म पूरे हिंदुस्तान में गर्मियों में नि:शुल्क पानी का कैंप, सर्दियों में लोगों को नि:शुल्क चाय का वितरण कंबल और लिहाफ का वितरण करती रहती है। उन्होंने बताया कि इसी क्रम में जेल में जिनकी सजा पूरी हो चुकी हैं और वह कुछ जुर्माना न भरने की बिना पर परेशान कैदियों को उनको जुर्माना भरकर उनको रिहाई दिलाने का काम भी करती है।

इस मौके पर मौलाना आमिर साहब ने ऑल इंडिया पायामे इंसानियत यूनिट नगीना के जितने भी जिम्मेदारों ने इस कैंप में हिस्सा लिया और रोडवेज बस स्टैंड पर आसपास के दुकानदारों ने भी हाथ बटाया उसका मौलाना आमिर साहब ने शुक्रिया अदा किया।

इस मौके पर कफील, सलीम, मौहम्मद अरबाज, मौहम्मद आमिर, मौहम्मद बाकर, मौहम्मद अरमान, तैयब आलम, मुफ्ती फौजैल, समाज सेवी हाजी तंजील आलम और रोडवेज बस स्टैंड के दुकानदार मौजूद रहे।

# भाजपा नेता प्रिंस चौधरी के बुढ़नपुर आवास पर छापा

## जीएसटी की टीम ने लगभग पांच घंटे तक की जांच, जवाब मांगा







**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जनपद के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं विधानसभा चुनाव में टिकट के मजबूत दावेदार प्रिंस चौधरी के स्योहारा थाना क्षेत्र में बुढ़नपुर स्थित आवास पर आज सुबह सवेरे जीएसटी की टीम ने छापा मारा। बताया जाता है कि प्रिंस चौधरी को नोटिस देकर उनसे जवाब मांगा गया है।

गौरतलब है कि बुढ़नपुर निवासी वरिष्ठ भाजपा नेता प्रिंस चौधरी की पकड़ बिजनौर से लेकर लखनऊ व दिल्ली में मौजूद पार्टी के वरिष्ठ नेताओं तक है। उन्हें विधानसभा चुनाव में टिकट का प्रबल दावेदार भी माना जाता है। जिसकी वजह से कई भाजपा नेता उनसे रंजिश रखते है। वह नहीं चाहते है कि प्रिंस चौधरी आगे बढ़े। भाजपा नेताओं को डर लगता है कि अगर एक बार चुनाव लड़ कर प्रिंस चौधरी विधायक बन गए, तो उनकी राजनीति का बोरिया बिस्तर बंध जाएगा। इसी लिए वह बार-बार प्रिंस चौधरी को घेरने की कोशिश करते हैं। प्रिंस चौधरी के द्वारा झालू में गोलबाग पर मुरादाबाद हाईवे के किनारे आलीशान होटल बनाया जा रहा है। यह होटल दूसरे भाजपा नेताओं की आंखों में खटक रहा है।

इस बीच जीएसटी की टीम आज सुबह स्योहारा-नूरपुर मार्ग पर ग्राम बुढ़नपुर में स्थित भाजपा नेता प्रिंस चौधरी के आवास पर पहुंची। टीम के सदस्य कई गाड़ियों से आए थे। टीम के सदस्य गाड़ियां बाहर ही खड़ी कर अंदर आवास में घुस गए। वह अपने साथ मशीनें व बोरियां भी लेकर आए थे। लगभग पांच घण्टे तक टीम ने उनके घर के अंदर जांच की। इस दौरान पूरे जनपद में छापे की खबर तेजी के साथ फैल गई। टीम गाड़ियों पर भारत सरकार लिखा हुआ था। कुछ गाड़ियों पर उत्तराखण्ड का पंजीयन नम्बर था। लगभग पांच घण्टे तक टीम जांच करने के बाद वहां से चली गई। हालांकि छापे की सूचना के बाद पूरे जनपद से मीडियाकर्मियों की टीम बुढ़नपुर पहुंच गई थी। लेकिन किसी भी अधिकारी ने मीडियाकर्मियों से बात नहीं की। जिससे मीडियाकर्मियों को छापे के बारे में सही जानकारी नहीं मिल पाई।

दूसरी तरफ वरिष्ठ भाजपा नेता प्रिंस चौधरी ने बताया कि गोलबाग में उनका होटल बन रहा है। विरोधियों को उनके बढ़ते कद व होटल से जलन हो रही है। उन्होंने ही झूठी शिकायतें कर छापा लगवाया है। उन्हें नोटिस देकर मेरठ कार्यालय में जवाब देने के लिए बुलाया गया है। उनका जीवन बिल्कुल साफ-सुथरा है और वह सबूतों के साथ जवाब देंगे।

उन्होंने कहा कि मैं कभी भी किसी के खिलाफ साजिश नहीं रचता हूं। मेरा काम समाज की सेवा करना है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# समाधान दिवस को लेकर डीएम गंभीर

## मौके पर जांच के निर्देश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** डीएम श्रीमती जसजीत कौर ने संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों के समाधान के लिए त्वरित कार्रवाई करते हुए चकरोड के विवाद संबंधित दो मामलों में राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों की संयुक्त टीम बनाकर तत्काल मौके पर जांच करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की प्राथमिकता तहसील दिवस, जन सुनवाई, जनता दर्शन एवं आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों पर है। सभी अधिकारी उनका निस्तारण पूर्ण गुणवत्ता एवं मानक के अनुरूप करना सुनिश्चित करें। इस बात का भी विशेष ध्यान रखा जाए कि शिकायत के निस्तारण से शिकायतकर्ता का भी संतुष्ट होना अनिवार्य है।

डीएम श्रीमती जसजीत कौर ने आज सदर तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी को प्रातः दस बजे से 12 बजे तक अपने कार्यालय में बैठकर जन सामान्य की शिकायतों की सुनवाई करना सुनिश्चित करना है। उनका पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारण करें। उन्होंने कहा कि सभी जनपद स्तरीय अधिकारियों को अपनी विभागीय शिकायत पंजिका को मेंटेन भी रखना है। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी प्राप्त शिकायतों को पूर्ण गुणवत्ता और मानक के साथ निस्तारित करना सुनिश्चित करें और शिकायतकर्ता की संतुष्टि भी निश्चित रूप से प्राप्त कर लें। शिकायतकर्ता को संतुष्ट किये बिना शिकायत का निस्तारण स्वीकार्य नहीं होगा। उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि यदि किसी शिकायत का निस्तारण किया जाना सम्भव नहीं है, तो उसका स्पष्ट कारण लिखते हुए शिकायतकर्ता को अवगत कराया जाए, ताकि वह अपनी शिकायत को पुनः प्रेषित न कर सके। उन्होंने निर्देश दिये कि वर्तमान और लंबित शिकायतों का निस्तारण पूर्ण गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित करते हुए शिकायतकर्ता की संतुष्टि भी आख्या के साथ संलग्न करना सुनिश्चित करें।

आज तहसील दिवस के मौके पर कुल 35 शिकायतें दर्ज की गयीं। जिनमें चार शिकायतों का मौके पर ही विभागीय अधिकारियों के माध्यम से निराकरण करा दिया गया तथा शेष के गुणवत्तापरक व समयबद्ध निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक, उप जिलाधिकारी सदर अवनीश कुमार एवं तहसीलदार सदर अमरपाल सिंह के अलावा सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

# संपूर्ण समाधान दिवस में बड़ी उम्मीदों के साथ पहुंचे फरियादी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** संपूर्ण तहसील समाधान दिवस में कुल 44 शिकायतें दर्ज हुईं। अधिकारियों ने सभी शिकायतों के समय से निस्तारण करने के निर्देश दिए।

एसडीएम आशुतोष जयसवाल की अध्यक्षता में तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण तहसील समाधान दिवस में कुल 44 शिकायतें दर्ज हुईं। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने सभी शिकायतों के समय से व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए अधीनस्थों को निर्देशित किया। इस अवसर पर पुलिस क्षेत्राधिकारी डा. अंजनी कुमार चतुर्वेदी, तहसीलदार आशीष सक्सेना, नायब तहसीलदार अजब सिंह, राजकुमार सिंह, बीडीओ ज्योति चौधरी, एबीएसए इंद्रजीत सिंह, एसडीओ विधुत रामकेश सिंह, नगर पालिका ई.ओ. संदीप सक्सेना सहित सभी विभागों के अधिकारियों के अतिरिक्त सर्किल क्षेत्र के सभी थानों के प्रभारी मौजूद रहे।

## एक नजर

### कुलदीप सहित सात अरेस्ट

**बिजनौर।** जनपद में सात अभियुक्तों को विभिन्न न्यायालयों के आदेशों पर गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में शेरकोट का सुरेन्द्र, नीरज, मुकेश व मौहम्मद आसिम, मण्डावली का जोगेन्द्र व मलखान एवं कोतवाली शहर का कुलदीप सिंह शामिल है।

### धामपुर में चार गिरफ्तार

**बिजनौर।** धामपुर पुलिस ने विभिन्न न्यायालयों के आदेशों पर दयाराम, चंदपाल, लोकेन्द्र व सोनू को गिरफ्तार किया है।

### वाहन से टकराकर माहे की मौत

**कोतवाली देहात।** बांकपुर चौराहे के निकट वाहन से टकराकर एक माहे की मौत हो गई। मौके पर पहुंचे पशु चिकित्सक ने माहे का उपचार किया। लेकिन माहे को बचाया नहीं जा सका। शनिवार को एक कार बिजनौर की ओर जा रही थी। जैसे ही बांकपुर के चौराहे के निकट पहुंची वैसे ही तेज गति से सड़क पार कर रहे माहे से कार की टक्कर हो गई। जिससे माहा गिर गया। वाहन चालक ने कार रोक कर पशु चिकित्सक को सूचना दी। मौके पर पहुंचे पशु चिकित्सक ने माहे को प्राथमिक उपचार दिलवाया। लेकिन माहे की मौत हो गई। घटना की सूचना वन विभाग को दी।

### अशोक यादव फिर बने अध्यक्ष



**बिजनौर।** यूपी एजुकेशनल मिनिस्टीरियल ऑफिसर्स एसोसिएशन का द्विवार्षिक अधिवेशन एवं चुनाव पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुसार आज केके कोचिंग सेंटर ढेला अहीर, नूरपुर में चुनाव अधिकारी राकेश कुमार शर्मा जिला अध्यक्ष उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ एवं देशराज सिंह संरक्षक उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की देखरेख में हुआ। जिसमें सर्वसम्मति से अशोक कुमार यादव जिला अध्यक्ष, क्रांति कुमार शर्मा जिला मंत्री, अभिनव राणा कोषाध्यक्ष व विकास कुमार ऑडिटर निर्विरोध निर्वाचित हुए। जबकि वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर मतदान किया गया। जिसमें कुल 52 मत पड़े। आकाश यादव को 38 एवं रामेंद्र सिंह को 12 मत मिले। दो मत पत्र निरस्त हुए। इस प्रकार आकाश यादव वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर निर्वाचित घोषित किए गए। समस्त निर्वाचित पदाधिकारियों को विवेक यादव प्रांतीय अध्यक्ष यूपी एजुकेशनल मिनिस्टीरियल ऑफिसर्स एसो. के द्वारा शपथ दिलाई गई। वार्षिक अधिवेशन का शुभारंभ संघ के प्रांतीय अध्यक्ष द्वारा किया गया। अधिवेशन को संबोधित करते हुए विवेक यादव ने कहा कि सभी कर्मचारी संगठित होकर रहें तथा अपनी मांगों के लिए निरंतर संघर्ष करते रहें। राज्य कर्मचारी महासंघ के जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा ने कहा कि जनपद स्तर पर किसी भी कर्मचारी का अनावश्यक उत्पीड़न नहीं होना चाहिए। इसके लिए संघर्ष की आवश्यकता भी हो, तो भी पीछे नहीं हटना चाहिए। अधिवेशन को मनोज मलिक, निशांत यादव, देशराज सिंह, अभिषेक कुमार, धीरज चौधरी जिलाध्यक्ष उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद, हरि सिंह, नरेंद्र कुमार, बिजेंद्र सिंह, प्रताप सिंह आदि ने संबोधित किया। अधिवेशन में देवेंद्र चौहान, वीरेंद्र चौहान, पंकज कुमार, नीरज कुमार, अनुज शर्मा, बुध सिंह, अमित यादव आदि की उपस्थिति महत्वपूर्ण रही। कार्यक्रम का संयोजन विवेक यादव द्वारा कराया गया।

### बुलेट चालकों में मचा हड़कंप

**नगीना।** थाना नगीना पुलिस ने नगर में बुलेट बाइक से पटाखे की आवाज निकालकर दहशत फैलाने वाले बाइक सवारों पर कार्रवाई करते हुए तीन बुलेट बाइक सीज की हैं। तेज आवाज में बुलेट के साइलेंसर से पटाखे की आवाज निकालने वाले बाइक सवारों पर यह कार्रवाई की गई है। नगर में शांति व्यवस्था के मद्देनजर गश्त करते समय थाना प्रभारी नगीना तेजपाल सिंह ने तीन बुलेट बाइकों को सीज किया। इसके अलावा उन्होंने अन्य कई बाइक चालकों को यातायात के नियमों का पालन न करने पर कार्यवाही करने की चेतावनी दी।

### कांग्रेस जिलाध्यक्ष का स्वागत समारोह आज

**नगीना।** आज नगीना में कांग्रेस की लोकप्रिय जिलाध्यक्ष श्रीमती हैनरीता राजीव सिंह का स्वागत समारोह व कार्यकर्ता सम्मेलन ताज गार्डन निकट घास मंडी शेख मौहम्मद अंजार के निवास स्थान पर शाम छह बजे किया जाना है। कांग्रेस नेता शेख अंजार ने जनपद बिजनौर के सभी कांग्रेस के नेतागण, निवर्तमान पदाधिकारीगण, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, महिला कांग्रेस, सेवा दल, अल्पसंख्यक कांग्रेस व सभी फरन्टल/ प्रकोष्ट/ विभाग के जिलाध्यक्ष, नगर/ब्लॉक के अध्यक्षगण से अनुरोध किया कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना सहयोग दें।

### चार लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज

**नगीना।** ग्राम गांवडी थाना नगीना देहात निवासी कल्याण सिंह पुत्र रिशाल सिंह ने थाना नगीना में की शिकायत के अनुसार उसका लड़का रोहित कुमार जोकि अपने छोटे हाथी (गाड़ी) से परचून की फेरी लगाता है। 14 मई को शाम के आठ बजे अपनी गाड़ी से नगीना से ग्राम आ रहा था। जब वह मठेरी फाटक के पास पहुंचा तो धर्मेन्द्र पुत्र मूला सिंह व केशव पुत्र पप्पू सिंह निवासीगण मुगलवाला, थाना नगीना, जिला बिजनौर व दो अज्ञात लडकों ने रोहित कुमार के साथ गाली-गलौच कर दी। जब रोहित ने मना किया, तो चारों लड़कों ने रोहित के साथ मारपीट की और रोहित को जान से मारने की धमकी दी। रोहित ने बड़ी मुश्किल से जान बचाई और घर पहुंचकर सारी बात बताई, तो वह अपने पुत्र रोहित को साथ लेकर उनके ग्राम मुगलवाला उनकी शिकायत करने उनके घर जा रहा था, तो उक्त चारों लड़के मुगलवाला फाटक के पास मिले और फिर उन्होंने कल्याण सिंह व उसके पुत्र के साथ मारपीट की। शिकायत के आधार पर पुलिस ने शुक्रवार को संबंधित धाराओं में मुकदमा लिखकर जांच शुरू कर दी है।

### विदुर ब्रांड उत्पादों को नए आयाम तक पहुंचाएं

**नगीना।** महिला स्वयं सहायता समूह के तैयार विदुर ब्रांड उत्पाद की मार्केटिंग एवं सेल्स का एक दिवसीय शिविर का आयोजन हुआ। उपजिलाधिकारी आशीष जयसवाल ने कहा कि बड़ी संख्या में समूह से जुड़ी महिलाओं द्वारा वित्तपोषित होकर विभिन्न उत्पाद बनाएं जा रहे हैं। विदुर ब्रांड उत्पादों को एक नया आयाम तक पहुंचाने की अपील की। इस एक दिवसीय शिविर में ग्राम भोगपुर से आई महिलाओं ने अपने-अपने उत्पादों की स्टाल लगाकर सेल और मार्केटिंग की। एसडीएम ने कहा कि जिले में सखी सुरक्षा सेनेटरी पैड, अचार, मुरब्बा, आमला कैंडी, टोमेटो, केचअप, शक्कर, सिरका, टेडी बियर, ब्रश, शहद, साबुन, मल्टीग्रेन, आटा जैकेट दोनों पत्तल, सरसों का तेल, गाय के दूध का देसी घी आदि द्वारा समूह उत्पाद बेहतर बनाए जा रहे हैं। इन्हें ब्रांडिंग पैकेजिंग के साथ गुणवत्ता युक्त विदुर ब्रांड के नाम से सेल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सेल व मार्केटिंग को बढ़ावा दिया जाए। विभिन्न प्रकार के प्लेटफार्म तकनीकी के माध्यम से विदुर ब्रांड उत्पाद को वुड क्राफ्ट नगीना की तर्ज पर राज्य एवं राष्ट्र स्तरीय पहचान के साथ आगे बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में समूह की महिलाओं द्वारा बनाएं जा रहे उत्पादों के माध्यम से आजीवीका बढ़ेगी।

# आर.के. इंटरनेशनल में 'बीट द हीट' कार्यक्रम का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** नहटौर रोड स्थित आर.के. इंटरनेशनल स्कूल के प्रांगण में बीट द हीट कार्यक्रम का आयोजन बहुत ही सुसज्जित व सुन्दर तरीके से किया गया। सब जूनियर विंग के सभी बच्चों को स्विमिंग कराई गई। सभी ने भरपूर आनंद लिया बच्चों के लिए कोल्ड ड्रिंक, स्नेक्स, वाटरमेलन आदि की व्यवस्था की गई।

स्कूल के प्रबंधक सुनील कुमार अग्रवाल व दर्शित अग्रवाल तथा प्रधानाचार्य बच्चों की इस तरह की गतिविधियों को देखकर खुशी का इजहार किया। प्रधानाचार्य नितिन विश्नोई ने कहा कि बच्चे इस तरह की एक्टिविटी से बहुत खुश होते है और इनको खुश रखना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि इस तरह की एक्टिविटी से बच्चों का शारीरिक व मानसिक दोनों तरह का विकास होता है। हमारे छोटे-छोटे बच्चे हमारे स्कूल की शान है। मेरा सभी को संदेश है कि सभी तेज धूप से बचे और बच्चों को भी धूप से बचाए। आनंद ले पर सुरक्षित तरीके से। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी अध्यापकों का पूर्ण सहयोग रहा।

# एएसपी ने थाना नगीना में की अर्दली रूम में बैठक

## विवेचकों को समय सीमा में जांच पूरी करने के निर्देश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण बिजनौर विनय कुमार ने थाना नगीना के विवेचकों का अर्दली रूम आयोजित किया। इस दौरान उन्होंने लंबित मामलों की प्रगति की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

एएसपी आर ए विनय कुमार ने बिना कारण विवेचनाओं को लंबित रखने वाले जांच अधिकारियों को कड़ी चेतावनी दी। उन्होंने निष्पक्ष जांच करने और निर्धारित समय सीमा में मामलों का निस्तारण करने के निर्देश दिए। साथ ही विवेचना में भौतिक और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों को शामिल करने पर जोर दिया।

उन्होंने अपराधी किस्म के व्यक्तियों, सांप्रदायिक तत्वों और माफियाओ के घरों का भौतिक सत्यापन करने को कहा। उन्होंने आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस अर्दली रूम में क्षेत्राधिकारी नगीना अंजनी कुमार चतुर्वेदी व थाना नगीना के प्रभारी निरीक्षक तेजपाल सिंह भी मौजूद रहे।

# रालोद का अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन चौथे दिन भी जारी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** राष्ट्रीय किसान यूनियन का अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन चौथे दिन भी जारी रहा। कलेक्ट्रेट में राष्ट्रीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

धरने में सभा का संचालन मंडल अध्यक्ष भूपेश चौधरी और अध्यक्षता मंडल उपाध्यक्ष बीरबल सिंह ने की। जिसमें सभी वक्ताओं ने अपने विचार रखे। राष्ट्रीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष महिपाल तोमर ने कहा कि कल चांदपुर क्षेत्र के ग्राम संसारपुर के किसान कमलजीत सिंह की गुलदार ने हत्या कर दी है। अब प्रशासन हमें यह बताए हम डीएफओ के खिलाफ मुकदमा कराए या डीएम के खिलाफ कराए। क्योंकि हमारे इनामपुरा के किसानों ने रेंजर को गुलदार जिंदा दिया था और रेंजर ने उसे मारकर मुकदमा किसान के नाम करवा दिया है। जब तक किसानों के मुकदमे वापस नहीं लिए जाते। राष्ट्रीय किसान यूनियन का धरना प्रदर्शन लगातार चलता रहेगा। अर्जुन सिंह, जगराम सिंह, नरवेन्द्र राठी, हुकम सिंह, हरमेंद्र सिंह, विनीत चिकारा, भूरे सिंह, अंकित कुमार, अंकुर कुमार, अवनीश कुमार, सतीश कुमार, आकिल, इकबाल, भूपेंद्र सिंह, संजीव कुमार धरने पर मौजूद रहे।

# तिरंगा यात्रा रैली के लिए बड़ी संख्या में बिजनौर रवाना हुए भाजपाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** भारत द्वारा आतंकवाद के खिलाफ कार्यवाही करते हुए पाकिस्तान को धूल चटाने के उपलक्ष में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिला मुख्यालय पर विशाल रैली का आयोजन किया गया, जिसमें सम्मिलित होने के लिए नगीना नगर से सैकड़ो लोग अपनी गाड़ियों द्वारा रवाना हुए।

रैली को पूर्व विधायक सतीश गौतम, सौरव मित्तल एवं कृष्ण बलदेव सिंह द्वारा तिरंगा झंडा दिखाकर रवाना किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व विधायक सतीश गौतम, पूर्व जिला उपाध्यक्ष कृष्ण बलदेव सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष सौरव मित्तल, युवा नेता रोहित रवि, शिव शंकर सक्सेना, पंडित सचिन शर्मा, चंद्रशेखर पाल, आदि सिंह राठौड़, अरुण शर्मा, पंकज चौहान, जितेंद्र राठी सदस्य जिला पंचायत, पंकज भारती, नंदलाल, अमिचंद एडवोकेट, जावेद निसार, लवी मित्तल, नवनीत मित्तल, सिद्धार्थ चौधरी, केशव दीक्षित, सोहन सैनी, अंकुर चौधरी, आशु मित्तल, नीरज करनवाल, हरमीत मल्होत्रा, तिलकराज मुठरेजा, डॉ मुसते हसन जहूर एवं सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ऑपरेशन के बाद जच्चा की हालत बिगड़ी मौत

## लापरवाही का आरोप, अस्पताल में हंगामा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर के पहाड़ी दरवाजा स्थित एक निजी नर्सिंग होम में ऑपरेशन से डिलीवरी के बाद महिला की हालत बिगड़ गई। चिकित्सकों ने महिला को गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर किया, जहां उसकी मौत हो गई। इस घटना से गुस्साए परिजनों ने अस्पताल में जमकर हंगामा किया और चिकित्सकों पर लापरवाही का आरोप लगाया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई का भरोसा दिलाकर परिजनों को शांत किया। नवजात की हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है।

गांव अमखेड़ा निवासी आसिफ ने गुरुवार को प्रसव पीड़ा के चलते अपनी पत्नी जैनब को नगर के एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया था। शुक्रवार को जैनब ने ऑपरेशन से एक नवजात को जन्म दिया। जन्म के बाद नवजात की हालत नाजुक होने पर उसे मशीन में रखा गया। शनिवार दोपहर बाद जैनब की तबीयत अचानक बिगड़ गई, जिससे अस्पताल में हड़कंप मच गया।

चिकित्सकों ने आनन-फानन में महिला को हायर सेंटर रेफर कर दिया, लेकिन वहां उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिजन भड़क उठे और अस्पताल में हंगामा शुरू कर दिया। परिजनों ने चिकित्सकों पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया।

घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभालते हुए परिजनों को कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत कराया। कोतवाल राजेश चौहान ने परिजनों की तहरीर के आधार पर मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की बात कही है।

उधर समाचार लिखे जाने तक परिजन और अस्पताल पक्ष कोतवाली धामपुर में मौजूद थे।

# रेवेन्यू बार एसो. का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** आज जिला रेवेन्यू बार एसोसिएशन का शपथ ग्रहण समारोह ऐतिहासिक नरसिंह बार हाल कचहरी बिजनौर में संपन्न हुआ।

प्राप्त समाचार के अनुसार मुख्य अतिथि के तौर पर कपिल देव अग्रवाल राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार उत्तर प्रदेश सरकार व प्रभारी मंत्री बिजनौर उपस्थित रहे। साथ ही सत्यपाल सिंह सैनी सदस्य विधान परिषद उत्तर प्रदेश एवं अध्यक्ष याचिका समिति विधान परिषद व उपाध्यक्ष भाजपा उत्तर प्रदेश तथा वरिष्ठ भाजपा नेता ऐश्वर्य मौसम चौधरी एड. भी उपस्थित रहे। मंचासीन अतिथियों में सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता सौरभ अजय गुप्ता, उपजिलाधिकारी बिजनौर अवनीश त्यागी, जिला उपभोक्ता फोरम के सदस्य मनोज पंडित, जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष यशपाल सिंह एड. तथा महासचिव विशाल अग्रवाल एड. की विशेष उपस्थिति रही। नवनिर्वाचित अध्यक्ष अरविंद चौधरी एड. तथा सचिव तौकीरूद्दीन एड. व कार्यकारिणी के अन्य सदस्यों को मुख्य चुनाव अधिकारी एवं वरिष्ठ अधिवक्ता बाबू घनश्याम सिंह एड. द्वारा शपथ ग्रहण कराई गई।

इस अवसर पर मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने अपने भाषण में नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को बधाई देते हुए 1938 में नरसिंह बार हाल एवं लाइब्रेरी का निर्माण करने वाले तत्कालीन पूर्वज अधिवक्ताओं को नमन किया और इस भवन को सहेजने -संवारने में ऐश्वर्य मौसम चौधरी एडवोकेट तथा वर्तमान कार्यकारिणी के प्रयासों की सराहना की। मंत्री ने इस अवसर पर अधिवक्ता समुदाय की समस्याओं को शासन स्तर पर उठाने और उनका निराकरण करने का भरोसा भी दिया। इस अवसर पर विधान परिषद सदस्य व भाजपा उपाध्यक्ष सत्यपाल सिंह सैनी ने कहा कि अधिवक्ता वह व्यक्ति होता है, जो दूसरों की समस्याओं को भी अपने सिर ओढ़ लेता है। इसलिए वह समाज में विशेष सम्मान का पात्र है। उन्होंने इस अवसर पर ऐश्वर्या मौसम चौधरी की संस्तुति पर नरसिंह बार हाल के विकास एवं संरक्षण हेतु 500000 की धनराशि भी अपनी विधायक निधि से देने की घोषणा की। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता ऐश्वर्या मौसम चौधरी ने मंत्री कपिल देव अग्रवाल व विधान परिषद सदस्य सतपाल सैनी का अभिवादन करते हुए नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को सफल कार्यकाल हेतु शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे हमेशा अधिवक्ता समुदाय के साथ तन मन धन से खड़े रहे हैं और आगे भी खड़े रहेंगे। इस अवसर पर विभिन्न वक्ताओं ने मुक्त कंठ से ऐश्वर्या मौसम चौधरी द्वारा जिला बार एसोसिएशन तथा जिला रिवेन्यू बार एसोसिएशन में कराए गए विकास एवं कल्याणकारी कार्यों की भूरि भूरि प्रशंसा की। इस अवसर पर बिजनौर मूल के सुप्रीम कोर्ट में अधिवक्ता सौरभ अजय गुप्ता एड. ने भरोसा दिलाया कि उनके द्वार बिजनौर के अधिवक्ताओं की सेवा सहायता के लिए हमेशा खुले हैं।

इस अवसर पर जिला बार के अध्यक्ष यशपाल सिंह एडवोकेट, सचिव विशाल अग्रवाल एडवोकेट, पूर्व बार अध्यक्ष एस के बबली, राजेंद्र सिंह व वरिष्ठ अधिवक्ता ठाकुर चंद्रवीर सिंह गहलौत, चरत सिंह फकीरचंद एडवोकेट, धर्मपाल सिंह एडवोकेट, नरेंद्र सिंह एडवोकेट, उपेंद्र शर्मा एडवोकेट, जिला शासकीय अधिवक्ता राजस्व विक्रमादित्य मिश्रा, जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी वरुण राजपूत, ओमेंद्र कुमार अग्रवाल व कमल सिंह एडवोकेट तथा सैकड़ों की संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## संबंध विच्छेद सूचना

सर्वसाधारणों को सूचित करना है कि मेरा पुत्र मौ. आरिफ अहमद व पुत्रवधू शहनाज मेरे कहने में नहीं है और आएदिन मेरे साथ अभद्र व्यवहार व मारपीट करते रहते हैं। जिस कारण से मैंने व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों ने मौ. आरिफ व पुत्रवधू शहनाज से संबंध विच्छेद कर लिए हैं। साथ ही अपनी चल-अचल संपत्ति से भी बेदखल कर दिया है। अब मेरा व मेरे परिवार के सदस्यों का मौ. आरिफ व उसकी पत्नी शहनाज से कोई मतलब वास्ता नहीं रहा है और न ही मैं उनके किसी गलत कार्य का जिम्मेदार रहूंगा। **-मौ. तसलीम अहमद पुत्र इब्राहिम अहमद निवासी मौहल्ला सैयदवाडा, नगीना ( बिजनौर )**

# अतिक्रमण पर चला प्रशासन का डंडा

## लिंटर डालने की तैयारी को रोका



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर पालिका प्रशासन ने शनिवार को मोहल्ला नई सराय स्थित वार्ड संख्या 6 में सरकारी भूमि पर किए जा रहे अतिक्रमण के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की। पालिका की टीम ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर सड़क पर हो रहे निर्माण कार्य को ध्वस्त कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार एक व्यक्ति द्वारा सरकारी सड़क पर ढूला बांधकर लिंटर डालने की तैयारी की जा रही थी। जैसे ही इसकी सूचना पालिका को प्राप्त हुई, अधिशासी अधिकारी रवि शंकर शुक्ला के निर्देशन में पालिका की टीम त्वरित कार्रवाई हेतु मौके पर पहुंची। टीम ने निर्माण सामग्री हटवाई और अतिक्रमण को तत्काल ध्वस्त करा दिया। अधिशासी अधिकारी श्री शुक्ला ने बताया कि पालिका क्षेत्र की किसी भी सरकारी भूमि पर अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

इस प्रकार की गतिविधियों पर सख्ती से कार्रवाई की जाएगी ताकि नगर की व्यवस्था और सार्वजनिक संसाधनों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। इस कार्रवाई के दौरान पालिका के कर्मचारी विकास गुप्ता, नितिन अग्रवाल, पवन कुमार, पुष्पेंद्र सक्सेना, अमित गुप्ता सहित अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे।

स्थानीय नागरिकों ने पालिका की त्वरित और प्रभावी कार्रवाई की सराहना की है।

नगर पालिका प्रशासन द्वारा समय-समय पर चलाए जा रहे अतिक्रमण विरोधी अभियानों के तहत यह कार्रवाई सार्वजनिक भूमि की रक्षा और नगर के विकास के लिए एक सकारात्मक कदम माना जा रहा है।

# पालिका बोर्ड की बैठक में कई प्रस्ताव पास

## सेना के ऑपरेशन 'सिंदूर' की प्रशंसा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर पालिका परिषद की बोर्ड बैठक शिवाजी पार्क स्थित सम्पादकाचार्य पं. रुद्रदत्त शर्मा पुस्तकालय में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता पालिकाध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह ने की तथा संचालन वरिष्ठ लिपिक पवन कुमार ने किया।

बैठक में नगर की 20 सीसी सड़कों और नालियों के निर्माण कार्य को हरी झंडी दी गई। साथ ही पालि.का की आवासीय और कार्यालय बिल्डिंग की मरम्मत और पुताई कराने, नगर में वृक्षारोपण अभियान चलाने के प्रस्ताव भी सर्वसम्मति से पास हुए। वरिष्ठ लिपिक पवन कुमार ने बताया कि लगभग डेढ़ करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से मरम्मत व निर्माण कार्य कराए जाएंगे। पालिका क्षेत्र को स्वच्छ और बेहतर बनाने का संकल्प भी लिया गया। सभासद पुरुषोत्तम अग्रवाल की मांग पर पूर्व में दुकानों के किराए में की गई बढ़ोतरी पर पुनर्विचार के लिए एक कमेटी गठित करने का निर्णय लिया गया।

सभासद वसीम अकरम, सुमित माहेश्वरी सहित कई सभासदों ने हाउस टैक्स में छूट की मांग उठाई, लेकिन ईओ रवि शंकर शुक्ल ने बताया कि उक्त छूट शासन से ही खत्म हुई है। यदि नगर पालिका बोर्ड शासन से छूट की मांग करेगा तो शासन उस पर विचार करके छूट का प्रावधान दे सकता है।

बैठक में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में 26 पर्यटकों की हत्या पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। साथ ही भारतीय सेना द्वारा किए गए ऑपरेशन 'सिंदूर' की प्रशंसा की गई। बैठक में प्रभात गुप्ता, हिमांशु सैनी, हाजी मुंशी नसीम अहमद, संतोष राजपूत, मनोज अग्रवाल, मुकेश रावत, जावेद मुल्तानी समेत कई सभासद मौजूद रहे।

# सहकारी समिति में लगाया नि:शुल्क चिकित्सा शिविर



## सैकड़ों मरीजों की जांच कर दवाइयां दी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** नांगल सोती की सहकारी समिति में ध्रुव चैरिटेबिल द्वारा नि:शुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया, जिसमें चिकित्सकों ने ग्रामीण क्षेत्र के सैकड़ों मरीजों की जांच कर उन्हें दवाई वितरित की।

नांगल सोती की सहकारी समिति में ध्रुव चैरिटेबिल हॉस्पिटल के संस्थापक महंत बालकदास जी महाराज द्वारा चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस चिकित्सा शिविर में ग्रामीण क्षेत्र के सैकड़ों मरीजों की जांच कर नि:शुल्क इलाज किया। समिति और चैरिटेबिल हॉस्पिटल द्वारा लगाए गए कैंप में जहां मरीजों ने आकर अपना इलाज कराया इसके साथ उन्होंने समिति पदाधिकारियों और हॉस्पिटल के चिकित्सकों की जमकर तारीफ की। इस दौरान डॉ. इसरार अहमद, डॉ. ब्रज बिहारी शर्मा, डॉ. संजीव कुमार तोमर, प्रशांत कुमार, वीरेंद्र कुमार, डॉ. कंचन, डॉ. निशा , समिति अध्यक्ष गार्विन चौधरी, एडीओ जयवीर सिंह राठी, सचिव वीरेंद्र सिंह और समिति का संचालक मंडल सहित गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# डीआईओएस कार्यालय पर शिक्षकों का अनशन

## आरएसएम कॉलेज का वेतन नहीं दिलवा रहे डीआईओएस



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** आरएसएम इंटर कॉलेज धामपुर के शिक्षक कर्मचारियों ने जिला विद्यालय निरीक्षक बिजनौर के दफ्तर के बाहर क्रमिक अनशन प्रारंभ कर दिया है। पूर्व में डीआईओएस को दिए गए नोटिस के क्रम में आज शनिवार को 12:00 बजे से आरएसएम इंटर कॉलेज धामपुर के शिक्षक कर्मचारी डीआईओएस कार्यालय पर क्रमिक अनशन पर बैठ गए।

आरएसएम इंटर कॉलेज के किसी एक शिक्षक साथी की सेवा. निवृत्ति संबंधी तिथि को बदलने न बदलने के विवाद में डीआईओएस बिजनौर ने आरएसएम इंटर कॉलेज धामपुर का माह अप्रैल का वेतन बिल रोका हुआ है, जिसको लेकर विद्यालय के सभी कर्मचारी एवं शिक्षक आक्रोशित हैं। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के बैनर के साथ विद्यालय के शिक्षक कर्मचारी 12:00 बजे जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के बाहर पहुंचे तो संगठन के जिला अध्यक्ष गय्यूर आसिफ, वरिष्ठ शिक्षक नेता करणवीर सिंह, सुधांशु वत्स, अटेवा के प्रांतीय उपाध्यक्ष चंद्रहास सिंह ने अनशन पर बैठने वाले शिक्षकों को फूलमालाएं पहना कर उनका अभिनंदन किया तथा सभी मांगों को पूरा होने की शुभकामनाएं एवं आश्वासन दिया। आरएसएम इंटर कॉलेज के गणित प्रवक्ता और उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री विनोद कुमार ने बताया कि अनेक बार डीआईओएस से बात करने तथा विनती करने के बाद भी उनके विद्यालय का वेतन बिल उपलब्ध नहीं कराया गया है जबकि दूरदराज क्षेत्र के शिक्षकों को ग्रीष्मकालीन अवकाश में अपने घर भी जाना है तथा सभी शिक्षकों की ऋण संबंधित बहुत सी किस्तें टूट गई हैं। शिक्षकों कर्मचारियों के सामने आर्थिक संकट की स्थिति बनी हुई है, किंतु इन सबको दरकिनार कर डीआईओएस पूरी हठधर्मिता पर हैं और वेतन बिल विद्यालय को उपलब्ध नहीं करा रहे हैं। मजबूर होकर आज उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के बैनर के साथ शाखा के सभी शिक्षकों व कर्मचारियों को क्रमिक अनशन पर बैठना पड़ा है। विनोद कुमार ने कहा कि हमारा यह क्रमिक अनशन तब तक निरंतर जारी रहेगा जब तक डीआईओएस हमारे विद्यालय का वेतन नहीं दिलवाते हैं। जिलाध्यक्ष गय्यूर आसिफ ने कहा कि धरना देना हमारा संविधान अधिकार है और संगठन ने जब जब उत्पीड़न के विरुद्ध संघर्ष किया है तो भ्रष्ट अधिकारियों को और कर्मचारियों को सदैव मुंह की खानी पड़ी है। उन्होंने कहा कि हम अपने साथियों के हितों की रक्षा करेंगे। हमारी सभी मांगे पूरी की जायेंगी और सभी शिक्षकों, कर्मचारियों का वेतन सम्मान सहित मिलेगा।

धरना स्थल पर मयूर मलिक, अनिल कुमार देवरा, कुलवीर सिंह, राजेंद्र सोलंकी, गोपाल रंजन सिंह, कल्पना चौहान, स्वाति राजपूत, गीता रानी, केहर सिंह, देवनारायण सिंह, वीरेंद्र सिंह, मुकेश कुमार, शांति प्रकाश, विकास भारद्वाज अग्रवाल आदि शिक्षक शिक्षिका उपस्थित रहे।

# दिशा कौशल कुंभ के पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** दिशा ग्रुप ऑफ इन्स्टीटयूशन्स् में आयोजित दिशा कौशल कुंभ 2024 (टैलेंट हंट परीक्षा) के पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ ग्रुप की चेयरपर्सन डा. नीलम अग्रवाल, महासचिव मुकेश कुमार अग्रवाल, रांयुक्त सचिव अनिरूद्ध अग्रवाल, रजिस्ट्रार राजीव कुमार एवं अकेडमिक इंचार्ज अमित विश्नोई ने संयुक्त रूप से भगवान गणेश एवं माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया।

महासचिव मुकेश कुमार अग्रवाल ने बताया कि परीक्षा का परिणाम माह अप्रैल 2025 में संस्थान की वेबसाइट पर तथा सोशल मीडिया के माध्यम से घोषित किया गया था। छात्र-छात्राओं के उत्साह को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है कि यह परीक्षा प्रत्येक वर्ष आयोजित की जायेगी। संस्थान के संयुक्त सचिव अनिरूद्ध अग्रवाल ने बताया कि यह परीक्षा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने में भी मार्गदर्शन करेंगीं। परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा कृतिका रानी पुत्री विनीत कुमार को 21000 रूपए का चेक, द्वितीय स्थान पाप्त करने वाली छात्रा याचिका पुत्री रिफुल कुमार को 11000 रूपए का चेक तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा नितिशा भारद्धाज पुत्री पुष्पेन्द्र कुमार शर्मा को 5100 रूपए का चेक दिया गया। इसके अलावा 100 विशेष सांत्वना एवं 234 सांत्वना पुरस्कार के साथ-साथ प्रतिभाग करने वाले प्रत्येक छात्र-छात्राओं को गिफ्ट हेम्पर एवं परीक्षा प्रतिभाग प्रमाण पत्र भी दिया गया।

# सीमा पर तैनात जवानों के खिलाफ कड़वी जुबान से राष्ट्र का सिर झुका

## हाईकोर्ट के आदेशों की हो रही अवहेलना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालागढ़।** उत्तराखंड कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और पूर्व कैबिनेट मंत्री धीरेंद्र प्रताप देहरादून से रामनगर कार्यकर्ताओं का हाल जानने निकले। इसी भी कुछ क्षण के लिए कालागढ़ पत्रकार से भेंट की।

चाय के समय चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि कर्नल के खिलाफ दिए गए बयानों को लेकर मध्य प्रदेश के विधायक विजय शाह को सरकार से तत्काल जेल भेजे जाने की मांग करते हुए कहा है कि जिस तरह से उन्होंने महान देशभक्त कर्नल सोफिया कुरैशी के विरुद्ध अनर्गल बयानबाजी की है, उससे पूरे राष्ट्र का सिर शर्म से झुक गया है। कर्नल सोफिया कुरैशी पर पूरे हिंदुस्तान को गर्व है। आतंकवादियों के ठिकानों को ध्वस्त कर एक बहादुरी की मिसाल कायम की हैं। भाजपा सरकार में कानून के ये हालात है कि हाईकोर्ट को मामले का संज्ञान लेकर एफआईआर दर्ज करने के आदेश देना पड़ा। उसके बावजूद भी विधायक के खिलाफ कोई ठोस कार्यवाही अमल में नहीं की गई है। हालत यह है विधायक तो विधायक मुख्यमंत्री भी जवानों के खिलाफ बोलने से नहीं चूक रहे है।

भाजपा नेताओं की गलत बयान बाजी से हिन्दु-मुस्लिम के बीच दरार पड़ने वाली नहीं है। हिंदुस्तान में हिन्दू, मुस्लिम भाइयों की एकता को कोई तोड़ नहीं सकता। कर्नल सोफिया कुरैशी हमारी बहुत ही होनहार योग्य और देशभक्त बेटी है। सैनिक बॉडर पर देश की सेवा करती है। उनके सम्मान में कोई जरा भी अपशब्द कहे हम जबान खींच लेने का दम रखते हैं। हम जरा भी उनके सम्मान में आंच आने नहीं देंगे। उन्होंने भाजपा के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा से मांग की है। यह तत्काल विजय शाह को अपनी पार्टी से बाहर निकाले और कार्यकर्ताओं को यह सबक दे कि जब पूरा विपक्ष यानी कि कांग्रेस के विपक्ष के नेता राहुल गांधी समेत देश की सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस और अन्य राजनीतिक दलों ने युद्ध में भारत के प्रधानमंत्री को भारत की सरकार का साथ दिया है। हाईकोर्ट जल्द ही उन्हें जेल भेजने का आदेश जारी करेगा और देश को संदेश देगा कि इस तरह के घटिया मानसिकता के राजनीतिक कार्यकर्ता का देश की राजनीति में कोई स्थान नहीं है। उन्हें हर्ष है हाईकोर्ट ने स्वत: इस मामले का संज्ञान लेकर कार्यवाही की। आगे भी माननीय न्यायालय ऐसे मामलों में दखल देखर कार्यवाही के आदेश पारित करें, तब शायद ऐसे लोगों की जगह जेल में होगी।

धीरेंद्र प्रताप ने कहा कि कांग्रेस ने पूरे देश में ऐसे विधायक के विरुद्ध जन प्रदर्शन किए हैं और सुप्रीम कोर्ट ने इसका भी संज्ञान लिया है।

# भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान का स्वागत

## तिरंगा यात्रा की योजना की तैयार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** स्थानीय पी.डब्लू.डी. गेस्ट हॉउस में भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान 'बॉबी' के दूसरे कार्यकाल की भारतीय जनता पार्टी की पहली सांगठनात्मक बैठक में नगीना पहुंचने पर उनका जोरदार स्वागत हुआ।

बैठक में शनिवार को बजनौर में नुमाइश ग्राउंड से सायं 4 बजे से प्रारम्भ होने वाली जिला स्तरीय तिरंगा यात्रा की विस्तृत योजना तैयार की गई और साथ ही आगामी कार्यक्रमों को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान 'बॉबी' ने सभी कार्यकर्ताओं को मिलजुलकर काम करने पर जोर देते हुए कहा कि आज भाजपा ने जो मुकाम हासिल किया है वह सब हमारे संगठित होकर पार्टी के लिए काम करने का परिणाम है। उन्होंने आगे कहा कि आज देश मजबूत हाथो में है। पूरे विश्व में ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत शक्ति बढ़ी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व व सेना के पराक्रम ने चार दिन में ही पाकिस्तान के दाँत खट्टे कर उसको घुटने टेकने को मजबूर कर दिया।

नगर अध्यक्ष अंजली सौरभ मित्तल की अध्यक्षता व जिला उपाध्यक्ष प्रमोद चौहान के संचालन में हुए कार्यक्रम में क्षेत्रीय मंत्री अनूप वाल्मीकि, पूर्व विधायक सतीश गौतम, अनुसूचित मोर्चा के क्षेत्रीय संयोजक चौधरी फूल सिंह, पूर्व चेयरमेन प्रभात चंद गुप्ता, पूर्व जिला उपाध्यक्ष अजीत अग्रवाल व कृष्ण बलदेव सिंह, माहेश्वरी मंडल अध्यक्ष सुभाष शर्मा, किरतपुर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष जितेंद्र मलिक, अल्पसंख्यक मोर्चे के जिला महामंत्री कय्यूम राइन, नगीना गन्ना समिति के डायरेक्टर मुकेश राजपूत, मंडल महामंत्री अरुण शर्मा, जिला कॉपरेटिव बैंक के डायरेक्टर सिद्धार्थ चौधरी, पूर्व मंडल अध्यक्ष नीरज विश्नोई, ओमपाल सैनी, सौरभ मित्तल, शिवशंकर सक्सेना, मनोज बालियान, दिनेश त्यागी, कुलदीप त्यागी, मंडल महामंत्री अरुण धीमान व अभिषेक अग्रवाल, युवा मोर्चे के मंडल अध्यक्ष जितेंन्द्र राठी, महिला मोर्चे की मंडल अध्यक्ष इंदु ठकुराल, पिछड़ा मोर्चे के मंडल अध्यक्ष सुनील सैनी, प्रहलाद कुशवाहा, अभिषेक अग्रवाल, संतराम सैनी, मुकेश चौधरी, अर्नव चौधरी, शिवचरण सैनी, सरिता विश्नोई, लवी मित्तल, पंडित सचिन शर्मा, सुरेश भगत जी, सरदार हरमीत सिंह आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### भागवत में उमड़े श्रद्धालु



**नहटौर।** मां चामुंडा धाम परिसर में श्री भागवत कथा के दूसरे दिन कथा व्यास शिवांशु महाराज ने कहा कि मनुष्य का जन्म 84 लाख योनियों के बाद मिलता है। साथ ही मनुष्य को कोई ऐसा कार्य नहीं करना चाहिए कि कार्य करने के बाद उसे किए गए कार्य पर पछतावा उठाना पड़े। सेवा निस्वार्थ करने से ही अपने आप में आत्मा संतुष्टि होती है। भागवत कथा से कभी वंचित नहीं रहना चाहिए। भागवत को सुनने से लाभ मिलता है। उन्होंने भगवान श्री कृष्ण के जन्म संबंधित अनेक प्रसंगों को विस्तार से सुनाया। इस अवसर पर कथा से पूर्व कथा के यजमान प्रदीप अग्रवाल उनकी पत्नी वंदना अग्रवाल, मुकेश वर्मा पत्नी सुनीता वर्मा ने संयुक्त रूप से धार्मिक अनुष्ठान क्रियाओं के साथ कथा की पूजा अर्चना कराई। मुकेश गुप्ता, सुभाष सैनी, रतन सैनी, राकेश अग्रवाल, निशु त्यागी, पवन अग्रवाल, राहुल चौधरी, अरविंद जोशी, पुष्पेंद्र शर्मा आदि श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### अकीके में कराया मुशायरा



**नगीना।** मौहल्ला काजी सराय के अकबराबाद चौक निवासी अयाज अहमद के पुत्र मुहम्मद हमदान के अकीके के मौके पर एक बैंकेट हॉल में मुशायरा भी किया गया। मुशायरे की सदारत शेख बिरादरी के अध्यक्ष इबादुर्रहमान ने की जबकि निजामत इरशाद धामपुरी ने की। मुशायरे का आगाज मुख्य अतिथि एलआरएस कॉलेज ग्रुप के एमडी संजीव अग्रवाल व नगर पालिका चेयरपर्सन ताहिरा बेगम के पुत्र शहराज खलील द्वारा शमा रोशन करने के बाद बारगाहे रिसालत में नाते पाक का नजराना पेश कर किया गया। मुशायरे में अयाज अहमद की ओर से मुख्य अतिथियों संजीव अग्रवाल, शहराज खलील, विधायक मनोज पारस के छोटे भाई धर्मेंद्र पारस आदि को शॉल ओढा कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुअज्जम हुसैन रियाजी, काजी सुहैल इकबाल, हनीफ मंसूरी, आरिफ सिद्दीकी, इकबाल कुरैशी, काजी मेहराज, मुहम्मद नफीस, जावेद अहमद एडवोकेट, धर्मेंद्र पारस, खालिद निसार, मुहम्मद आरिफ, अब्दुल समद, इकबाल अहमद, जकी, अंजार अहमद, बाबू भाई, इबादुर्रहमान, इरशाद अहमद, नफीस अहमद, शहजाद अहमद, मुकेश सैनी एडवोकेट, शमीम अहमद, भोला चौधरी, फैसल, सरफराज बब्बू, अजीम अहमद आदि की मौजूदगी रही।

# एलएल.बी. प्रथम सेमेस्टर में अदिति सिंह रही प्रथम स्थान पर



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** एम.जे.पी. रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली द्वारा एलएल.बी. प्रथम सेमेस्टर के घोषित परिणाम में कृष्णा कॉलेज ऑफ लॉ के विद्यार्थियों का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा।

विधि विभाग के विभागाध्यक्ष प्रदीप कुमार राठौर ने बताया कि छात्रा अदिति सिंह ने प्रथम, आरजू ने द्वितीय तथा सचिन कुमार सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय परिवार इन सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है।

कृष्णा कॉलेज के प्राचार्य डा. परवेज अहमद खाँ ने सभी उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि कृष्णा कॉलेज का परिणाम सदैव ही अति उत्तम रहा है। हमारा निरन्तर यही प्रयास रहता है कि छात्र/छात्राओं को कॉलेज में आधुनिक व शैक्षिक वातावरण मिले, जिससे कि वह प्राफेशनल एजुकेशन को बेहतर रुप से समझ सकें व अपने जीवन में उपयोग कर लाभांवित हो सकें।

# होली ऐंजल एकेडमी का परीक्षाफल उत्कृष्ट

## छात्र-छात्राओं ने किया विद्यालय गौरवान्वित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** होली ऐंजल एकेडमी में सीबीएसई परीक्षा परिणाम 2025 में छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय और अभिभावकों का मान बढ़ाया है। विद्यालय प्रबंधन द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार, कक्षा 12वीं के वाणिज्य, जीवविज्ञान और गणित वर्गों में छात्रों ने उल्लेखनीय अंक प्राप्त किए हैं।

वाणिज्य वर्ग में हावा सोफिया परवीन ने 84.8% अंक अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि अदीना मिसबा 2 ने 83.8% अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान हासिल किया। जीव विज्ञान वर्ग में रिमसा इन्तेकार ने 83.8% अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान और मौलाना फहद ने 83.2% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। गणित वर्ग में उमेश कुमार ने 83.8% अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। वहीं कक्षा 10वीं में भी छात्रों का प्रदर्शन सराहनीय रहा। अभि चौधरी ने 91.8% अंक अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, राघव चौहान ने 91.6% अंकों के साथ द्वितीय स्थान और प्रतिष्ठा वत्स ने 89% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। इस शानदार उपलब्धि पर विद्यालय परिसर में हर्ष का माहौल रहा। विद्यालय के अध्यक्ष जगदीश चन्द्र चौहान, प्रबन्धक रिशु चौहान, निदेशक राजीव चौहान, प्रधानाचार्या आयुषी अग्रवाल तथा समस्त शिक्षकगण ने मेधावी छात्रों को बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

विद्यालय प्रशासन ने यह भी कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कठिन मेहनत, अभिभावकों के सहयोग और शिक्षकों के मार्गदर्शन का प्रतिफल है।



सम्भल। जिला मुख्यालय की स्थापना की मांग को एसडीएम को ज्ञापन देते रामलीला कमेटी के लोग।

**47 वर्ष से चली आ रही है माग, पूर्व में हिंसा के बाद से काफी परिवार कर चुके हैं पलायन**

# अल्पसंख्यक हिंदुओं की हितों की रक्षा को सम्भल में बने जिला मुख्यालय

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** जिला मुख्यालय की स्थापना का मामला फिर से खटाई में पड़ने और 47 साल पुरानी मांग को नजरदांज करने से अल्पसंख्यक हिंदुओं में रोष गहराने लगा है। सम्पूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे और मुख्यालय की स्थापना सम्भल में कराने की मांग की।

विगत वर्ष 24 नवम्बर 24 को हुई हिंसा में पथराव व आगजनी की घटना और पांच मौतें तथा दर्जनों पुलिस कर्मी और प्रशासनिक अधिकारी क घायल होने के बाद सम्भल में जिला मुख्यालय की स्थापना की आशा बढ़ गयी थी। जबकि विगत दिनों लखनऊ से आई टीम द्वारा पुलिस मुख्यालय के लिए जमीन तलाशने को कई स्थानों का निरीक्षण करने से जिला मुख्यालय की स्थापना सम्भल क्षेत्र में होने की उम्मीद बलवती हो गयी थी। लेकिन 20 मई को प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा बहजोई क्षेत्र में पुलिस लाइन का शिलान्यास कार्यक्रम में आगमन की चर्चाओं ने सम्भल में जिला मुख्यालय की स्थापना की आस समाप्त होना माना जाने लगा है। जिससे एक वर्ग के लोग अपने को असहज महसूस करने लगे है। जबकि 47 साल पुरानी जिला मुख्यालय की मांग भी लगभग ग्रहण लगने की सम्भावनाएं हो गयी है। जिला मुख्यालय न मिल पाने से एक समुदाय के लोगों मायूसी छाने लगी है। बता दें कि सम्भल में जिला मुख्यालय की मांग वैसे तो 47 वर्षो से की जा रही है। अल्पसंख्यक हिंदुओं को 24 नवम्बर को हुई हिंसक वारदात के बाद मुख्यमंत्री द्वारा विधानसभा और प्रयाग राज में दिये गए बयान से आभास हो गया था कि उनकी वर्षों पुरानी जिला मुख्यालय की मांग को पंख लग गए हैं और मुख्यमंत्री जल्द ही इसे पूरा करेंगे। सम्भल में पुर्व में हुए साम्प्रदायिक वारदातों और एक समाज के अल्पसंख्यक होने से असहज महसूस करने वाले समाज के लोगों में बहजोई में पुलिस लाइन का शिलान्यास और जिला मुख्यालय की स्थापना से वह फिर से स्वयं को असहज महसूस करने लगे है। हालांकि राजस्व और जनसंख्या की दृष्टि से सम्भल ही जिला मुख्यालय का हकदार है। जबकि 24 नवम्बर को हुई हिंसा के बाद से भी एक समुदाय के लोग स्वयं को असुरक्षित महसूसा करने से जिला मुख्यालय की स्थापना सम्भल में करने की मांग को तेज करने लगे थे। उधर नगर के कल्कि सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलदीप गुप्ता और श्रीरामलीला कमेटी के अध्यक्ष संजय गुप्ता पोली, सुमित रस्तोगी, विवेक शील आदि ने भी सम्पणू समाधान दिवस में पहुंचकर मुख्यमंत्री को सम्बोधित मांग पत्र जिलाधिकारी को सौंपा। पत्र में सम्भल के हितों के साथ खिलवाड़ होने के आरोप लगाते हुए कहा कि सुरक्षा व्यवस्था को कायम रखने के लिए जिला मुख्यालय की स्थापना सम्भल में किया जाना ज़रूरी है। पत्र में कहा गया है कि राजनैतिक नेतृत्व न होने से यहां की जनता को खमियाजा भुगतना पड़ रहा है। इतना ही नही बहुसंख्यक आबादी के हितों से खिलवाड़ न हो और सबका साथ सबका विकास हो। हम लोग आपसे एक बार मुलाकात करना चाहते है। पत्र में जिला मुख्यालय की स्थापना बहजोई में किया गया तो सम्भल की जनता पलायन को मजबूर होगी।

**O अल्पसंख्यक हिंदू समाज ने सौंपा एसडीएम को ज्ञापन**

# जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने सुनी समस्याएं

**शाह टाइम्स, ब्यूरो**

**सम्भल।** जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से फरियादियों की समस्याओं को सुना और उनका निस्तारण किया।

तहसील सभागार में जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया व पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायत कर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जायें, शिकायतों को गम्भीरता से लिया जाये। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक ने सुना और संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण के निर्देश दिए। सुबह दस बजे से दो बजे तक लगे सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 77 शिकायतें प्राप्त हुई। इनमें 11 शिकायतों का तत्काल निस्तारण किया गया। शेष के लिए संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही शिकायतों के निस्तारण में कोई लापरवाही करने में कार्यवाही करने की चेतावनी दी। जिलाधिकारी ने शिकायत का समयबद्व एवं गुणवत्तापूर्ण तथा प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भटट, सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी सम्भल आलोक भाटी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. तरुण पाठक, सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार, उप जिलाधिकारी वंदना मिश्रा,व जिला स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

**O 77 शिकायतों में 11 का किया गया निस्तारण**

# चन्दौसी चौराहे पर लगेगी प्रथ्वीराज चौहान की प्रतिमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** नगर के चन्दौसी चौराहे के सौन्दर्यकरण और चौड़ीकरण की हो रही कवायद को पंख लगने लगे है। सम्पूर्ण समाधान दिवस में समस्यायें सुनने से पूर्व जिलाधिकारी ने पुलिस अधीक्षक के साथ चौराहे का निरीक्षण किया और ई ओ को प्रथ्वीराज चौहान की प्रतिमा लगाने व आसपास अतिक्रमण हटवाने के निर्देश दिए।

शनिवार को जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया व पुलिस अधीक्षक के के विशनोई ने संयुक्त रूप से चन्दौसी चोराहे का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद डा. मणि भूषण तिवारी को चौराहे पर प्रथ्वीराज चौहान की प्रतिमा लगवाने के साथ चौराहे के पास अतिक्रमण को हटवाने के निर्देश दिए। तत्पश्चात डीएम एसपी ने नगर के शंकर चौराहे का निरीक्षण कर चौराहे पर भगवान परशुराम की प्रतिमा लगवाने को निर्देशित किया। जबकि यमघट तीर्थ का निरीक्षण कर तीर्थ स्थल पर चल रहे निर्माण कार्य को लेकर सम्बंधितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके अलावा जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक मनोकामना मंदिर के निकट स्थित सदभावना पार्क पर पहुंचे और उसके सौन्दर्यकरण व माता अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा लगवाने के निर्देश दिए। चर्तुमुख कूप का निरीक्षण कर पास की भूमि पर चाहरदीवारी तैयार कराने को आवश्यक निर्देश दिए गए। इस मौके पर उपजिलाधिकारी वंदना मिश्रा, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद डा. मणि भूषण तिवारी और अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

**O शंकर चौराहे पर भगवान परशुराम व सदभावना पार्क पर लगेगी माता अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा, डीएम एसपी ने संयुक्त रूप से किया निरीक्षण**



सम्भल। नगर के चन्दौसी चौराहे का निरीक्षण कर ईओ को निर्देश देते डीएम व एसपी।

## हाईटेंशन लाइन के तार से बालिका झुलसी

**बबराला।** नगर में बिजली विभाग की जर्जर हाईटेंशन लाइन टूटने से 9 वर्षीय किशोरी गंभीर रूप से झुलस गयी। परिजनों ने उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया। नगर के मौहल्ला लोहिया कालोनी निवासी नरेश यादव की पुत्री पूजा (9) सड़क पर निकल रही थी। तभी उसके ऊपर हाईटेशन लाइन का तार टूटकर कंधे पर आ गिरा। जिससे वह गम्भीर रूप से झुलसकर घायल हो गयी। फाल्ट की आवाज से मोहल्ले के लोग जमा हो गये। डंडे से तार हटाकर उसको उठाया। परिजन आनन फानन में उसे निजी अस्पताल ले गये। वहाँ भर्ती कराया। इससे आक्रोशित मोहल्ले के लोगों ने बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी की। मोहल्ले के राकेश यादव ने बताया कि यह हाईटेशन लाइन काफी पुरानी है। इसके तार अक्सर टूटते रहते हैं लेकिन इनको शिकायत के बाद भी सही नहीं किया जाता। आज बच्ची इसकी चपेट में आ गयी। उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। मोहल्ले के सोमेश व नरेश ने बिजली लाइन बदले जाने को कहा। मौहल्ले वासियों ने बिजली विभाग के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया। बिजली विभाग से जर्जर लाइन बदलने और नई लाइन डालने की मांग कर रहे हैं।

# चौराहों पर लगे बाबा साहेब व बापू की प्रतिमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** जहां नगर के चौराहों पर विभिन्न मूर्तियों को लगवाये जाने के निर्देश देने के बाद कांग्रेस नेता ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और संविधान रचियता बाबा साहेब की प्रतिमा लगवाये जाने की मांग महामहिम राज्यपाल को पत्र भेजकर की है।

उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव अशरफ अली सैफी एडवोकेट ने महामहिम राज्यपाल, मण्डल आयुक्त, जिलाधिकारी, उपजिलाधिकारी, नगर पालिका अध्यक्ष, नगर मजिस्ट्रेट, अधिशासी अधिकारी से पत्र के भेजकर मांग करते हुए कहा कि नगर के विभिन्न चौराहों पर सरकार की योजना के मददेनजर शहर को स्मार्ट सिटी बनाने और चन्दौसी चौराहे पर प्रथ्वीराज चौहान की प्रतिमा लगाये जाने के निर्देश दिए अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद को दिए गए है। उन्होने शहर की जनता की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए चन्दौसी चौराहे पर अहिंसा के पुजारी और आजादी के नायक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तथा चौधरी सराय चौराहे पर संविधान रचियता भारत रत्न बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा लगाये जाने की मांग की है।

# मंत्री विजय शाह को किया जाए बर्खास्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** सपा जिला सचिव सईद अख्तर इसराइली के नेतृत्व में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें हिन्दुस्तान की बेटी कर्नल सोफिया कुरैशी के अपमान को लेकर चर्चा की गयी। वक्ताओं ने कहा कि भाजपा सरकार के मंत्री विजय शाह द्वारा भारतीय सेना की अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी के ऊपर अभद्र टिप्पणी देने पर आकोश किया गया। सोफिया कुरैशी भारत देश की एक होनहार बेटी है। दूसरे समुदाय की बेटी होने पर क्या वह हिन्दुस्तान की बेटी नहीं रही। बीजेपी के मंत्री के इस अभद्र बयान पर उनको दण्डित किया जाना चाहिए। साथ ही मंत्री पद से तुरन्त हटा देना चाहिए। इस मौके पर मौ, नदीम, नाजिम, नबील अहमद रमेज राजा, वसीम खाँ, वासिक, अनीस, निजामउद्दीन आदि मौजूद रहे।

**O सपा की बैठक में जताया रोष की गई मांग**

# बीएसए की अनुपस्थिति पर डीएम ने जताई नाराजगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** तीन सप्ताह तक बेसिक शिक्षा विभाग से सम्बंधित स्कूलो में समर कैम्प का आयोजन करने को लेकर बैठक से बीएसए की अनुपस्थिति पर डीएम ने नाराजगी जतायी और विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए।

शनिवार को कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में बेसिक शिक्षा विभाग से संबंधित विद्यालयों के छात्र एवं छात्रओं का 21 मई से तीन सप्ताह तक समर कैंप कराने को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला बेसिक शिक्षा अधाकारी अलका शर्मा के अनुपस्थित रहने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए।

**O विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि देने के दिए निर्देश**

## वरिष्ठ अधिवक्ता के निधन पर शोक

**बबराला।** नगर के वरिष्ठ अधिवक्ता उमेशचंद्र शर्मा का बीमारी के चलते निधन हो गया। उनके निधन पर अधिवक्ताओं ने उनके आवास पर जाकर शोक व्यक्त किया। शनिवार को लेखपाल कालोनी निवासी वरिष्ठ अधिवद्रा उमेशचन्द्र शर्मा का बीमारी के चलते निधन हो गया।निधन की सूचना पाकर उनके घर पर पहुंचे अधिवक्ताओं ने शोक व्यक्त किया।तहसील परिसर में भी शोक व्यक्त किया।शोक व्यक्त करने वालों में अधिवक्ता चिंताहरण सिंह, सुधीर शर्मा, विशाल मित्तल, बसन्त कुमार,श्रीकृष्ण भारद्वाज, तेजवीर सिंह, सुखदेव वार्ष्णेय, मुनेंद्र यादव, अवधेश यादव, हरिओम यादव, बीरेश, अरविन्द, विजय यादव आदि मौजूद रहे।

# वरिष्ठ अधिवक्ता नरेश शुक्ला व मौ. कामिल बने नोटरी पब्लिक

**शाह टाइम्स,संवउददाता**





**बबराला।** भारत सरकार की और से नगर निवासी दो ओर अधिवक्ता को नोट्ररी पब्लिक बनाया गया है। उनके नोट्ररी पबिल्क बनने से साथी अधिवक्ताओं में हर्ष का माहौल है।

नगर के मौहल्ला कोट गर्बी निवासी वरिष्ठ अधिवक्ता नरेश कुमार शुक्ला व मौहल्ला कोट गर्बी निवासी मौ. कामिल को केन्द्र सरकार की और से नगर सम्भल का नोट्ररी पब्लिक नियुक्त किया है। दोनों वरिष्ठ अधिवक्ताओं के नोटरी पब्लिक बनने से साथी अधिवक्ताओं और उनके शुभ चिंतकों में हर्ष है।

# होनहार अधिवक्ता को स्वयं सेवी संस्था में किया सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** भारत सरकार की और से नोटरी पब्लिक बनाए गए युवा अधिवक्ता को स्वयं सेवी संस्था ने हर्ष जताया और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

नगर के मौहल्ला चमन सराय निवासी युवा अधिवक्ता मौहम्मद नवाज एड. को भारत सरकार की ओर से सम्भल का नोटरी पब्लिक नियुक्त किया गया हैं। होनहार युवा अधिवक्ता मौहम्मद नवाज को नोटरी पब्लिक का प्रमाण पत्र मिलते ही स्वयं सेवी संस्था ने हर्ष जताया। हयुमन केयर चेरिटेबिल ट्रस्ट ने नगर के होनहार युवा अधिवक्ता मौहमम्द नवाज के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन किया। स्वयं सेवी संस्था को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। संस्था के लोगों ने कहा कि होनहार युवा अधिवक्ता वैसे ही लोगों की सेवा करते रहे हैं। मृद व्यवहार और होनहारी का केन्द्र सरकार ने नोटरी पब्लिक बनाकर उन्हे तोहफा दिया है। इस मौके पर नाजिर खान, नाजिश नसीर खान व राशिद खान, रिजवान पठान, मुहम्मद फहीम आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।





सम्भल। सैनिकों के सम्मान में तिरंगा यात्रा में शामिल भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता।

# सैनिकों के सम्मान में निकली तिरंगा यात्रा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** सैनिकों के सम्मान मे शौर्य तिरंगा यात्रा निकाली। यात्रा में जिले भर से कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। तिरंगा यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

शनिवार को नगर के एकता विहार कालोनी स्थित भाजपा जिला कार्यालय से शौर्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा अपने विभिन्न मार्गो से होते हुए अस्पताल व नगर के शंकर कॉलेज चौराहा होती हुई हल्लू सराय सरदार भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सम्पन्न हुई। तिरंगा यात्रा में राज्यमंत्री गुलाब देवी ने कहा कि हमारा देश एक शक्तिशाली देश इसकी तरफ कोई आंख उठाकर नहीं देख सकता। जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह रिंकू ने कहा कि भारत विश्व गुरू है और हम सब एक हैं। भारत की तरफ किसी ने आंख उठाई तो परिणाम भुगतने होंगें। प्रभारी हेमंत राजपूत ने कहा कि भारत सबसे बड़ा ताकतवर देश है। पूर्व लोकसभा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी ने कहा कि हम सब सेना के साथ खड़े है और खड़े रहेंगे। उर्दू अकादमी के पूर्व चैयरमेन हाजी आजम ने कहा कि हमे भारतीय सेना पर गर्व है। इस अवसर पर क्षेत्रिय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल, जिला पंचायत अध्यक्ष डा. अनामिका यादव, राजेश शंकर राजू, दानिश पाशा, सैयद शान अली, इमरान तुर्की, मुकुल रस्तोगी, सोनू चाहल, विरलेश यादव आदि मौजूद रहे।

**O तिरंगा यात्रा का जगह-जगह हुआ स्वागत**

# आतंकवादी और मंत्री की विचारधारा में आखिर क्या अंतर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** कर्नल सोफिया पर गलत टिप्पणी को लेकर मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह की निंदा की गई एवं गहरा रोष व्यक्त किया गया। तिरंगा मार्केट के दुकानदारों ने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लेकर भारत माता की जय जयकार की। जबकि भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान को धूल चटाने पर गर्व और गौरव व्यक्त किया। वहीं कर्नल सोफिया कुरैशी की बहादुरी, नेतृत्व, अद्भुत क्षमता और साहस को नमन करते हुए कर्नल सोफिया जिंदाबाद के नारे लगाए। सभी दुकानदारों ने मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह द्वारा कर्नल सोफिया पर गलत टिप्पणी को लेकर गहरा रोष और आक्रोश व्यक्त किया। तिरंगा मार्केट के प्रधान नोमान ने कहा कि आतंकवादियों ने धर्म पूछकर हमारे 26 तीर्थ यात्रियों की हत्या की तो मध्य प्रदेश के मंत्री भी केवल धर्म देखकर किसी को आतंकवादी कह रहे हैं। ऐसे में आतंकवादी और मंत्री की विचारधारा में आखिर क्या फर्क है। इस मौके पर मौ. बाबर सलमानी, ताहिर हुसैन, हाजी तालिब,नाजिम एड., मोहम्मद आजम, हसन पेंटर, तेजपाल सैनी, अजय कुमार, मौ.अजीम, ओसामा, जुनेद, तसलीम सलमानी आदि मौजूद रहे।

**O तिरंगा मार्केट में मंत्री के बयान की निंद, रोष**

# पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएगी बसपा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** आगामी विस चुनाव से पूर्व बसपा हाइ कमान के निर्देशों पर संगठन को धार देनी शुरू कर दी गई है। बैठक में पहुंच पूर्व सांसद ने संगठन की समीक्षा की और कार्यकर्ताओं से बसपा की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने में जुट जाने पर ज़ोर दिया।

मौहल्ला देहली दरवाजा स्थित फिरोज मलिक के आवास पर आयोजित समीक्षा बैठक में पूर्व सांसद गिरीश चंद जाटव ने कहा कि वर्तमान सरकार से सर्व समाज परेशान है। चारों तरफ मंहगाई बेरोजगारी है और सिकानल मजदूर व्यापारी दुखी है। जनता बसपा सरकार की मुखिया बहन कु. मायावती सरकार की नीतियों को याद कर रही है। इसीलिए अब आने वाला समय बसपा का है। वर्ष 2027 में बसपा पूर्व बहुमत की सरकार बनायेगी। उन्होने सगठन के लोगों से बसपा की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने पर ज़ोर दिया। इस मौके पर साजिद अहमद सैफी, उमेश सागर, विद्याराम, अजब सिंह, राम बहादुर, अंकुर चौधरी, मदनपाल सिंह नसीम सेफी, इब्राहीम अंसारी, रफेदीन, संसार सिंह, मुकेश शुक्ला, हरद्वारी लाल गौतम, मेवाराम आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह एड. ने व संचालन कुंवरपाल सिंह ने किया।



# सत्य का हमेशा करें पालन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** नगर के गायत्री शक्तिपीठ पर सत्यनारायण कथा के तीसरे दिन आचार्य राम सिंह ने बताया कि कथा के माध्यम से सत्य का पालन न करने पर होने वाली परेशानियों का वर्णन है। सत्यनारायण की पूजा का अर्थ है सत्य को नारायण के रूप में पूजना और संसार में सत्य को ही सबसे बड़ा मानना। यह कथा सत्य और ईमानदारी के महत्व पर आधारित है। यह कथा भगवान विष्णु (नारायण) के सत्यनारायण स्वरूप से जुड़ी है। जो सत्य को धारण करते हैं और सत्य को ही पूजनीय मानते हैं। उन्होंने कहा कि जिम्मेदारी, बहादुरी, ईमानदारी, सत्यनिष्ठा का पालन करने वाला कभी भी असफल नहीं हो सकता। इस दौरान राधेश्याम शर्मा, भूपेंद्र सिंह, गंगाराम यादव, रामगोपाल शर्मा, राकेश गुप्ता, राम अवतार गुप्ता, खुशाली राम, अतुल वार्ष्णेय, विजय यादव, बबली यादव प्रेमपाल सिंह, बबली, अंगूरी, मीना यादव, माया, प्रतिभा यादव आदि मौजूद रहे।

# हाई स्कूल व इंटर के टॉपर को साइकिल देकर किया प्रोत्साहित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** यूपी बोर्ड परीक्षा में कॉलेज टॉपर छात्र-छात्राओं को साइकिल देकर सम्मानित किया। विद्यालय द्वारा मुख्य विकास अधिकारी के नेतृत्व में साइकिल देकर सम्मानित किया।

विकासखंड के मऊ भूड़ स्थित श्री बालाजी इंटर कॉलेज में हाई स्कूल के छात्र कपिल ने 91 प्रतिशत अंक लेकर जिला टॉप 10 की सूची में अपना नाम दर्ज कराया। इसके साथ ही हाई स्कूल की शिवानी ने भी 85.16 प्रतिशत अंक प्राप्त किए थे। वहीं इंटरमीडिएट में कुमारी सोनम ने 84.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कॉलेज टॉप किया। विद्यालय प्रबंधक व प्रधानाचार्य द्वारा मेधावियों को सम्मानित करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भटट द्वारा मेधावियों को साइकिल देकर सम्मानित किया। साथ ही मुख्य विकास अधिकारी ने सभी विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

**सम्बंध-विच्छेद**

मेरा पुत्र शहज़ाद गलत संगत में पड़ गया है और गलत कृत्यों में लिप्त है। समझाने पर नहीं मान रहा है। इसलिए मैने अपने पिता-पुत्र के सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किसी भी कृत्य के लिए मेरा पुत्र शहज़ाद स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार का कोई सम्बन्ध नहीं होगा।

**इरशाद पुत्र अब्दुल अजीज**
नि. मौ. कोटला सराय तरीन तहसील व जिला सम्भल।

# समाधान दिवस में एसडीएम ने शिकायतें सुनी

■ 95 शिकायतों में से पांच शिकायतों का मौके पर हुआ निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम विनय कुमार सिंह ने शिकायतें सुनी। समाधान दिवस में कुंदरकी भाजपा विधायक रामवीर सिंह भी मौजूद रहे। कुल 95 शिकायतों में से पांच शिकायतों का ही मौके पर निस्तारण हो पाया। शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में विनय कुमार सिंह ने शिकायती सुनी। दिवस में कुंदरकी भाजपा विधायक रामवीर सिंह भी पहुंचे। जहां सभी ने मिलकर फरियादियों की शिकायतें सुनी दिवस में राजस्व विभाग की 67, पुलिस विभाग की तीन विकास विभाग की सात, विद्युत विभागकी एक , पुलिस विभाग की सात अन्य विभाग की 10 शिकायतें प्राप्त हुई। जिनमें संबंधित अधिकारियों को तत्काल ही सभी शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण करने के निर्देश दिए गए हैं।

एसडीएम विनय कुमार सिंह ने बताया कि शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को तत्काल ही टीम बनाकर मौके पर भेजा गया है साथ ही शिकायतों का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारित करने के निर्देश दिए गए हैं। भाजपा विधायक रामवीर सिंह ने कहा कि सरकार हर पीड़ित व्यक्ति के साथ है किसी के साथ अन्याय नहीं होगा सरकार इस के लिए तत्पर है। जनता का प्रतिनिधि होने के नाते तहसील दिवस में शामिल होकर शिकायतों को सुना



सभी विभागों के अधिकारियों को शिकायत तो के शीघ्र और सही ढंग से निस्तारित करने को कहा गया है। शिकायतकर्ता को बार-बार तहसील के अधिकारियों और लेखपालों के चक्कर न लगाने पड़े इसलिए शिकायत का गुणवत्ता पूर्ण तरीके से निस्तारण किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा साफ है, पीड़ित व्यक्ति को हर हाल में न्याय मिलना चाहिए। सरकार सभी वर्गों को एक साथ लेकर चल रही है। समाधान दिवस में विधायक रामवीर सिंह, सुरेश सैनी, कुंदरकी ब्लाक प्रमुख प्रति. निधि गुलाम जिलानी , एसडीम विनय कुमार सिंह, तहसीलदार धीरेश कुमार के अलावा सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## एक नजर

### तीन सूत्रीय मांगों को लेकर विद्यार्थी परिषद ने दिया ज्ञापन

**मुरादाबाद।** विद्यार्थी परिषद द्वारा केजीके कॉलेज में छात्र/छात्राओं की शैक्षिक व परीक्षाओं से संबंधित समस्या को लेकर तीन सूत्रीय ज्ञापन कुलपति /परीक्षा नियंत्रक बरेली विवि को सम्बोधित प्राचार्य सुनील चौधरी को सौंपा।एबीवीपी के महानगर सह मंत्री छविनाथ अरोरा ने कहा कि 15मई को बीएससी चौथे सेमेस्टर का रासायन विज्ञान का प्रश्न पत्र



अंग्रेजी मे दिया गया था जिसमे हिंदी माध्यम के छात्र /छात्राओ को प्रश्न समझ नही आया जिससे उन्हें हल करने मे परेशानी का सामना करना पड़ा ऐसी स्थिति मे अधिकांश छात्र-छात्राओं को अनुत्तीर्ण होने का खतरा है, विश्वविद्यालय तत्काल प्रभाव से पेपर को निरस्त करे और पेपर को पुन: करवाने के लिए पेपर की नई तिथि जारी करे।उन्होंने कहा की विवि लगातार छात्रों के भविष्य साथ खिलवाड़ कर रहा है जो कतई बर्दास्त नही किया जायेगा। जबकि निजी कॉलेजो मे विधि विभाग मे 90 से 100% मार्क्स देने पर सभी का रिजल्ट जारी कर दिया गया और कोई जवाब भी नही माँगा गया।

विवि के इस तरह से एक ही विषय को टारगेट कर परीक्षाफल को रोका जाना ठीक नही है व छात्रहित मे भी नही है।अभाविप द्वारा विवि द्वारा एमएससी चौथे सेमेस्टर मे परीक्षाफार्म का 2100 रू शुल्क वसुलेजाने को लेकर मदो सहित विवरण जारी करने कि मांग की है।विद्यार्थी परिषद ने विवि से तीनो मांगो को पूरा करने के लिए 3 दिन का समय दिया गया अन्यथा की स्तिथि मे आंदोलन करने की चेतावनी दी है। ज्ञापन मे महानगर सह मंत्री साहिल, शिवा पाल,अबुजार आदि उपस्थित रहे।

### वर्ल्ड हाइपरटेंशन डे पर गोष्ठी का आयोजन

**मुरादाबाद।** वर्ल्ड हाइपरटेंशन डे (विश्व उच्च रक्तचाप दिवस)पर जागरूकता गोष्ठी का आयोजन शरबती देवी निकेतन में किया गया।इस खास दिन चर्चा का विषय भागती दौड़ती जिंदगी में हम भारतीय ग्रहणी मतलब हर दूसरी महिला उच्च रक्तचाप से गृहसित है ।आज सभी सदस्यों को यह सन्देश हॉस्पिटल में कार्यरत अनुभवी वीनू आहूजा ने विजुअल द्वारा बीपी कंट्रोल करने के योग शवासन एवं आधों मुख शवासन समझाए।यह शपथ दिलाए कि निरन्तर रक्त चाप मापते रहेंगे वहीं संजना भटनागर ने इस वर्ष की थीम पर प्रकाश डाला ।हमें थोड़ी देर थमकर अपने शरीर की उन तमाम रक्त वाहिकाओं के बारे में सोचना चाहिए कैसे वह दिन रात हमारे लिए काम कर रही है क्या हम उनसे उनका हाल पूछ पाते है।

कही न कही उस हाल पूछने की उम्मीद से ही इस बार वर्ल्ड हाइपरटेंशन डे की थीम खास कर महिलाओं के लिए अपने ब्लड प्रेशर को सही तरीके से मापे इसे कंट्रोल करे और लंबा स्वस्थ जीवन जिए रखी गई है।गोष्ठी में अंशु,रीना,मानसी, प्रीति, वीनू ,वंशी, तृप्ता, शालिनी, सोना, एकता, ईशा, प्रियंका, स्वाति, भावना, नेहा मेहरोत्रा, संजना भटनागर आदि मौजूद रहे।

### टिमिट में 'स्टार्टअप्स: एसेंशियल इनसाइट्स एवरी एंटर प्रेन्योर शुड नो' विषय पर विशेषज्ञ वार्ता का आय

**मुरादाबाद।** टीएमयू, कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट(टिमिट) द्वारा ''स्टार्टअप्स: एसेंशियल इनसाइट्स एवरी एंटरप्रेन्योर शुड नोविषय पर एक विशेषज्ञ वार्ता का आयोजन किया गया।इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में सीए परिमल अग्रवाल (सचिव आईसीएआई मुरादाबाद शाखा) ने शिरकत की। उन्होंने छात्रों को स्टार्टअप शुरू करने के लिए आवश्यक बुनियादी तत्वों, वित्तीय योजना, कानूनी औपचारिकताओं तथा व्यावसायिक जोखिमों के प्रबंधन की उपयोगी




जानकारी प्रदान की। उनका प्रेरणादायक उद्बोधन स्टार्टअप यात्रा की जमीनी सच्चाइयों से विद्यार्थियों को अवगत कराने वाला रहा। कार्यक्रम बीबीए इंटरनेशनल बिजनेस एवं एमबीए कॉरपोरेट के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।इस अवसर पर टिमिट के डीन प्रो. विपिन जैन ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आज के युग में नवाचार और उद्यमिता सफलता की कुंजी हैं। ऐसे कार्यक्रम हमारे छात्रों को न केवल प्रेरित करते हैं, बल्कि उन्हें व्यावहारिक दृष्टिकोण से भी समृद्ध करते हैं। सीए परिमल अग्रवाल जैसे विशेषज्ञों का मार्गदर्शन हमारे विद्यार्थियों के स्टार्टअप सपनों को दिशा देने में सहायक सिद्ध होगा। अंत में उन्होंने वक्ता एवं प्रतिभागी छात्रों का धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

## पीएम श्री विद्यालय में जिला विद्यालय निरीक्षक ने किया उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नगलिया जट स्थित पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज में कंप्यूटर लैब, दिव्यांग शौचालय, अटल टिंकरिंग लैब, करियर काउंसलिंग कक्ष का शुभारंभ किया गया।

गुरुवार को जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र कुमार पांडे, सह जिला विद्यालय निरीक्षक शतानंद शर्मा पहुंची। इसके अलावा राजकीय इंटर कॉलेज मुजफ्फरनगर की श्वेता पुठिया,राजकीय शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अचल त्यागी आदि पहुंचे। जहां संयुक्त रूप से उन्होंने उद्घाटन कार्यक्रम किया।

इस बीच बच्चों को बेहतर शिक्षा के लिए प्रेरित किया, कहा कि नए युग में टेक्नोलॉजी व सोशल मीडिया का जमाना है। कंप्यूटर लैब के उद्घाटन के दौरान बताया कि यहां पर बच्चे सोशल मीडिया और इंटरनेट के जरिए बेहतर शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं। इस मौके पर कालेज प्रधानाचार्य ने सभी का आभार व्यक्त किया।



## टीएमयू जीवन मूल्यों की नींव: प्रो. एमपी सिंह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के डीन स्टुडेंट्स वेलफेयर प्रो. एमपी सिंह ने कहा, यूनिवर्सिटी केवल डिग्री का स्थान नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण और जीवन मूल्यों की नींव है। हमारी बेटियां एवम् विद्यार्थी यहां से केवल शिक्षित ही नहीं, बल्कि आत्मविश्वासी, मूल्यनिष्ठ और संवेदनशील नागरिक बनकर जा रहे हैं। उन्होंने बेटियों को आत्मनिर्भर बनने के साथ-साथ आर्थिक रूप से सशक्त होने की सलाह दी। उन्होंने उम्मीद जताई, जब कहीं पर भी स्टुडेंट टीएमयू की गरिमा बढ़ाते हैं तो हमें भी गर्व होता है। प्रो. सिंह तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के फैकल्टी ऑफ एजुकेशन की ओर से आयोजित फेयरवेल पार्टी- बेला सिआओ में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इससे पूर्व प्रो. एमपी सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि, फैकल्टी ऑफ एजुकेशन के प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार जैन, श्री दीपक मलिक आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। फेयरवेल पार्टी में विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुतियों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। बीएलएड छठे सेमेस्टर की छात्रा वैष्णवी चौधरी ने गणेश वंदना की प्रस्तुति दी तो एमएड फोर्थ सेमेस्टर की छात्रा दिव्यांगना ने कविता पाठ करके खूब तालियां बटोरीं। बीएससी- बीएड, बीए-बीएड, बीएलएड छठे सेमेस्टर के स्टुडेंट्स ने कॉलेज लाइफ पर नाटक की प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया। संचालन स्टुडेंट्स- वर्निका, कपिल, प्रतीक्षा, शहरा. न संजय, श्रुति पांडे, मीनाक्षी सैनी आदि ने संयुक्त रूप से किया।




## कार्यालय ग्राम पंचायत चांदपुर मंगोल वि0 ख0 कुंदरकी (मुरादाबाद)

पत्रांक: मीमो/ग्रा.पं./विकास कार्य/निविदा/कुटेशन/2025-26 दिनांक: 18.05.2025

**अल्पकालीन निविदा/कुटेशन-सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओं को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत चांदपुर मंगोल वि.खं.कुन्दरकी जनपद मुरादाबाद में वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु ग्राम पचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2025-2026 के अनुसार पंचम राज्य वित्त आयोग, पंद्रहवा वित्त आयोग, एवं अन्य शासकीय मदो के अन्तर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्धारित मानक/गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण स्थलों पर आपूर्ति करने हेतु मोहरबंद निविदायें कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म एवं आपूर्तिकर्ता दिनांक 18.05.2025 से 27.05.2005 तक निविदा प्रपत्र क्रय करके सुबह 11.00 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबंद लिफाफे में निविदा/कुटेशन दरें सहित जमा कर सकते है। जोकि दिनांक 27.05.2025 के अधोहस्ताक्षरी के समक्ष कार्य दिवस में दोपहर 03.00 बजे खोली जायेगी। **नोट:**- निविदा प्रपत्र का विक्रय मूल्य 500 रु. है।

| क्र.सं. | सामग्री का नाम | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | सीमेंट | प्रति बैग | |
| 2 | बालू रेत/लोकल रेत | घन मी. | |
| 3 | बजरफुट | घन मी. | |
| 4 | 20 एम.एम. बजरी | घन मी. | |
| 5 | 40 एम.एम. बजरी | घन मी. | |
| 6 | ईंट प्रथम श्रेणी एम-150 | प्रति हजार | |
| 7 | ईंट बालदार एम-275 | प्रति हजार | |
| 8 | 40 एमएम ब्रिक ब्लास्ट | घन मी. | |
| 9 | सीसी इंटरलॉकिंग टाईल्स 80 एमएम सफेद | प्रति नग | |
| 10 | सीसी इंटरलॉकिंग टाईल्स 80 एमएम रंगीन | प्रति नग | |
| 11 | दीवार टाईल्स | प्रति वर्ग मी. | |
| 12 | फर्श टाईल्स | प्रति वर्ग मी. | |
| 13 | सरिया | प्रति कुंटल | |
| 14 | लोहे का जाल | प्रति कुंटल | |
| 15 | मिट्टी-दूरी सहित | प्रति घन मी. | |
| 16 | ऑफिस में उपयुक्त होने वाली सामग्री | प्रति नग | |
| 17 | कीटनाशक/बिल्चिंग पाउचर/हाईपोक्लीराइड। | प्रति किग्रा./ली. | |
| 18 | बाल पेंटिंग | प्रति वर्ग मी. | |
| 19 | सेनेट्री सामग्री | प्रति नग | |
| 20 | बिजली उपकरण | प्रति नग | |
| 21 | आयरन एंग्लि/सरिया | प्रति किग्रा. | |
| 22 | फर्नीचर/बैच | प्रति नग | |
| 23 | आर.सी.सी. बैच | प्रति नग | |
| 24 | डस्टबिन | प्रति नग | |
| 25 | स्ट्रीट एल.ईडी.लाइट | प्रति नग | |
| 26 | फर्नीचर स्कूल बैच कम्पलीट | प्रति नग | |
| 27 | पेंट | प्रति लीटर | |
| 28 | फॉगिंग मशीन/स्प्रे मशीन। | प्रति नग | |
| 29 | प्राइमर (लोहा लकड़ी) | प्रति लीटर | |
| 30 | शौचालय सीट/यूरीनल सीट | प्रति नग | |
| 31 | हैंडपंप रिबोर/नया/मरम्मत उपकरण | प्रति नग/फिट | |
| 32 | समरसेविल पम्प नया/मरम्मत उपकरण | प्रति नग/फिट | |
| 33 | आर.सी.सी. पिलर | नग/बैग | |
| 34 | बालपुट्टी | बैग | |
| 35 | पी.वी.सी. पाइप | मीटर | |
| 36 | वाटर स्टोरेज टैंक | प्रति नग 1000 ली | |
| 37 | प्लाईबोर्ड | प्रति फिट | |
| 38 | रनिंग वाटर सप्लाई उपकरण | प्रति नग/फिट | |
| 39 | लोहे के गेट | प्रति कुंतल | |
| 40 | इलेक्ट्रीशियन वर्क | प्रति नग/वर्ग मी0 | |
| 41 | प्लमविंग वर्क | प्रति नग/वर्ग मी0 | |
| 42 | आयरन सीट | प्रति किग्रा. | |
| 43 | ई.-रिक्शा/ठेली | प्रति नग | |
| 44 | माईका सीट | प्रति वर्ग मी0 | |

**नियम व शर्तें:-**

स्वीकृत निविदा/कुटेशन के अनुसार आपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर की जाएगी, जो समय-समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर आधारित है। आवश्यकता अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान/पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा घटायी व बढ़ायी जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधों में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री आपूर्ति का भुगतान अधोहस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरांत ही किया जायेगा। आपूर्ति का जी. एस टी रजिस्ट्रेशन सम्बन्धित विभाग में होना अनिवार्य है प्रस्तुत दरे पीडब्ल्यूडी की दरों के अनुरूप गुणवत्ता एवं मानक अनुरूप हो। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पाये जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में नियामानुसार कटौती कर ली जायेगी। निविदा को बिना कारण बाताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

**ग्राम प्रधान/सचिव**

**ग्राम पंचायत चांदपुर मंगोल विकास खण्ड कुंदरकी ( मुरादाबाद )।**

## युवा राष्ट्रीय लोकदल का परिचय एवं कार्यभार ग्रहण समारोह आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** रुहेलखंड क्षेत्र के युवा राष्ट्रीय लोकदल का परिचय एवं कार्यभार ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन वर्तमान क्षेत्रीय अध्यक्ष अजीत सिंह एडवोकेट (प्रदेश सचिव) ने किया एवं कार्यक्रम के संयोजक गुरमीत सिंह चीमा जिलाध्यक्ष रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश महासचिव सतीश चौधरी ने की। इस कार्यक्रम में निवर्तमान क्षेत्रीय अध्यक्ष (रुहेलखंड) एवं प्रदेश सचिव अजीत सिंह एडवोकेट ने नवनियुक्त क्षेत्रीय अध्यक्ष अनुज सिंह एडवोकेट का रुहेलखंड क्षेत्र के सभी जनपदों के जिला अध्यक्षों, क्षेत्रीय कार्यकारिणी के पदाधिकारीयों एवं प्रदेश पदाधिकारियों से परिचय कराया।कार्यक्रम के दौरान अजीत सिंह एडवोकेट ने अनुज सिंह एडवोकेट को औपचारिक रूप से कार्यभार सौंपते हुए उनका पुष्पमालाओं से अभिनंदन किया और मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने युवा राष्ट्रीय लोकदल को संगठनात्मक रूप से और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाए जाने की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर अजीत सिंह एडवोकेट ने राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह एवं युवा राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र सिंह पटेल का आभार व्यक्त किया। जिनके नेतृत्व और मार्गदर्शन में संगठन निरंतर प्रगति




कर रहा है।इस अवसर पर नवनियुक्त क्षेत्रीय अध्यक्ष अनुज चौधरी ने पार्टी के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी एवं प्रदेश अध्यक्ष युवा रालोद रविंद्र सिंह पटेल का आभार व्यक्त करते हुए उपस्थित सभी क्षेत्रीय पदाधिकारी एवं रूहेलखंड क्षेत्र से संबंधित सभी जनपदों के जिला अध्यक्षों से अपेक्षा कि मैं आपके भरोसे को कायम रखने का हर संभव प्रयास करूंगा साथ ही में आपसे अपेक्षा करता हूं कि आप भी पार्टी द्वारा चलाए गए कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे जिससे युवा राष्ट्रीय लोकदल रोहिलखंड क्षेत्र प्रदेश मैं अपना अलग स्थान बना सके। उपस्थित सभी पदाधिकारी से अनुज चौधरी ने कहा आप सब लोग पार्टी द्वारा चलाए गए सदस्यता अभियान में अधिक से अधिक बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर युवा राष्ट्रीय लोकदल से युवाओं को जोड़ने का काम करेंगे।अनुज चौधरी ने बताया कि जून के प्रथम सप्ताह में क्षेत्रीय भ्रमण का कार्यक्रम भी प्रारंभ कर रहा हूं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश सचिव में सतीश चौधरी एवं शिवम राणा, महिला प्रकोष्ठ से रौनक खान पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष रूहेलखंड क्षेत्र के जिला अध्यक्षों में इरकान मलिक अमरोहा, गुरमीत सिंह चीमा, विमल कुमार संभल, सुमित चौधरी बरेली, अनिल चौधरी रामपुर,आसिफ खान बदायूं, प्रदेश सचिव यावर अली एवं राहुल बालियान, क्षेत्रीय कार्यकारिणी से दीपक रंधावा, सौरभ चौधरी, अरुण कलेर, ट्रांसलेट आकाश कुमार एवं युवा पदाधिकारी मौजूद रहे।

### विवाहिता के मायके पहुंचकर दिया तीन तलाक, मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** रुस्तम नगर सहसपुर की रहने वाली विवाहिता को पति ने मायके में पहुंचकर तीन तलाक दे दिया। वही उत्पीड़न करने के मामले में पुलिस ने मुक. दमा दर्ज किया है। रुस्तमनगर सहसपुर की रहने वाली रहमती ने मुकदमा दर्ज कराया कि 2 जनवरी 2013 को उसका निकाह करुला के मिठ्ठन पुत्र छोटे के साथ हुआ था। मिठ्ठन व उसके बेटे शाहिद,इरफान, इमरान, रिजवान आदि ने उसका उत्पीड़न शुरू कर दिया। गंदी गालियां देकर मारपीट किया करते थे। वही उसके पूर्व पति से पैदा हुए बेटों को भी जान से मारने की धमकी देते थे। पिछले साल 10 फरवरी को रा से मारपीट करके घर से निकाल दिया। वह अपने मायके रुस्तमनगर सहसपुर पहुंची। 21 अप्रैल को दोपहर 3 बजे सभी लोग घर में आ गए। इस दौरान गंदी गालियां दी।

जान से करने का प्रयास करने लगे। पति मिठ्ठन ने सभी के सामने लगातार तीन तलाक दे दिया। मामले में तहरीर के बाद पुलिस ने मिठ्ठन व उनके बेटों पर मुकदमा दर्ज किया है।

**बेदखली सूचना**

मैने अपने पुत्र **विशाल सिंह** व पुत्रवधू **श्रीमती रीना** को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखलकर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमे बाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **श्रीमती सुनीता पत्नी स्व. हरिओम सिंह निवासी प्रकाश नगर गली नम्बर-2 थाना मझोला तहसील व जिला मुरादाबाद।**

**संबंध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र शुएेब अख्तर नशे का आदी हो गया है। मेरा कहा सुना भी नहीं मानता है। गलत संगत में पड़ने के कारण मैं अपने पुत्र शुएेब अख्तर से सभी संबंध समाप्त करती हूं। भविष्य में मेरा तथा मेरे परिवार का इनसे कोई मतलब वास्ता नहीं होगा। जो भी मतलब वास्ता रखेगा वह स्वयं जिम्मेदार होगा। **रोशन जहां पत्नी गुलजार निवासी मोहल्ला बाड़वान धामपुर जिला बिजनौर।**

**बेदखली सूचना**

मैने अपने पुत्र **आशु गोला** व पुत्रवधू **श्रीमती राखी** को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखलकर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमे बाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **प्यारेलाल पुत्र स्वर्गीय श्री गेंदनलाल निवासी गंज गुरहट्टी गंज निकट दुर्गा मंदिर, तहसील व जिला मुरादाबाद**

**बेदखली सूचना**

हमने अपने पुत्र मोहम्मद आकिल व पुत्रवधू श्रीमती गुलफशा बी को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी गलत कृत्यों/ लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद हमारा व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य से इनका कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा। जाकिर हुसैन पुत्र नन्हे व श्रीमती कनीज फात्मा पत्नी जाकिर हुसैन निवासीगण गली नं.-6 आलम शादी हाल के पास, आबिद नगर ऊँचा टीला पोस्ट सीतापुरी तहसील व जिला मुरादाबाद।

## डॉ. के विक्रम राव की स्मृति में जर्नलिज्म संस्थान खोले सरकार: अम्मार रिजवी

● यूपीडब्लूजेयू शुरू करेगी जिलों में गोष्ठियां: हसीब सिद्दीकी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद/लखनऊ।** इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे स्वर्गीय श्री के विक्रम राव को आज यूपी प्रेस क्लब में भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई । श्रद्धांजलि सभा में विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं, पत्रकारों और मजदूर संगठनों के नेताओं ने उन्हें स्मरण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

श्रद्धांजलि सभा में यूपी सरकार के पूर्व मंत्री अम्मार रिजवी ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि राव साहब ने कभी चुनौतियों के आगे झुकना नहीं सिखा । वह समस्याओं के खिलाफ लड़ते थे। उन्होंने शोक सभा में प्रस्ताव रखा की के विक्रम राव के नाम पर एक इंस्टीट्यूट आफ जर्नलिज्म उत्तर प्रदेश सरकार स्थापित करें। इस बारे में यूनियन के प्रस्ताव पर वह मुख्यमंत्री से बात करेंगे। श्री रिजवी ने यह भीअपील किया कि प्रदेश के सभी पत्रकार संगठनों को इस प्रस्ताव के समर्थन में सरकार को ज्ञापन भेजना चाहिए। एन सी पी के वरिष्ठ नेता पूर्व विधायक सिराज मेंहदी ने कहा कि उनका जाना बेहद दुखद रहा। वह एक बहादुर नेता थे। संगठन के रूप में उनके कार्य अद्वितीय थे। राव ने पत्रकार साथियों के लिए श्रेष्ठ मानदंड स्थापित किया। हिंद मजदूर सभा के नेता उमाशंकर मिश्रा ने के विक्रम राव के संघर्ष को याद करते हुए कहा कि आज के विक्रम राव जैसे व्यक्तित्व के धनी पत्रकारों की कमी हो गई है। जिसे पूरा तो नहीं किया जा सकता लेकिन उनके दिखाए गए मार्ग पर चलने की जरूरत है। यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन के अध्यक्ष हसीब सिद्दीकी ने के विक्रम राव को याद करते हुए कहा कि उन्होंने पत्रकारीय हितों के रक्षा के लिए लंबा संघर्ष किया । जहां-जहां उन्होंने संघर्ष की अगुवाई की उन जगहों पर उनकी स्मृति में गोष्ठियां आयोजित की जाएं। यूपी प्रेस क्लब के अध्यक्ष रविंद्र सिंह ने कहा कि डॉ विक्रम राव कभी भी किसी के समक्ष झुके नहीं , उन्होंने अपना पूरा जीवन पत्रकारीय हितों के लिए समर्पित



कर दिया। देश दुनिया की घटनाओं की उनकी जानकारी अद्वितीय थी। इस अवसर पर उपस्थित स्वर्गीय के विक्रम राव की पत्नी डॉक्टर सुधा राव, पुत्र के विश्वदेव राव, बेटी विनीता ने उनकी स्मृति में पौधारोपण किया।

शोक सभा में प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री डॉ महेंद्र सिंह, पूर्व विधायक शैलेश सिंह शैलू , भाजपा प्रवक्ता समीर सिंह, इंसराम अली, रजत मिश्रा, विजय शंकर पंकज, देवराज सिंह, प्रेम कांत तिवारी, शिवशरण सिंह ,सुरेश बहादुर सिंह, नितिन श्रीवास्तव, राकेश पाण्डेय, सर्वेश सिंह, मनोज मिश्रा, भरत सिंह , प्रद्युम्न तिवारी, मसूदउल हसन जफर इरशाद , धीरेंद्र श्रीवास्तव, श्याम बाबू, इन्द्र मणि, राजेंद्र द्विवेदी, नायला किदवई समेत उपस्थित पत्रकारों, राजनेताओं ने अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

## शीशम की लकड़ी से भरा छोटा हाथी वन विभाग ने पकड़ा

**ठाकुरद्वारा।** सुरजननगर में वन विभाग ने मुखबिर की सूचना पर छापेमारी कर जंगल से काटकर लाई जा रही शीशम की लकड़ी से भरा छोटा हाथी पकड़ लिया। वन विभाग के दरोगा ने बताया कि लकड़ियों से भरे छोटे हाथी को पकड़कर वन विभाग की टीम अपने कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के सुरजननगर में वन विभाग ने मुखबिर की सूचना पर छापेमारी कर के शीशम



सहित अन्य लकडियों से भरा छोटा हाथी को पकड़ लिया है। जिससे वन विभाग के दरोगा केपी सिंह ने बताया कि सुरजननगर क्षेत्र से लकड़ियों से भरा छोटा हाथी पकड़ा है। उसमें अलग अलग तरह की लकड़ी भरी हुई है। वाहन में करीब 5-6 कुंतल शीशम की लकड़ी भी भरी हुई है। उसकी जांच कर विधि कार्यवाही की जाएगी। छोटे हाथी को वन विभाग टीम ने अपने कब्जे में लेकर वन विभाग चौकी पर ले गई है ओर विधि कार्यवाही शुरू कर दी है।

## गोवंशीय पशु के अवशेष मिले अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज

**भोजपुर।** इस्लामनगर धारकनंगला रोड पर खेतों में गोवंशीय पशु के अवशेष मिलने से हड़कंप मच गया। पुलिस ने चौकीदार की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव गौहरपुर सुल्तानपुर के चौकीदार मुस्तफा पुत्र शराफत ने प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक को बताया कि धारकनंगला रोड पर सड़क किनारे बटाईदार बाबू पुत्र मुंशी के गन्ने के खेत के किनारे गोवंशीय पशु की खाल पड़ी है। उससे कुछ दूर भोला पुत्र रामस्वरूप के खेत में गोवंशीय पशु का सिर पड़ा है। देखने से लगता है कि अवशेष दो-तीन दिन पुराने हैं और किसी ने कहीं दूसरे स्थान पर पशु का वध करके अवशेष यहां पर लाकर डाले हैं। पुलिस ने चौकीदार की तहरीर पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक ने आरा. पी को शीघ्र गिरफ्तार कर जेल भेजने की बात कही है।

# मेले में बार बालाओं के अश्लील डांस की वीडियो वायरल

**मेला प्रबंधक सहित तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज**

**ठाकुरद्वारा।** धार्मिक स्थल पर लगने वाले वार्षिक मेले में बारवालाओं द्वारा अश्लील डांस का वीडियो वायरल होने पर सुरजननगर चौकी प्रभारी की तहरीर पर पुलिस ने मेला कमेटी के अध्यक्ष , उपाध्यक्ष व ठेकेदार के खिलाफ विभिन्न धाराओ में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। चौकी सुरजननगर क्षेत्रान्तर्गत न्लों वाले बाबा पर फीका नदी के पुल के समीप मन्दिर पर वैशाखी मेले का आयोजन 07.05.2025 से 08.06.2025 तक किया जा रहा है। मेले के आयोजन के संबंध में मेले प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष सुनील कुमार पुत्र नौबाहार निवासी ग्राम सुरजननगर व उपाध्यक्ष संजीव कुमार पुत्र छत्रपाल सिंह निवासी ग्राम आन्दीपुर थाना अफजलगढ़ जिला बिजनौर द्वारा उपजिलाधिकारी से मेले के आयोजन की अनुमति प्राप्त की गई। उक्त अनुमति के इस शर्त के साथ प्रदान की गई कि आवेदन पत्र में दी गई अन्डर टैकिंग के साथ साथ शर्तो का पालन



किया जायेगा। मेला समारोह में बारबालाओं द्वारा अश्लील नृत्य नहीं किया जायेगा। मेला प्रबन्धक समिति उपरोक्त व मेले के ठेकेदार जाबेद पुत्र लियाकत निवासी थाना ठाकुरद्वारा द्वारा प्रदान की गई अनुमति के दिशानिर्देशों का पालन न कर उल्लघन करने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। जिसमें दर्शाया गया कि बीती रात मेले में नृत्यकाओं द्वारा अश्लील नृत्य किया गया। बारबालाओं द्वारा अश्लील डांस का वीडियों वायरल हुआ तो प्रशासन नींद से जाग गया।

जिसमें सुरजननगर चौकी प्रभारी ओंमकार सिंह की तहरीर पर पुलिस ने मेला प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष सुनील कुमार पुत्र नौबाहार निवासी ग्राम सुरजननगर ,उपाध्यक्ष संजीव कुमार पुत्र छत्रपाल सिंह निवासी ग्राम आन्नदीपुर थाना अफजलगढ़ जिला बिजनौर व मेले के ठेकेदार जाबेद पुत्र लियाकत थाना ठाकुरद्वारा जिला मुरादाबाद के विरूद्ध विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## अधिवक्ता ने की सड़क को गड्ढा मुक्त कराने की उठाई मांग

**ठाकुरद्वारा।** सम्पूर्ण समाधान दिवस में अधिवक्ता ने शिकायत पत्र देकर ठाकुरद्वारा सुरजननगर, फैजुलगंज, राघूवाला,होलिका मंदिर से रमनावाला,उद्यान विभाग की आराजी से देहात बिजली घर को जाने वाले मार्ग की सड़क को गड्ढा मुक्त कर सड़क ठीक करने की मांग की है। सम्पूर्ण समाधान दिवस में अधिवक्ता नोशाद उस्मानी ने शिकायत पत्र देकर ठाकुरद्वारा सुरजननगर , फैजुलगंज, राघूवाला,होलिका मंदिर से रमनावाला,उद्यान विभाग की आराजी से देहात बिजली घर को जाने वाले मार्ग पर गहरे गडढे हो गए जिससे आय दिन दुर्घटना हो रही हैं व वाहन छतिग्रस्त हो रहे हैं उक्त मार्ग पर चलना मुश्किल हो गया है।

वही अधिवक्ता द्वारा पूर्व में भी प्रार्थना पत्र दिये जा चुके हैं जिसमे कोई कार्यवाही नहीं हुई है। उक्त सड़को के गड्ढे अति शीघ्र भरवाये जाने व उक्त मार्ग को गड्ढा मुक्त किया जाने। साथ ही ठाकुरद्वारा शरीफनगर मार्ग में बन रहे पुलो के निर्माण में तेजी से कार्य करने की अधिवक्ता नोशाद उस्मानी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायत पत्र देकर सड़क को गड्ढा मुक्त कराने व सड़क ठीक करने की मांग की है।

## एक नजर

### न्यू मॉर्डन टेलर की खुली दूसरी ब्रांच, मुफ्ती राशिद अफाकी ने किया उद्घाटन

**कुन्दरकी।** नगर के प्रसिद्ध टेलर न्यू मॉर्डन टेलर की दूसरी ब्रांच के उद्घाटन के मौके पर मुफ्ती राशिद अफाकी ने उद्घाटन किया। इस मौके पर दुआ भी कराई गई। मुफ्ती राशिद अफाकी ने अपनी दुआओं से सभी को नवाजा इस दौरान ब्रांच के संचालक ने कहा अल्लाह के करम से आज दूसरी ब्रांच खोली गई है। हम लोगो को सुविधा देने के लिए इस नई ब्रांच



की शुरुआत कर रहे हैं। इस मौके पर अच्छन खां इख्तियार अहमद चोदरी फिरासत हुसैन ऐड जावेद खान असलम खान सत्तार अहमद सुखनंदन सिंग शाहिद खां आदि शामिल रहे।

### स्टेट बैंक की स्थानीय शाखा में कार्यरत मोनिका की प्रोन्नति पर किया सम्मानित

**बिलारी।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय जैन और उनकी टीम ने नारी सम्मान का एक और उदाहरण प्रस्तुत करते हुए भारतीय स्टेट बैंक की स्थानीय शाखा में कार्यरत मोनिका की प्रोन्नति होने पर बैंक शाखा में समारोह पूर्वक सम्मानित किया, उनके वर्ष के कार्यकाल को प्रेरक बताते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की उन्हें स्मृति चिह्न दिया। मूल रूप से दिल्ली की रहने वाली मोनिका की यहां यह पहली नियुक्ति थी उन्होंने अपने अनुभव में कहा कि मुझे स्टाफ के साथ यहां के ग्राहकों ने काफी सम्मान और सहयोग दिया जो



मुझे याद रहेगा, मेरा मार्गदर्शन करता रहेगा। शाखा प्रबंधक शुभम कश्यप ने कहा कि शाखा में मोनिका ने अच्छा काम किया, स्टाफ ने भी परस्पर सहयोग से शाखा को आगे बढ़ाने में सहयोग किया है, आज बैंक शाखा का भवन भी आधुनिक तकनीक से लैस सज्जायुक्त बन गया है। व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय जैन ने कहा कि बिलारी नगर और क्षेत्र के आर्थिक विकास में अन्य बैंकों के साथ एसबीआई का भी प्रमुख योगदान है जो लंबे समय से यहां अपनी भरोसेमंद सेवाएं सेवा दे रहा है। स्टाफ ने भी उन्हें उपहार देकर उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर फील्ड ऑफिसर अरुण शर्मा, सोनप्रकाश, सुशांत यादव,विश्वजीत सिंह, अर्जुन सिंघल, फैयाज अहमद, विपिन कुमार, विशेष गुप्ता, हरगोविंद, जमा हैदर,रामवीर, राम भरोसे, अर्जुन कुमार, विशाल कुमार, धर्मपाल चावला, गुफरान आदि ने उन्हें सम्मानित किया।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हुई मीटिंग

**बिलारी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलारी में चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर हरिश. चंद्र एवं विश्व स्वास्थ्य संगठन मुरादाबाद के एसएमओ द्वारा आर आई माइक्रो प्लान रिव्यू मीटिंग में सभी एएनएम को आर आई प्लान को पुन: तैयार करने हेतु विस्तार से जानकारी दी गई। मीटिंग में विश्व स्वास्थ्य संगठन के फील्ड मॉनिटर कुलदीप सिंह ने पॉइंट टू पॉइंट आर ए प्लान हेतु सभी एएनएम को विस्तार से बताया और गुणवत्ता को बनाए रखने हेतु विशेष जोर दिया। इस मौके पर चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर शिशिर कुमार, डॉ मोनाजिर इमाम, डॉ मौ साजिद, डॉ आदित्य कुमार, प्रतिरक्षण अधिकारी सतीश चंद्र गुप्ता, शानु कुमार, विकेश कुमार, रजत शर्मा, लवी वर्मा,आसिम चौधरी, सभी हेल्थ सुपरवाइजर आदि ने भाग लिया।

### अधिवक्ता को दी घर पहुंच कर धमकी कई लोगों पर मुकदमा दर्ज

**बिलारी।** नगर के मोहल्ला ओमविहार कॉलोनी निवासी अधिवक्ता के घर पर कुछ लोगों ने पहुंचकर धमकी दी। पूर्व में चल रही रंजिश को लेकर घटना कारित की गई। अधिवक्ता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। बिलारी के ओम विहार कॉलोनी निवासी राजू गुप्ता एडवोकेट ने मुकदमा दर्ज कराया की 5 मई को सुबह 7 बजे उनके घर के गेट पर किसी ने आवाज लगाई जब वह गेट पर पहुंचे तो बताया कि मैं फतेहपुर नत्था से मुकुट हूं।

उसने गंदी गाली देकर जान से मारने की धमकी दी। वही कहा कि यदि 22 मई तक महेश नाम के व्यक्ति के मुकदमे को खत्म नहीं कराया तो तुझे और तेरे भाई गंगा प्रसाद को जेल में भिजवा देंगे। इस मामले को लेकर वीडियो भी बनाई गई। मुकुट के खिलाफ कई मुकदमे अदालतों में चल रहे हैं, इसके अलावा लखेंद्र यादव पर भी फोन पर धमकी भरे लहजे में बात करने की बात कही। इस मामले में तहरीर देने पर मुकुट, महेश कुमार, लखेंद्र यादव, ऋषिपाल , अजय आदि के विरुद्ध एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके जांच शुरू कर दी।


## कार्यालय ग्राम पंचायत कमालपुरी खालसा
**विकास खंड-ठाकुरद्वारा ( मुरादाबाद )।**

पत्रांक: मीमो/पंचम राज्य वित्त आयोग/पन्द्रहवां वित्त आयोग/2025-26 दिनांक: 17.05.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

विकास खण्ड-ठाकुरद्वारा की ग्राम पंचायत कमालपुरी खालसा में पंचम राज्य वित्त आयोग/पन्द्रहवां वित्त आयोग योजनान्तर्गत अमर सिंह के घर से तसलीम के घर तक नाली/सीसी टाईल्स निर्माण कार्य कराया जाना है। उक्त कार्य के लिए सामग्री आपूर्ति सील बंद निविदाएं दिनांक 25.05.2025 को समय 3 बजे अपराहन तक ग्राम पंचायत अधिकारी के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। जिन्हें उसी दिन 3.00 बजे अद्योहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा खोली जायेगी। कार्य से संबंधित बिल ऑफ क्वान्टिटी निविदा पत्र के साथ कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा की शर्ते एवं प्रक्कलन आदि किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है। नियमानुसार धरोहर राशि एनएससी/कि.वि.प./डाक खाने की पास बुक/एफडीआर व नकद के रूप में जमा करानी होगी जो ग्राम पंचायत अधिकारी के नाम बंधक होगी। बिना अग्रीम बयाने की धनराशि के कोई भी टेण्डर मान्य नहीं होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | सामग्री की अनुमानित लागत लाख | जमानत की 2% राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अमर सिंह के घर से तसलीम के घर तक नाली/सीसी टाईल्स निर्माण कार्य। | सीमेंट, रेत, बजरी, बजरफुट, रोडी, ईंट सीसी टाईल्स आदि। | 216400/- | 4328/- | 500/- | 2 माह |

**प्रतिबंध/शर्ते:**-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**ग्राम सचिव/ग्राम प्रधान-कमालपुरी खालसा**
**विकास खण्ड ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद**


## नगर में शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर निकाला फ्लैग मार्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** नगर में शांति व्यवस्था अपराध नियंत्रण को लेकर इंस्पेक्टर क्राइम के नेतृत्व में भारी पुलिस बल के साथ नगर के मुख्य मार्गो से सुरक्षा व्यवस्था को लेकर फ्लैग मार्च कर शांति बनाए रखने की अपील की हैं। शनिवार को इंस्पेक्टर क्राइम सजंय कुमार शुक्ला के नेतृत्व में नगर में शांति व्यवस्था बनाये रखने, अपराध नियंत्रण, कानून एवं तथा जनमानस में सुरक्षा की भावना जागृत करने के दृष्टिगत को लेकर नगर में कोतवाली चौराहा , बुधबाजार , पुरानी घास मंडी बाजार गंज कदीर तिराहा, चलचित्र रोड, कामालपूरी मार्ग अस्पताल रोड पर पैदल फ्लैग मार्च कर लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील करते हुए सोशल मीडिया पर वायरल अफवाहों को कोई ध्यान ना देने व अफवाह फैलाने वाले के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने की बात कही है। इस दौरान फ्लैग मार्च में , ,विपिन कुमार , बलराम दीक्षित, ,मनीष कुमार,



जितेंद्र कुमार, मीणा, आसिम मिया, महिला उपनिरीक्षक आरती अरोड़ा, अर्चना तोमर,कांस्टेबल सन्नी कुमार, मनीष कुमार, राजू कुमार,योगेश कुमार परविंदर कुमार, रजत बालियान, सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## बैंकों में चलाया संघन चेकिंग अभियान

**ठाकुरद्वारा।** नगर में कोतवाली पुलिस ने अपराधियों पर नियंत्रण के दृष्टिगत नगर के सभी बैंकों, एटीएम व बैंकों के आसपास खड़े वाहन की संघन चेकिंग अभियान चलाकर संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ कर सुरक्षा व्यवस्था परखी कर ग्रामीणों व बैंक कर्मचारियों को सुरक्षा व्यवस्था का कराया एहसास कोतवाली प्रभारी जसपाल सिंह ग्वाल के निर्देश पर उपनिरीक्षक अर्चना तोमर के नेतृत्व में भारी पुलिस कर्मियों के साथ नगर के बैंक व एटीएम की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया इस दौरान नगर के बैंको के आस पास विभिन्न जगहों पर वाहनों को भी चेक किया गया व आस पास खड़े संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई है साथ ही सीसीटीवी कैमरे को देखा गया साथ ही रजिस्टर चेककर बैंक सुरक्षाकर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए चेकिंग अभियान में महिला कांस्टेबल रूबी , कांस्टेबल शुभम कुमार सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दंपत्ति घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नगर में मुखिया के ढाबे के पास ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दंपत्ति घायल हो गया। उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां से जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया।

बिलारी थाना क्षेत्र के गांव आरीखेड़ा निवासी प्रतीक शर्मा पुत्र हरिओम शर्मा जो मौजूदा समय में चंदौसी रह रहे हैं। वह अपनी पत्नी आरती गौड के साथ मुरादाबाद से किसी काम से आ रहे थे। शाम के समय मुखिया के ढाबे के पास ट्रक से बाइक की टक्कर हो गई। इस हादसे में बाइक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। बाइक पर बैठे प्रतीक व उनकी पत्नी आरती घायल हो गए। 108 एंबुलेंस के द्वारा प्राथमिक उपचार के लिए साम. दायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया। जहां डॉक्टरों ने उपचार शुरू किया। जहां से जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया। दोनों की हालत खतरे से बाहर बताई गई है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत अब्दुल्लापुर लेदा
**विकास खंड-ठाकुरद्वारा ( मुरादाबाद )।**

पत्रांक: मीमो/पंचम राज्य वित्त आयोग/पन्द्रहवां वित्त आयोग/2025-26 दिनांक: 17.05.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

विकास खण्ड-ठाकुरद्वारा की ग्राम पंचायत अब्दुल्लापुर लेदा में पंचम राज्य वित्त आयोग/पन्द्रहवां वित्त आयोग योजनान्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्य कराया जाना है। उक्त कार्य के लिए सामग्री आपूर्ति सील बंद निविदाएं दिनांक 25.05.2025 को समय 3 बजे अपराहन तक ग्राम पंचायत अधिकारी के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। जिन्हें उसी दिन 3.00 बजे अद्योहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा खोली जायेगी। कार्य से संबंधित बिल ऑफ क्वान्टिटी निविदा पत्र के साथ कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा की शर्ते एवं प्रक्कलन आदि किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है। नियमानुसार धरोहर राशि एनएससी/कि.वि.प./डाक खाने की पास बुक/एफडीआर व नकद के रूप में जमा करानी होगी जो ग्राम पंचायत अधिकारी के नाम बंधक होगी। बिना अग्रीम बयाने की धनराशि के कोई भी टेण्डर मान्य नहीं होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | सामग्री की अनुमानित लागत लाख | जमानत की 2% राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मैन रोड से इदरीश के घर तक नाली/सीसी टाईल्स निर्माण कार्य। | सीमेंट, रेत, बजरी, बजरफुट, रोडी, ईंट सीसी टाईल्स आदि। | 126400/- | 2528/- | 500/- | 2 माह |
| 2 | मैन रोड से राजपाल के घर तक नाली/सीसी टाईल्स निर्माण कार्य। | सीमेंट, रेत, बजरी, बजरफुट, रोडी, ईंट सीसी टाईल्स आदि। | 151000/- | 3020/- | 500/- | 2 माह |
| 3 | तोसीक के घर से तौफीक के घर तक नाली/सीसी टाईल्स निर्माण कार्य। | सीमेंट, रेत, बजरी, बजरफुट, रोडी, ईंट सीसी टाईल्स आदि। | 184000/- | 3680/- | 500/- | 2 माह |
| 4 | स्कूल वाले चौराहे से हफीजु उद्दीन की बुनियाद तक नाली/सीसी टाईल्स निर्माण कार्य। | सीमेंट, रेत, बजरी, बजरफुट, रोडी, ईंट सीसी टाईल्स आदि। | 106000/- | 2120/- | 500/- | 2 माह |

**प्रतिबंध/शर्ते:**-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**ग्राम सचिव/ग्राम प्रधान-अब्दुल्लापुर लेदा**
**विकास खण्ड ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद**



**संबंध विच्छेद सूचना**

मैं अपने सगे भाई मौ. सलमान सैफी व उसकी पत्नी श्रीमती जेबा रानी से गलत आचरण के कारण अपने समस्त संबंध विच्छेद करती हूं। भविष्य में मेरा व मेरे परिवार का उससे कोई लेना-देना नहीं होगा। उनके सभी कृत्यों-लेनदेन के वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। श्रीमती उजमा परवीन पत्नी जियाउल हक पुत्री मौहम्मद शफीक मरहूम निवासी मौहल्ला रहमत नगर गली नंबर -1, मुस्लिमा इंटर कॉलेज, थाना कटघर, मुरादाबाद।

**संबंध विच्छेद सूचना**

मैं अपने साले मौ. सलमान सैफी व उसकी पत्नी श्रीमती जेबा रानी से गलत आचरण के कारण अपने समस्त संबंध विच्छेद करता हूं। भविष्य में मेरा व मेरे परिवार का उससे कोई लेना-देना नहीं होगा। उनके सभी कृत्यों-लेनदेन के वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। **जियाउल हक पुत्र शाह मौहम्मद निवासी मौहल्ला रहमत नगर गली नं.-1, मुस्लिमा इंटर कॉलेज, थाना कटघर, मुरादाबाद।**



**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

| | | | |
|---|---|---|---|
| विभाग | Electrical (TRD) | टेंडर नं. | T-03-TRD-MB-25-26 |
| कार्य का नाम | मुरादाबाद मंडल में कोरोडेड ओ.एच.ई. के उन्नयन (चरण-IV) व अतिरिक्त विश्वस्तता संबंधी कार्य। | | |
| निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक एवं समय | 09.06.2025, 15:00 Hrs | कार्य की अनुमानित लागत | Rs 56,32,255.66/- (Including GST) |
| बिड सिक्यूरिटी राशि (₹) | Rs. 1,12,700/- | निविदा प्रपत्र मूल्य (₹) | NIL |
| ऑफर की वैधता (दिन) | 60 days | कार्य पूरा करने की अवधि | 06 Months |
| वेबसाइट एवं कार्यालय का पता | www.ireps.gov.in कार्यालय मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर रेलवे मुरादाबाद | | |

निविदा सूचना सं.: Elect/TRD/MB/2025-26/TN-02 दिनांक : 16.05.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1457/2025


## रिया सीमेंट की दुकान में चलता मिला पेप्सी का गोदाम

### खाद्य सुरक्षा व औषधि विभाग ने की छापेमारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मूंढ़ापांडे।** थाना क्षेत्र के दलपतपुर चौराहे से कुछ दूरी पर सहायक आयुक्त खाध एवं औषधी विभाग ने दलपतपुर में मोहम्मद जियान कोल्ड ड्रिंक गोदाम पर छापेमार कर कार्यवाही की, अवैध रूप से चल रहा कोल्ड ड्रिंक कारोबार एक सीमेंट सरिया गोदाम से संचालित हो रहा था , दलपतपुर में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग की टीम ने शनिवार को एक कोल्ड ड्रिंक के गोदाम पर छापा मारा गोदाम सरकारी जनहित सुरक्षा नियम को दरकिनार कर सीमेंट एवं आयरन स्टोर से अवैध तरीके से चलाया जा रहा था अधिकारियों द्वारा सुरक्षा सम्बन्धित कागजात मागनें पर संचालक उपलब्ध कराने में असमर्थ रहा छापेमारी के दौरान विभागीय अधिकारियों ने गोदाम में रखी कोल्ड ड्रिंक की विभिन्न ब्रांडों के पेय पदार्थों के बोतलों की जांच की, इस दौरान जीरा, फ्रूटी और जम्प नामक कोल्ड ड्रिंक्स के नमूने भरकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे दिय हैं।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि नमूनों की रिपोर्ट आने के बाद ही यह तय हो सकेगा कि पेय पदार्थ मानकों पर खरे उतरते हैं या नहीं रिपोर्ट में गड़बड़ी पाए जाने पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। क्षेत्र में विभाग की आचानक छापामारी से आसपास के अन्य व्यापारियों में खलबली मच गई और खाद्य एवं मिष्ठान केंद्र संचालको ने अपनी दुकानों को बंद कर दिया।


**न्यायालय श्रीमान अपर जिला जज फास्ट ट्रैक कोर्ट नम्बर-2, महोदय-जनपद मुरादाबाद।**
**सिविल अपील सं. :** 07/2025
**तारीख पेशी:** 28.05.2025
**खलील अहमद आदि बनाम मोहम्मद नासिर आदि।**
**बनाम**

1. मोहम्मद नासिर पुत्र अल्ताफ हुसैन निवासी सराय हुसैनी बेगम कुंचा दर्जिया किसरौल मुरादाबाद परगना व जिला मुरादाबाद, 2. श्रीमती फरहा अदीवा पत्नी मोहम्मद नासिर निवासी सराय हुसैनी बेगम कुंचा दार्जिया किसरौल मुरादाबाद परगना व जिला मुरादाबाद, 3. इस्लाम पुत्र शाहिद निवासी ग्राम भदौरा परगना व जिला मुरादाबाद, 4. अनीस पुत्र मोहम्मद हनीफ निवासी ग्राम मुकर्रबपुर परगना व जिला मुरादाबाद। चूंकि उपरिनामांकित वादी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया जाता है कि अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संर्दिशत करने के लिये 2025 के माह 05 के दिवस 28 को 10 बजे पूर्वान्ह अथवा बंधक रूपये अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2025 के माह 05 के दिवस 17 को निकाली गयी है।

**प्रबंधक**
**अपर सत्र न्यायाधीश ( फास्ट ट्रैक कोर्ट नम्बर-2, मुरादाबाद।**

**न्यायालय श्रीमान अपर जिला जज फास्ट ट्रैक कोर्ट न.-2, मुरादाबाद।**
**वि.वाद सं. :** 267/2024
**तारीख पेशी:** 30.05.2025
शहरोज खां पुत्र श्री मोइनउद्दीन खां निवासी घेर नासिर खां रामपुर-**वादी।**
**बनाम**

1. श्रीमती विल्कीस जहां बेगम (मृतक), 1/1-श्री सबीह उर रहमान खां आयु लगभग 60 वर्ष, 1/2-सैफुर रहमान खां आयु लगभग 52 वर्ष पुत्रगण श्री रफीकउर रहमान खां, 1/3-श्रीमती नबीला खां आयु लगभग 50 वर्ष पत्नी श्री मिनहाज उद्दीन पुत्री श्री रफीक उर रहमान खां वर्तमान निवासनी 26220 ई डे विमान ड्राइव औरोरा कालोरडो यू.एस.ए. द्वारा अपने मुख्तारे आम श्री सबीह उर रहमान खां विपक्षी सं.-1, 1/1ता1/1, समस्त निवासी गण मौहल्ला घेर सैद खां, मुरादाबाद-**विपक्षीगण।** चूंकि उपरिनामांकित प्रार्थी अपीलांट के इस न्यायालय में यह आवेदन किया जाता है कि प्रार्थना पत्र अर्न्तगत आदेश 9 नियम 9 तथा धारा 151 सीपीसी अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संर्दिशत करने के लिये 2025 के माह 05 के दिवस 30 को 10 बजे पूर्वान्ह अथवा बंधक रूपये अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवे. दन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2025 के माह 05 के दिवस 17 को निकाली गयी है।

**प्रबंधक**
**अपर सत्र न्यायाधीश ( फास्ट ट्रैक कोर्ट नम्बर-2, मुरादाबाद।**



## कार्यालय ग्राम पंचायत रूपपुर टंडौला
**विकास खंड-ठाकुरद्वारा ( मुरादाबाद )।**

पत्रांक: मीमो/पंचम राज्य वित्त आयोग/पन्द्रहवां वित्त आयोग/2025-26 दिनांक: 17.05.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

विकास खण्ड-ठाकुरद्वारा की ग्राम पंचायत रूपपुर टंडौला में पंचम राज्य वित्त आयोग/पन्द्रहवां वित्त आयोग योजनान्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्य कराया जाना है। उक्त कार्य के लिए सामग्री आपूर्ति सील बंद निविदाएं दिनांक 25.05.2025 को समय 3 बजे अपराहन तक ग्राम पंचायत अधिकारी के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। जिन्हें उसी दिन 3.00 बजे अद्योहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा खोली जायेगी। कार्य से संबंधित बिल ऑफ क्वान्टिटी निविदा पत्र के साथ कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा की शर्ते एवं प्रक्कलन आदि किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है। नियमानुसार धरोहर राशि एनएससी/कि.वि.प./डाक खाने की पास बुक/एफडीआर व नकद के रूप में जमा करानी होगी जो ग्राम पंचायत अधिकारी के नाम बंधक होगी। बिना अग्रीम बयाने की धनराशि के कोई भी टेण्डर मान्य नहीं होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | सामग्री की अनुमानित लागत लाख | जमानत की 2% राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम रूपपुर टंडौला में प्रा0वि0 की बाउंड्रीवाल के दोनों साईड मिट्टी भराव कार्य। | मिट्टी भराव आदि। | 219000/- | 4380/- | 500/- | 2 माह |
| 2 | ग्राम रूपपुर टंडौला में अंबेडकर पार्क में मिट्टी भराव कार्य। | ,, | 113000/- | 2260/- | 500/- | 2 माह |
| 3 | होली चौक से ओमप्रकाश के घर एवं विनोद के घर से राजवीर के घर तक सीसी रोड निर्माण। | सीमेंट, रेत, बजरी, बजरफुट, रोडी, ईंट सीसी रोड आदि। | 148784/- | 2976/- | 500/- | 2 माह |
| 4 | रिजवान के घर के सामने से ज्ञानप्रकाश के घर एवं टीकाराम के घर से गजराम के घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य। | सीमेंट, रेत, बजरी, बजरफुट, रोडी, ईंट सीसी रोड आदि। | 255709/- | 5114/- | 500/- | 2 माह |

**प्रतिबंध/शर्ते:**-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**ग्राम सचिव/ग्राम प्रधान-रूपपुर टंडौला**
**विकास खण्ड ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद**


# महात्मा फुले व सावित्री बाई के संघर्षों पर आधारित फिल्म ने किया प्रेरित: जयवीर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** पी.वी. आर सिनेमा पर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने फुले फिल्म का सामूहिक प्रदर्शन किया। इस दिया। फिल्म देखने के बाद कार्यकर्ताओं ने समाज में व्याप्त असमानता, गैर-बराबरी व छुआछूत को समाप्त करने का संकल्प लिया। जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव ने



दौरान कार्यकर्ताओं ने असमानता और छुआछूत के खिलाफ संघर्ष करने का संकल्प लिया। शनिवार को कांठ रोड स्थित पी. वी. आर. सिनेमा में जिला समाजवादी पार्टी मुरादाबाद के कार्यकर्ताओं ने फुले फिल्म का सामूहिक रूप से प्रदर्शन देखा। इस कार्यक्रम का नेतृत्व समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव यादव व पूर्व प्रत्याशी लाखन सिंह सैनी ने किया। फिल्म प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने पीडीए एकता जिंदाबाद और अखिलेश यादव जिंदाबाद के नारों से सिनेमा हॉल को गूंजा बताया की फुले की रिलीज से पहले कुछ समूहों ने इसकी कहानी में जातिगत भेदभाव के चित्रण पर आपत्ति जताई थी। हालांकि फिल्म के रिलीज होने के बाद इसने दर्शकों का दिल जीत लिया। यह फिल्म न केवल फुले दंपति के संघर्ष को दिखाती है। बल्कि आज के भारत में भी उनकी शिक्षाओं और सुधारों की कहानी भी पेश करती है। पूर्व प्रत्याशी लाखन सिंह सैनी ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले और उनकी पत्नी के संघर्षों पर आधारित यह फिल्म बनी है। इस फिल्म से बहुत कुछ सीखने को मिला है। उन्होंने कहा 2027 में प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने और अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का भी संकल्प लिया। इस दौरान जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव, लाखन सिंह सैनी,नाजिम अली, धर्मेन्द्र यादव,वेद प्रकाश सैनी, महेंद्र पाल सिंह, जयकुमार प्रजापति योगेन्द्र यादव,,सुरेंद्र शर्मा,दीवाशु सागर,अलका दुबे प्रदीप यादव, नागभारती, राकेश राठी, अमित प्रजापति,प्रेमबाबू बाल्मीकि, जिगरी मलिक, वाजिद मलिक, फाजील मलिक, नजाकत अली, मोईनुद्दीन,आजम खान, हिमांशु सैनी, अमरजीत जाटव,सत्यजीत भाथ, सरदार पाल, प्रवीण सैनी, शंकर लाल सैनी,मो अली, शाकिर अली आदि सैकड़ो पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में 35 फरियादियों ने पहुंच कर दर्ज कराई अपनी शिकायत, मौके पर कोई निस्तारण नहीं

**ठाकुरद्वारा।** सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील सभागार में एसडीएम की अध्यक्षता में आयोजित किया गया । जिसमें डिप्टी एसपी ने 35 फरियादियों ने पहुच कर अपनी समस्याओं से अगवत कराते हुए निस्तारण की मांग की है। मौके पर कोइ निस्तारण नही हुआ है। वही पांच शिकायतो की जांच कर निस्तारण के लिए विभागीय अधिकारियों की टीम गठित की गई हैं। नगर में शनिवार सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील सभागार में एसडीएम प्रीति सिंह की अध्यक्षता में आयोजन किया गया। इसमें एसडीएम प्रीति सिंह व डिप्टी एसपी रुद्र कुमार सिंह को 35 फरियादियों ने अपनी अपनी समस्याओं से अगवत कराते हुए समस्याओं का निस्तारण कराने की मांग की वही जिससे मौके किसी भी शिकायत का निस्तारण नही किया गया वही पांच शिकायतो की जांच कर निस्तारण के लिए विभागीय अधिकारियों की टीम गठित गई हैं। जिसमें तत्काल प्रभाव से जांच कर निस्तारण करने के आदेश दिए गए है। सम्पूर्ण समाधान दिवस में ,तहसीलदार, भोपाल सिंह, , नायाब तहसीलदार आदित्य कुमार, कोतवाली प्रभारी जसपाल सिंह इंस्पेक्टर क्राइम संजय शुक्ला,सहित क्षेत्र के विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# शीर्ष पर पहुंचना चाहेगा पंजाब

**पंजाब के लिए सीजन का 59वां मैच काफी अहम है**

**जयपुर, वार्ता।** मेजबान राजस्थान रॉयल्स को हरा कर पंजाब किंग्स का लक्ष्य इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंचना होगा। रविवार दोपहर को सवाई मानसिंह स्टेडियम में उनका मुकाबला राजस्थान रॉयल्स से होगा। राजस्थान पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुका है। पंजाब के लिए सीजन का 59वां मैच काफी अहम है। पंजाब ने अपने पिछले पांच मैचों में से चार जीते हैं और श्रेयस अय्यर की कप्तानी में सही समय पर शीर्ष पर पहुंच गया है। राजस्थान के खिलाफ जीत से पंजाब किंग्स शीर्ष पर पहुंच सकता है, जिससे प्लेऑफ की दौड़ और भी कड़ी हो जाएगी। इसके विपरीत, राजस्थान रॉयल्स पिछले पांच मैचों में से चार में हार के बाद इस मैच में उतरेगी। शुरुआती उम्मीदों पर खरा उतरने वाली यह फ्रेंचाइजी मौकों का फायदा उठाने में विफल रही है और चोटों और असंगति से जूझ रही है। चोट के कारण संजू सैमसन के बाहर होने के कारण, नेतृत्व और स्थिरता मिलना मुश्किल हो गया है। पंजाब की ताकत उनके विस्फोटक बल्लेबाजी क्रम और संतुलित गेंदबा. जी आक्रमण में निहित है। सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्य और प्रभसिमरन सिंह शानदार फॉर्म में हैं, आर्य ने पिछले मैच में सिर्फ 34 गेंदों पर 70 रन बनाए। मध्य क्रम में, विकेटकीपर-बल्लेबाज जोश इंगलिस और कप्तान अय्यर मजबूती और गति प्रदान करते हैं। ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस और अजमतुल्लाह उमरजई, यदि उपलब्ध हों, तो निचले मध्य क्रम को और मजबूत करते हैं। गें. दबाजी विभाग में, अर्शदीप सिंह पावरप्ले और डेथ ओवरों में तेज गेंदबाज बने हुए हैं, जबकि मार्को जेनसन और ओमरजई सीम विकल्प प्रदान करते हैं। अनुभवी लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल, जिन्होंने इस सीजन में महत्वपूर्ण विकेट लिए हैं, जयपुर की पिच पर एक महत्वपूर्ण खतरा होंगे, जिसने मध्यम टर्न और दो-गति की उछाल दिखाई है। घरेलू टीम के लिए युवा सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने गुजरात टाइटन्स के खिलाफ सीजन की शुरुआत में धमाकेदार शतक के साथ खुद को साबित किया, और रियान पराग ने हाल ही में केकेआर से हारने पर 95 रनों की पारी खेलकर अकेले दम पर खेला। हालांकि, फिनिशिंग फायरपावर की कमी और संघर्षरत गें. दबाजी इकाई ने उनके अभियान को नुकसान पहुंचाया है।

# प्लेऑफ की उम्मीदों को जिंदा रखने के लिए उतरेगी डीसी

**दिल्ली कैपिटल्स को हाई-स्टेक मुकाबले में गुजरात को हर हाल में हराना होगा**

**नई दिल्ली, वार्ता।** अपने पहले छह मैचों में से पांच में जीत के साथ इस सीज़न की शानदार शुरुआत करने वाली दिल्ली कैपिटल्स को प्लेऑफ़ की अपनी उम्मीदों को बनाए रखने के लिए रविवार को अरुण जेटली स्टेडियम में होने वाले हाई-स्टेक मुकाबले में गुजरात टाइटन्स को हर हाल में हराना होगा।

पिछले 11 मैचों में 13 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर काबिज दिल्ली अभी भी अंकों के लिहाज से प्लेऑफ़ के लिए दावेदार है लेकिन अन्य दावेदारों के पीछे होने और केवल तीन मैच बचे होने के कारण एक और चूक उन्हें भारी पड़ सकती है। दूसरी ओर, गुजरात टाइटन्स इस सीज़न में 11 मैचों में 16 अंकों के साथ सबसे सफल टीम रही है और शीर्ष दो में जगह बनाने के करीब है। मेजबान टीम को बड़ा झटका तब लगा जब स्टार तेज गेंदबाज़ मिशेल स्टार्क टूर्नामेंट के बाकी बचे मैचों से बाहर हो गए। उनकी अनुपस्थिति ने तेज गेंदबाजी आक्रमण को कमजोर कर दिया है, जिससे दुष्मंथा चमीरा, मुकेश कुमार और वापसी करने वाले टी नटराजन पर अतिरिक्त दबाव पड़ा है। 12 विकेट और 6-74 की इकॉनमी के साथ कुलदीप यादव मध्य ओवरों में उनके सबसे भरोसेमंद विकल्प बने हुए हैं। केएल राहुल ने दिल्ली के लिए बल्ले से बेहत. रीन प्रदर्शन किया है, उन्होंने 142-16 की स्ट्राइक रेट से नौ पारियों में 381 रन बनाए हैं। अभिषेक पोरेल ने शीर्ष क्रम में मजबूत साथ दिया है, जबकि अक्षर पटेल और प्रभावशाली खिलाड़ी आशुतोष शर्मा ने निचले क्रम में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। दक्षिण अफ्रीकी अनुभवी फाफ डु प्लेसिस और ट्रिस्टन स्टब्स के देर से आने से टीम के फिर से खेलने की उम्मीद जगी है। जेक फेजर-मैकगर्क की जगह बांग्लादेश के तेज गें. दबाज मुस्तफिजुर रहमान को टीम में शामिल किया गया है, लेकिन रविवार के मैच के लिए उनकी उपलब्धता अनिश्चित है, क्योंकि उनके पिछली शाम शारजाह में एक अंतर्राष्ट्रीय टी-20 मैच खेलने की उम्मीद है। इस बीच, गुजरात टाइटन्स अच्छी तरह से व्यवस्थित दिख रही है और सही समय पर शीर्ष पर पहुंच रही है। उनके शीर्ष क्रम साई सुदर्शन, शुभमन गिल और जोस बटलर सभी ने इस सीजन में 500 रन का आंकड़ा पार कर लिया है, जिससे उन्हें बल्लेबाजी में एक मजबूत बढ़त मिली है। शेरफेन रदरफोर्ड और राहुल तेवतिया ने मध्यक्रम में और भी आक्रामक खेल दिखाया है, जबकि उनकी गेंदबाजी इकाई लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रही है। मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा ने सामूहिक रूप से 35 विकेट लिए हैं।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### बारिश के कारण बेंगलुरु-केकेआर के बीच मुकाबला खतरे में

**बेंगलुरू, वार्ता।** विराट को. हली के शानदार टेस्ट करियर के लिए आयोजित की जाने वाला भव्य समारोह आज शाम खटाई में पड़ सकता है। भारी बारिश के कारण एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में आरसीबी और केकेआर के बीच आईपीएल 2025 का मैच पटरी से उतरने का खतरा है। पूर्व भारतीय कप्तान की लाल गेंद वाले क्रिकेट से विदाई की यादें प्रशंसकों के जेहन में ताजा हैं, ऐसे में आरस. ीबी के खिलाड़ी अपने आइकन को सम्मानित करने के लिए तैयार हैं, जो भावनात्मक रूप से काफी रोमांचक होने का वादा कर रहा है। हालांकि, इंद्र देवता सहयोग करने के लिए अनिच्छुक दिखाई दे रहे हैं। पूर्वानुमानों के अनुसार टॉस के समय शाम सात बजे बारिश होने की 71 प्रतिशत संभावना है, और पूरी शाम बारिश जारी रहेगी। एक्यूवेदर के अनुसार, शाम पांच बजे बारिश की संभावना 58 प्रतिशत है और रात 9 बजे भी यह 49 प्रतिशत बनी हुई है, जिससे संभावित बाढ़ की आशंका बढ़ गई है।पिछले कुछ दिनों में बेंगलुरु और कर्नाटक के कुछ हिस्सों में लगातार बारिश हुई है, कई इलाकों में जलभराव की खबरें हैं। चिन्नास्वामी स्टेडियम, हालांकि विश्व स्तरीय जल निकासी प्रणाली से लैस है, फिर भी अगर शाम तक बारिश जारी रहती है तो संघर्ष करना पड़ सकता है। यह मैच काफी अहम है। आरसीबी को प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की करने के लिए जीत की जरूरत है और वह अंक साझा करने से बचना चाहेगी। इस बीच, केकेआर इस सीजन में एक बार पहले ही मौसम की मार झेल चुका है - ईडन गार्डन्स में पंजाब किंग्स के खिलाफ उसका पिछला मैच सिर्फ एक ओवर के बाद रद्द कर दिया गया था। आयोजक और प्रशंसक अब सांस रोककर आसमान को देख रहे हैं। बारिश के साफ होने पर देर से शुरू होने की उम्मीद है, लेकिन कोहली को विदाई देने वाले एक पूर्ण, सूखे स्टेडियम में खेले जाने वाले भावनात्मक प्रतिध्वनि मौसम की पहली मार हो सकती है।

# नीरज चोपडा ने पहली बार किया 90 पार

**● नीरज चोपडा ने दोहा डायमंड 90.23 मीटर की शानदार छलांग लगाई**

**दोहा, वार्ता।** भारत के ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा ने शुक्रवार रात दोहा डायमंड लीग में 90.23 मीटर की शानदार छलांग लगाकर अपने करियर में पहली बार 90 मीटर की बाधा को पार किया, लेकिन जर्मनी के जूलियन वेबर ने नाटकीय अंदाज में उन्हें जीत से वंचित कर दिया, जिन्होंने अंतिम दौर में 91.06 मीटर की छलांग लगाकर विश्व में अग्रणी स्थान हासिल किया।

टोक्यो 2020 के स्वर्ण पदक विजेता और मौजूदा विश्व रजत पदक विजेता चोपड़ा ने ऐतिहासिक थ्रो के साथ शुरुआत में ही लय बना ली थी जिससे वह 2019 में शिवपाल सिंह द्वारा 90.10 मीटर (हवा की मदद वाली परिस्थितियों में) के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाले केवल दूसरे भारतीय बन गए। 26 वर्षीय खिलाड़ी ने थ्रो के बाद जीत की खुशी में अपने हाथ ऊपर उठाए और एक बड़ी व्यक्तिगत उपलब्धि का जश्न मनाया। 2022 के यूरोपीय चैंपियन वेबर ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन आखिरी के लिए बचाकर रखा, छठे राउंड में एक बड़ा थ्रो फेंककर चोपड़ा के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया और सीजन की अपनी पहली डायमंड लीग जीत दर्ज की। ग्रेनेडा के दो बार के विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स 85-34 मीटर के साथ तीसरे स्थान पर रहे। 2025 डायमंड लीग कैलेंडर में तीसरे स्थान पर रही इस मीट में कई विश्व-अग्रणी प्रदर्शन और ट्रैक और फील्ड में ओलंपिक रीमैच देखने को मिले। जमैका की टिया क्लेटन ने महिलाओं की 100 मीटर में 10-92 सेकंड की विश्व बढ़त हासिल की, उन्होंने वापसी करने वाली शेली-एन फेजर-प्राइस सहित एक मजबूत क्षेत्र को हराया, जो 2022 के बाद से अपनी पहली प्रतिस्पर्धी दौड़ में चौथे स्थान पर रही। तीन बार की ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता फ्रेजर-प्राइस का सर्किट में गर्मजोशी से स्वागत किया गया। पुरुषों की 200 मीटर स्पर्धा में मौजूदा ओलंपिक चैंपियन बोत्सवाना के लेट्साइल टेबोगो ने यूएसए की कोर्टनी लिंडसे को मात्र 0:01 सेकंड से पीछे छोड़ दिया। उन्होंने 20:10 सेकंड का समय लिया, जबकि ललडसे ने 20:11 सेकंड का समय लिया। फील्ड स्पर्धाओं में ग्रेट ब्रिटेन की मौली कॉडरी ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा और महिलाओं की पोल वॉल्ट स्पर्धा में 4.75 मीटर की छलांग लगाकर जीत हासिल की। इस स्पर्धा में यूएसए की ओलंपिक चैंपियन कैटी मून और सैंडी मॉरिस शामिल थीं। इटली की रॉबर्टा ब्रूनी और मून ने 4.63 मीटर की समान छलांग लगाकर दूसरा स्थान हासिल किया। जमैका के रशीद ब्रॉडबेल ने पुरुषों की 110 मीटर बाधा दौड़ में 13.14 सेकंड के समय के साथ जीत हासिल की, जबकि यूएसए के शेल्बी मैकएवेन ने पुरुषों की ऊंची कूद में 2.26 मीटर की दूरी तय करके पेरिस ओलंपिक में मिली हार का बदला लिया और न्यूजीलैंड के हामिश केर (2-23 मीटर) को पछाड़कर जीत हासिल की। केन्या के धावकों ने एक बार फिर अपना दबदबा कायम किया।




## नया कीर्तिमान स्थापित करने पर नीरज को बधाई दी

जयपुर, वार्ता। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने एथलीट नीरज चोपड़ा को दोहा डायमंड लीग में इतिहास रचते हुए पहली बार 90 मीटर की दूरी पार कर नया कीर्तिमान स्थापित करने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। श्री शर्मा ने सोशल मीडिया के माध्यम से नीरज चोपड़ा के इस कीर्तिमान पर बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस असाधारण प्रदर्शन से उन्होंने सिद्ध कर दिया है कि अथक परिश्रम, दृढ़ संकल्प और समर्पण से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। उन्होंने कहा 'शाबाश नीरज। उल्लेखनीय है कि भारत के प्रतिभाशाली एथलीट नीरज चोपड़ा ने शुक्रवार को दोहा डायमंड लीग में अपने करियर में पहली बार 90.23 मीटर भाला फेंककर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

# चार देशों के टूर्नामेंट के लिए भारतीय हॉकी टीम घोषित

खिलाड़ियों को बहुमूल्य अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शन और अनुभव प्रदान करेगा।



**■ टूर्नामेंट में भारत के अलावा अर्जेंटीना, उरुग्वे और चीली खेलेंगे**

**नई दिल्ली, वार्ता।** अर्जेंटीना के रोसारियो में 25 मई से दो जून के बीच खेले जाने वाले चार देशों के टूर्नामेंट के लिए हॉकी इंडिया ने 24 सदस्यीय भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम की घोषणा कर दी है।

इस टूर्नामेंट में भारत के अलावा अर्जेंटीना, उरुग्वे और चिली भाग लेंगे। यह टूर्नामेंट दिसंबर में होने वाले एफआईएच हॉकी जूनियर महिला विश्व कप की तैयारी में अहम भूमिका निभायेगा। भारतीय टीम प्रत्येक देश के खिलाफ दो मैच खेलेगी। भारतीय टीम का नेतृत्व गोलकीपर निधि करेंगी जबकि फॉरवर्ड हिना बानो उप-कप्तान की भूमिका निभाएंगी। चयनित टीम में दूसरे गोलकीपर के रूप में एंजिल हर्षा रानी लमज शामिल हैं, जबकि विद्याश्री वी को स्टैंडबाय के रूप में शामिल किया गया है। रक्षात्मक इकाई में ममिता ओरम, लालथंटलुआंगी, मनीषा, पूजा साहू, पार्वती टोपनो, नंदिनी और साक्षी शुक्ला शामिल हैं। मिडफील्ड में प्रियंका यादव, अनीशा साहू, रजनी केरकेट्टा, बिनिमा धान, खैदेम शिलेमा चानू, संजना होरो, सुप्रिया कुजूर और प्रियंका डोगरा होंगी, जबकि हुडा खान और मुनमुनि दास को स्टैंडबाय मिडफील्डर के रूप में सूचीबद्ध किया जाएगा। फॉरवर्ड लाइन में हिना बानो, सोनम, सुखवीर कौर, गीता यादव, लालरिनपुई, कनिका सिवाच और करमनप्रीत कौर शामिल हैं, जबकि सेलेस्टिना होरो को स्टैंडबाय फॉरवर्ड के रूप में नामित किया गया है। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम के कोच तुषार खांडेकर ने कहा, ह जूनियर विश्व कप के छह महीने हम इस टीम से अपने सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों की पहचान करना चाहते हैं। यह दौरा खिलाड़ियों को बहुमूल्य अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शन और अनुभव प्रदान करेगा।

# भारत मालदीव को हराकर सैफ अंडर-19 के खिताबी मुकाबले में

**● भारत ने गोल्डन जुबली स्टेडियम में भारी बारिश के बीच मालदीव को 3-0 से हराया**

**अरुणाचल प्रदेश, वार्ता।** मौजूदा चैंपियन भारत ने यहां गोल्डन जुबली स्टेडियम में भारी बारिश के बीच मालदीव को 3-0 से हराकर सैफ अंडर-19 चैंपियनशिप 2025 के फाइनल में प्रवेश कर लिया। डैनी मेइतेई लैशराम (14'), ओमंग डोडम (21') और प्रशान जाजो (66') के गोलों ने खिताबी मुकाबले में भारत की आसान जीत सुनिश्चित की। भारत का सामना बांग्लादेश अंडर-19 टीम से होगा, जिसने पहले दिन हुए दूसरे सेमीफाइनल में नेपाल को 2-1 से हराया था। शुरुआत से ही भारत का खेल पर पूरी तरह नियंत्रण नजर आया। गेंद पर कब्ज़ा जमाकर और गति को नियंत्रित करते हुए उन्होंने लगातार हमलों के साथ मालदीव को अपने ही हाफ में धकेल दिया। 14वें मिनट में एक बेहतरीन कॉर्नर रूटीन के बाद शुरुआती सफलता मिली। प्रशान जाजो ने बाईं ओर से एक आकर्षक डिलीवरी की, और डैनी मीतेई ने बाएं पैर से वॉली से शानदार तरीके से गेंद को जोड़ा, जो उछलकर नेट के पीछे जा गिरी। यह डैनी का टूर्नामेंट का पाँचवाँ गोल था और उनकी शानदार फिनिशिंग का एक और उदाहरण था। भारत ने छह मिनट बाद ही दूसरा गोल किया और यह बेहतरीन टीम वर्क का नतीजा था। जाजो ने एक बार फिर शानदार खेल दिखाया और गेंद को बाएं विंग से आगे बढ़ाकर मालदीव की बैकलाइन पर पहुंचा दिया। मेइतेई ने स्थानीय पसंदीदा खिलाड़ी ओमांग डोडम को गेंद दी, जिन्होंने करीब से कोई गलती नहीं की और हाफ टाइम तक भारत को 2-0 की बढ़त दिला दी। हालांकि मालदीव ने पिछले मैचों में आक्रामक खेल दिखाया था, लेकिन उन्हें भारतीय डिफेंस को भेदने में दिक्कत हुई। जब वे शॉट लगाने में सफल रहे, तो गोलकीपर सूरज सिंह अहीबाम ने उनका बखूबी साथ दिया। भारत ने दूसरे हाफ में रणनीति के मामले में चतुराई दिखाई और मालदीव को वापसी करने का मौका नहीं दिया। ब्रेक के बाद उनके जोरदार तरीके से आगे बढ़ने की संभावना को देखते हुए भारत ने पासिंग लेन बंद कर दी और किसी भी संभावित खतरे को खत्म कर दिया। दूसरे हाफ में भारत ने खुद को अच्छी तरह से ढाल लिया और जल्द ही गोलकीपिंग की गलती का फायदा उठाया। 65वें मिनट में, जाजो ने बॉक्स के बाहर से दाएं पैर से जोरदार शॉट लगाया। मालदीव के गोलकीपर ज़ाहरान हसन ज़ियाद शॉट की गति का सही अनुमान नहीं लगा पाए और गेंद उनके हाथों से फिसल गई। जिसने मैच को 3-0 पर पहुंचा दिया।मालदीव द्वारा सम्मान बचाने के लिए कुछ देर से किए गए प्रयासों के बावजूद, भारत की बैकलाइन मूसलाधार बारिश के बीच भी दृढ़ रही और एक और सुनिश्चित प्रदर्शन किया। दूसरे मैच में, बांग्लादेश ने कड़े मुकाबले वाले सेमीफाइनल में नेपाल अंडर-19 के खिलाफ 2-1 से जीत के साथ सैफ अंडर-19 चैंपियनशिप के फाइनल में अपनी जगह पक्की की। पहले हाफ में गोल रहित और संघर्षपूर्ण खेल के बाद, खेल अंतिम 20 मिनट में जीवंत हो गया। आशिकुर रहमान ने 74वें मिनट में गोल करके स्कोरिंग की शुरुआत की, और संयमित फिनिश के साथ गतिरोध को तोड़ा।



# सिनर-अल्काराज इटैलियन ओपन के फाइनल में

**■ जेनिक सिनर ने अमेरिकी खिलाड़ी टॉमी पॉल को हराकर अगले दौर में बनाई जगह**

**रोम, वार्ता।** विश्व के नंबर एक खिलाड़ी जैनिक सिनर ने अमेरिकी टॉमी पॉल को हराकर कार्लोस अल्काराज़ के खिलाफ़ इटैलियन ओपन के फाइनल में जगह सुनिश्चित कर ली है। तीन महीने के डोपिंग प्रतिबंध के बाद अपने पहले टूर्नामेंट में घरेलू मैदान पर खेलते हुए, सिनर ने शुक्रवार को 11वें वरीय खिलाड़ी को 1-6, 6-0, 6-3 से हरा दिया। रोम के खचाखच भरे सेंटर कोर्ट में, 23 वर्षीय खिलाड़ी ने अपने अपराजित अभियान को 26 मैचों तक बढ़ाया। वह 1976 में एड्रियानो पनाटा के बाद टूर्नामेंट में पहले इतालवी पुरुष एकल विजेता बनने से एक जीत दूर रह गए हैं।

उतार-चढ़ाव भरे मैच में, पॉल ने पहले सेट में शानदार जीत हासिल करते हुए 5-0 की बढ़त हासिल की, जिसके दौरान सिनर ने 13 अनफोर्स्ड एरर किए और केवल दो विनर बनाए लेकिन दूसरे सेट के शुरू से ही मैच पलट गया। घरेलू प्रबल दावेदार ने पॉल को पीछे छोड़ते हुए लगातार नौ गेम जीत लिए, और अमेरिकी खिलाड़ी वापसी नहीं कर सका। इससे पहले शुक्रवार को, अल्काराज़ ने लो. रेंजो मुसेटी को 6-3, 7-6 (7-4) से हराकर इटली के खिलाफ़ फ़ाइनल की उम्मीदों को तोड़ दिया था। चार बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन अल्काराज़ इस महीने के अंत में होने वाले फ्रेंच ओपन के लिए अच्छी स्थिति में दिख रहे हैं। मौजूदा रोलैंड गैरोस चैंपियन ने सिर्फ़ दो घंटे से ज़्यादा समय में सीधे सेटों में जीत हासिल करके सीज़न के चौथे फ़ाइनल में प्रवेश किया। मुसेट्टी के लिए, यह स्पैनियार्ड से लगातार पाँचवीं हार थी, जिसमें पिछले महीने मोंटे कार्लो फ़ाइनल में क्ले पर हुई मुक़ाबले में मिली हार भी शामिल है। 23 वर्षीय मुसेट्टी ने पहले सेट में सर्विस के तीन ब्रेक दिए और 29 अनफ़ोर्स्ड एरर किए, और क्ले में अपना रैकेट पटकने के बाद अंपायर ने उन्हें चेतावनी दी। दूसरे सेट की शुरुआत में खिलाड़ियों ने ब्रेक का आदान-प्रदान किया और मुसेट्टी ने कुछ शानदार शॉट्स के साथ 4-3 से बढ़त हासिल की।

## इंग्लैंड दौरे के लिए इंडिया-ए का ऐलान

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने इंग्लैंड दौरे के लिए इंडिया-ए का ऐलान कर दिया है। डोमेस्टिक क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन करने वाले अभिमन्यु ईश्वरन को कप्तान बनाया गया है, जबकि ध्रुव जुरेल उनके डिप्टी बनाए गए हैं।

बीसीसीआई ने बताया कि शुभमन गिल और साई सुदर्शन दूसरे मैच से टीम के साथ जुड़ेंगे। टीम को इंग्लैंड में तीन मैच खेलने हैं। इनमें दो मैच इंग्लैंड लायंस के खिलाफ होंगे, जबकि तीसरा मैच भारतीय क्रिकेट टीम के साथ खेला जाएगा।

इंग्लैंड लायंस से इंडिया ए का पहला मैच 30 मई से 2 जून और दूसरा मैच 6 से 9 जून तक खेला जाएगा। जबकि भारतीय सीनियर टीम के साथ मुकाबला 13 से 16 जून के बीच खेला जाएगा। सीनियर टीम को 20 जून से इंग्लैंड के खिलाफ 5 टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी है। पहला मुकाबला हेडिंग्ले में खेला जाएगा। यह दौरा 4 अगस्त तक चलेगा। इन प्लेयर्स की हुई वापसी इस टीम में करुण नायर, शार्दूल ठाकुर और ईशान किशन जैसे बड़े नाम हैं। तनुष कोटियान, आकाश दीप भी शामिल हैं। शार्दुल ठाकुर का सीनियर टीम का हिस्सा बनना तय माना जा रहा है। सीनियर प्लेयर्स को भी टीम में चुना गया इस टीम में कई सीनियर टीम के प्लेयर्स को जगह दी गई है। इनमें ओपनर यशस्वी जायसवाल, करुण नायर, ध्रुव जुरेल, नीतीश कुमार रेड्डी, शार्दूल ठाकुर जैसे नाम हैं।

# फिर गरजा विकास प्राधिकरण का बुलडोजर, अवैध निर्माण को तोड़ा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अनुभव सिंह, आई.ए.एस. के स्पष्ट दिशा- निर्देशों के अनुपालन में नगर क्षेत्र मुरादाबाद में अवैध निर्माणों के विरुद्ध सख्त प्रवर्तन अभियान लगातार संचालित किया जा रहा है। उन्हीं के निर्देशन में को प्राधिकरण प्रवर्तन दल द्वारा अवैध निर्माणों पर बड़ी कार्रवाई अमल में लाई गई।

उत्तर प्रदेश नगर योजना एवं विकास अधिनियम, 1973 की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत जोन-1, सब-जोन-2 में प्राधिकरण की वैध स्वीकृति के बिना किए गए अवैध निर्माणों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए निम्न स्थलों पर प्रवर्तन कार्रवाई संपन्न कराई गई। भोला सिंह की मिलक, थाना मझोला, मुरादाबाद वाद संख्या- 573/2023 मौ0 मुमताज अवैध निर्माण : लगभग 06 बीघा भूमि पर वाद संख्या- 143/2023नाम श्रीमती वहिदन पत्नी जफर अली एवं श्री रहीस आदि अवैध निर्माण प्रधानमंत्री आवास योजना के निकट, लगभग 06 बीघा भूमि पर प्रवर्तन दल द्वारा दोनों स्थलों पर मौके पर पहुंचकर निर्माणाधीन एवं निर्मित अवैध निर्माणों को विधिवत नोटिस तामील कराते हुए धारा-27 एवं 28 के अंतर्गत कार्यवाही करते हुए बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कराया गया। मुरादाबाद विकास प्राधिकरण समस्त नागरिकों, भू-स्वामियों एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठान स्वामियों को पुनः कड़ी चेतावनी देता है कि नगर क्षेत्र में बिना प्राधिकरण की वैध स्वीकृति के कोई भी निर्माण कार्य प्रारंभ न करें। यदि अवैध निर्माण किया गया तो प्राधिकरण द्वारा त्वरित विधिक एवं प्रवर्तन कार्यवाही करते हुए संबंधित निर्माण को तत्काल प्रभाव से ध्वस्त अथवा सील कर दिया जाएगा तथा संबंधित के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाएगा। मुरादाबाद विकास प्राधिकरण समस्त आमजन से अपील करता है कि वे किसी भी भूखण्ड/भूमि का क्रय-विक्रय करने अथवा निर्माण कार्य प्रारंभ करने से पूर्व प्राधिकरण कार्यालय से भूमि की स्थिति एवं वैधता की जानकारी अनिवार्य रूप से प्राप्त करें। प्राधिकरण का उद्देश्य नगर क्षेत्र में नियोजित, सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित नगरीय विकास को सुनिश्चित करना है, जिसमें नागरिकों का सक्रिय सहयोग अपेक्षित है।

# मालगोदाम रोड पर कब्रिस्तान से हटाया गया अतिक्रमण

## ● ईओ धर्मराज ने कहा, स्वेच्छा से हटाएं अतिक्रमण



**चन्दौसी।** चन्दौसी को चांदसी नगरी बनाने के लिए डिप्टी कलेक्टर विनय मिश्रा को 06 माह पूर्व चन्दौसी भेजा गया था जिससे नगर में संकरी सड़कें एवं जाम से मुक्ति मिल सके क्योंकि चन्दौसी में फुब्बारा चौक, शक्तिनगर, बदायूं चुंगी, सीतारोड, आईटीआई के सामने व मुख्य बाजारों में काफी अतिक्रमण था। लोगों ने जगह-जगह स्थायी अतिक्रमण कर रखा था। करोड़ों रुपयों की जमीन लोगों के कब्जे में थी, सुभाषरोड स्थित नाले पर लोगों ने अवैध कब्जा कर सड़कें बना रखी थीं। कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी विनय मिश्रा ने अतिक्रमण हटाने के साथ-साथ मौके पर ही लोगों की समस्याओं का जबाव दिया और नियमों को समझाया। लगभग दो सौ महत्वपूर्ण स्थानों से अतिक्रमण हटाकर कब्जा मुक्त किया। वहीं फुब्बारा चौक पर भी लोगों ने नाले पर अतिक्रमण कर रखा था, अकेले डिप्टी कलेक्टर विनय मिश्रा ने निष्पक्षता से अतिक्रमण हटाने का काम किया जिसमें मंदिर की दीवारों को हटाया गया और कब्रिस्तान की दीवार भी हटायी गयी लेकिन मध्य में अतिक्रमण हटाने का कार्य रुक गया परंतु अब पुनः विनय मिश्रा के आने से अतिक्रमण हटना शुरु हो गया है। शनिवार को डिप्टी कलेक्टर विनय मिश्रा, अधिशासी अधिकारी धर्मराज सिंह व रेलवे अधिकारियों के साथ कब्रिस्तान स्थित रेलवे फाटक पर पहुंचे जहां क्रेन मशीन मंगवाकर कब्रिस्तान के बराबर से सभी जाल हटवा दिये।

अधिशासी अधिकारी ने कहा कि अतिक्रमण हटाने में स्थानीय लोगों, मीडिया, सामाजिक संगठनों को सहयोग करना चाहिए क्योंकि सड़कें चौड़ी होने एवं सुंदरता का लाभ स्थानीय नागरिकों एवं राहगीरों को मिलेगा। सभी लोग अतिक्रमण हटाने में पारदर्शिता के साथ सहयोग करें जिससे चन्दौसी को एक नया स्वरुप मिल सके।

## एक नजर

### तहसील समाधान दिवस में आई 50 शिकायत में चार का मौके पर निस्तारण

**कांठ।** तहसील में आज समाधान दिवस का आयोजन एसडीएम संत दास पवार की अध्यक्षता में किया गया जिसमें लोगों ने बिजली राशन सड़क विकास नहर राजस्व आदि विभागों की करीब 50 शिकायत दर्ज कराई जिनमें चार शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया बाकी



46 शिकायतों के निस्तारण को एसडीएम ने एक सप्ताह में पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिकायतों का निस्तारण भली प्रकार से गुणवत्ता के साथ किया जाना चाहिए और शिकायतकर्ता से पूछ कर उसका फीडबैक भी लेंगे तो अच्छा रहेगा।

इस मौके पर तहसीलदार अंजली सिंह नायब तहसीलदार योगेश शर्मा एसडीओ सचिन कुमार खंड विकास अधिकारी विकास कुमार सहित काफी विभागों के अधिकारी व प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने मिशन रोड सेफ्टी को लेकर भाकियू नेता से मांगा सहयोग

**कांठ।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी परामर्श पत्र सीओ अपेक्षा निम्बाडिया और थाना प्रभारी निरीक्षक छजलैट संजय पांचाल ने भारतीय किसान यूनियन के नेता ऋषिपाल सिंह को सौपा। जिसमें कहा गया कि वर्तमान समय में जनपद में सड़क मार्ग पर आवागमन के समय चार पहिया



और दो पहिया वाहनों की संख्या अधिक होने के कारण यातायात नियमों का पालन न करने से दुर्घटनाओं में वृद्धि हो रही है जिसमें मृत्यु व घायलों की संख्या बढ़ी है कई सड़क दुर्घटनाओं में परिवार के मुखिया की मृत्यु होने से परिवार की आर्थिक स्थिति और प्रगति बंद हो जा रही है घायल व्यक्ति भी विकलांगता के कारण अत्यंत दैनिय स्थिति में पहुंच जाता है उन्होंने सम्मानित नागरिक होने के नाते गांव के व्यक्तियों से यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक करने की अपील की और सड़क दुर्घटनाओं व उसमें होने वाली मृत्यु की संख्या में कमी लाने के लिए सुरक्षित एवं संरक्षित सड़क मार्ग पर आवागमन के समय यातायात नियमों का पालन करने के लिए सुझाव मांगा, और कहा कि जनपद में प्रचलित मिशन रोड सेफ्टी में भी अपना योगदान दें।

### गुलडिया मौढ़ा की विद्युत सप्लाई टाउन से जुड़वाने को लेकर लोगों ने किया एसडीओ का घेराव

**कांठ।** गुलडिया मौडा की विद्युत सप्लाई नगर से दिए जाने की ममग को लेकर गुलरिया निवासी रणबीर अनीता तुलाराम जितेंद्र सतबीर अनुज कुमार राजेश कुमार हरस्वरूप सिंह विवेक कुमार पूनम कमलेश आदि तहसील पहुंचे और एसडीओ को अपनी समस्या बताई। उन्होंने कहा कि 2017 में पट्टी मोडा गुलरिया को टाउन में शामिल कर लिया गया और



तभी से वह टाउन को गृह कर अदा कर रहे हैं लेकिन उन्हें विद्युत सप्लाई देहात फीडर से दी जा रही है जबकि बिल उनसे टाउन का वसूला जा रहा है लोगो का कहना था कि 6 दिन पहले फुंक चुके ट्रांसफार्मर को विभाग ने अभी तक नहीं बदलवाया। जिससे इस भीषण गर्मी में बच्चों का बड़ों का जीना मुहाल हो गया है और जब टाउन से जुड़वाने की बात करते हैं तो बिजली विभाग के अधिकारी एस्टीमेट बनाकर उन पर अनावश्यक पैसा जमा करने का दबाव बनाते हैं। लोगों का कहना था कि जब उनसे बिल टाउन के हिसाब से वसूला जा रहा है तो उन्हें बिजली भी टाउन से ही मिलनी चाहिए हालांकि एसडीओ ने उन्हें कल तक ट्रांसफार्मर लगवा कर विद्युत सप्लाई सुचारु करने का भरोसा दिलाया मगर लोगों ने टाउन से विद्युत सप्लाई दिए जाने की मांग रखी है।

### सरकारी नल की जगह पर कब्जा करने की एसडीएम से शिकायत

**कांठ।** सरकारी नल की जगह पर कब्जा करने की शिकायत ग्रामीण ने एसडीएम से की है शेरपुर गांव निवासी सतपाल सिंह पुत्र सुखी सिंह का कहना है कि उनके गांव में प्राइमरी स्कूल के सामने सरकारी भूमि में हैंड पम्प लगा हुआ था जिसको गांव के राजकुमार ने उखड़वा कर अपना निजी नल लगा लिया और अब उस जगह को कब्जा करने की नीयत से वहां ईट मंगा कर रख ली है जिस पर एक-दो दिन में चिनाई कर कब्जा होने जा रहा है उन्होंने कहा कि सावन के महीने में कावड़ यात्रियों को सरकारी नल पर पानी पीने की सुविधा मिलती है और इस नल से स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे भी अपनी प्यास बुझाते हैं उन्होंने इस भूमि को कब्जा मुक्त कराने की मांग उठाई है।

### टीएमयू की यूनाइटेड वी कैन कला प्रदर्शनी में बिखरे प्रतिभा के रंग

**मुरादाबाद।** कला, रचनात्मकता और नवाचार को समर्पित तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद में कॉलेज ऑफ फाइन आर्ट्स की ओर से यूनाइटेड वी कैन कला प्रदर्शनी का दीप प्रज्जवलित करके मुरादाबाद के उपजिलाधिकारी श्री राम मोहन मीना ने बतौर मुख्य अतिथि उद्घाटन किया। एचओडी श्री रविन्द्र देव ने मुख्य अतिथि का बुके देकर स्वागत किया।

इस मौके पर टीएमयू के कुलाधिपति श्री सुरेश जैन और एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन की उल्लेखनीय मौजूदगी रही। मुख्य अतिथि के संग-संग एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन ने बेहद संजीदगी से प्रदर्शनी को देखा। इस मौके पर ईडी श्री अक्षत जैन ने मुख्य अतिथि को फाइन आर्ट्स की ओर से बनाई गई उनकी पोर्ट्रेट भी भेंट की। प्रदर्शनी में बीएफए के छात्र-छात्राओं ने अपनी बहुआयामी कलात्मक प्रतिभा के रंग प्रस्तुत किए। बीएफए के स्टुडेंट्स ने कैनवस पेंटिंग के अतिरिक्त मुरल पेंटिंग्स, पोस्टर्स, लोगो डिजाइन, ब्रांड्स शीट्स, वाटर कलर पेंटिंग्स आदि का प्रदर्शनी में दर्शाए गई हैं। सातवीं वार्षिक कला प्रदर्शनी में एसोसिएट डीन प्रो. अमित कंसल, कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन के प्रिंसिपल प्रो. मनु मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### ग्राम प्रधान सचिन ने उठाई फजलाबाद मार्ग को दुरुस्त कराने की मांग

**कांठ।** सलेमपुर गांव के प्रधान सचिन चौधरी ने फजलाबाद मार्ग को दुरुस्त कराए जाने की मांग उठाई उन्होंने कहा कि रिजवान गर्ल्स कॉलेज के पास से एक मार्ग सलेमपुर तक जाता है।

लेकिन उसके खराब होने की वजह से लोगों को फजलाबाद आने-जाने में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है सलेमपुर गांव की आबादी 40 हजार के आसपास है और इतनी बड़ी आबादी होने के बाद भी गांव के संपर्क मार्गों की हालत ठीक नहीं है उन्होंने इस मार्ग और गांव को जोड़ने वाले अन्य मार्गो का पुनः निर्माण या मरम्मत कराए जाने की मांग उठाई है।

### कृष्णा देवी सेवा समिति ने खराब फ्रीजरों को लेकर एसडीएम को दिया ज्ञापन

**बहजोई।** नगर में विधायक व मंत्री द्वारा लगवाये गए फ्रीजर तीन दर्जन से अधिक फ्रीजर काफी समय से खराब पड़े हैं और हैंडपम्प भी खराब है इसी को लेकर कृष्णा देवी सेवा समिति द्वारा एसडीएम को ज्ञापन सोपा गया है ज्ञापन द्वारा बताया गया भीषण गर्मी पड़ रही है राहगीरों को प्यास की वजह से परेशानी का सामना करना पड़ रहा कुछ राहगीर मिनरल वाटर नहीं खरीद सकते फ्रीजर खराब होने की वजह से आखिर पानी के लिए इधर भटकना पढ़ रहा है। समिति ने बताया खराब फ्रीजर की जगह चिन्हित सरकारी हॉस्पिटल के गेट पर लगा फ्रीजर खराब है।

शमशान घाट पर शनि देव मंदिर शीतला माता मंदिर रोटरी क्लब वाल्मीकि मंदिर कुरेशियां मोहल्ला आदि जगहों पर फ्रीजर खराब है ज्ञापन में उपस्थित लोग भगवान शर्मा विनोद साथी सत्य प्रकाश दिनेश चौधरी अंशुल वार्ष्णेय सौरभ गुप्ता दिनेश शर्मा क्रांतिवीर शंकर लाल शर्मा रमाशंकर अखिलेश मुकेश कुमार डब्बू आदि लोग उपस्थित रहे।

### समझौता कराकर छह परिवारों को मिलाया

**चन्दौसी।** पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार के निर्देशन में चलाए जा रहे पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र द्वारा शनिवार को एक मीटिंग पुलिस लाइन बहजोई में महिला सेल प्रभारी निरीक्षक पूनम आनंद की देखरेख में संपन्न हुई, जहां पति-पत्नी के मध्य हुए विवादों को सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास किया गया जिसमें कुल 69 पत्रावलियों को सुनकर 20 पत्रावलियों का निस्तारण किया गया, 05 पत्रावली में विधिक कार्यवाही की संतुति की गयी तथा 06 परिवारों को मिलाया गया। साथ ही 09 पत्रावली न्यायालय में विचाराधीन होने अथवा आवेदक द्वारा बल न देने के कारण बंद की गयी। इस दौरान काउंसलर अखिलेश अग्रवाल, काउंसलर लव मोहन वार्ष्णेय एड0, काउंसलर कंचन महेश्वरी, बबीता शर्मा, श्वेता गुप्ता, सीमा आर्य आदि लोग उपस्थित रहे।

### प्रचंड गर्मी का कहर, चल रही गर्म हवाएं

**चन्दौसी।** मई माह आधा व्यतीत होने के बाद प्रचंड गर्मी ने दस्तक दे दी है। पारा 45 डिग्री से पार हो रहा है। लोग गर्मी से बैचेन हैं और बचाव के लिए कूलर एवं एसी का सहारा ले रहे हैं। पिछले दो दिन से रात्रि में हवा चलने से कुछ पारा गिरा परंतु अचानक लू की आहट शुरु हो गयी। शनिवार का पूरा दिन लू के थपेड़ों के बीच रहा, भीषण गर्मी से लोग परेशान दिखाई दिये, पूरे दिन ठंडे पानी से लोगों ने प्यास बुझाई। इधर नगर में नगरपालिका द्वारा वर्ष 2016 में जगह-जगह गरीब लोगों को ठंडा पानी मुहैया कराने के लिए 100 से अधिक वाटरकूलर लगाये गये थे जिससे आम लोगों को ठंडा एवं स्वच्छ जल उपलब्ध हो रहा था परंतु धीरे-धीरे उनकी उम्र पूरी हो गयी। अधिकांश ठंडा पानी देने वाले वाटरकूलर खराब हो गये जो लगभग कबाड़ बन चुके हैं अन्यथा भीषण गर्मी में लोगों को सुगमता से ठंडा पानी उपलब्ध हो जाता।

### पिछले दो वर्षों से लापता विवेक को नहीं तलाश कर पाई पुलिस

**चन्दौसी।** दो वर्ष पूर्व कोतवाली क्षेत्रांतर्गत सैंजनी ग्राम पंचायत में रहने वाले एक परिवार से लापता हुए विवेक पाल की गुमशदगी दर्ज होने के बाद भी पुलिस आज तक पता नहीं लगा पाई है। शायद विवेचकों को गायब हुए विवेक को तलाशने में रुचि ही नहीं थी। गुमशुदा विवेक के पिता किशनपाल पुत्र ताराचंद की पहले ही मौत हो चुकी है। मृतक किशनपाल के बेटी रजनी, चंद्रपाल, अजयपाल व विवेक चार बच्चे थे जिनमें रजनी की शादी से दो-तीन दिन पूर्व की विवेक गायब हो गया।

दो वर्ष पूर्व इस तरह से गायब होकर आज तक लौटकर नहीं आना चर्चा का विषय बना हुआ है। आखिर विवेक को जमीन खा गई या आसमान निगल गया, जरुर दाल में कुछ काला है। विवेक की मां पार्वती का रोते-रोते बुरा हाल है और विश्वास है कि उसका बेटा जीवित है और जरुर लौटकर आयेगा। हालांकि परिवार के लोगों ने रिश्तेदारों व आसपास क्षेत्र में तलाश किया परंतु नहीं मिला। परंतु अब न्यायालय के आदेश पर पुर्नविवेचना की जा रही है जिन-जिन लोगों से विवेक को बात होती थी, उसकी रिपोर्ट निकाली जा रही है क्योंकि घटना के बाद मोबाइल नहीं चला परंतु परिवार रिश्तेदार जिन लोगों से अनबन है।

उन सबके मोबाइल डीसीआर पर लगाकर पूरी जानकारी सामने आ सकती है। इधर सीओ अनुज कुमार चौधरी ने भी इस मामले को संज्ञान में लिया है। आखिर गुमशुदगी दर्ज हो जाने के बाद 02 वर्षों का समय व्यतीत हो गया है परंतु अभी तक विवेक गायब है। एक मामला जमीन को लेकर देखा जा रहा है क्योंकि विवेक व उसके भाईयों के पास जमीन है।




# नवागंतुक जनपद न्यायाधीश का किया स्वागत

## बार अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिन्हा व महासचिव अभिषेक भटनागर ने पदम नारायण मिश्रा को प्रतीक चिन्ह देकर किया सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** दि बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी में नवागंतुक जनपद न्यायाधीश पदम नारायण मिश्रा का स्वागत किया गया। स्वागत समारोह के अध्यक्षता बार अध्यक्ष प्रदीप सिन्हा एडवोकेट तथा संचालन बार महासचिव अभिषेक भटनागर एडवोकेट ने किया।

सभा में सर्वप्रथम एल्डर कमेटी अध्यक्ष रमाशंकर एडवोकेट द्वारा जनपद न्यायाधीश महोदय को पुष्प देकर स्वागत किया तदोपरांत बार अध्यक्ष प्रदीप सिन्हा द्वारा पदम नरायन मिश्रा को फूलों का गुलदस्ता देखकर बार एसोसिएशन में आगमन पर स्वागत किया। सभा में पुष्प यादव, बचन सिंह ,जरीफ अहमद, शाइस्ता परवीन, मुजम्मिल खान, तारा सिंह, सुगंधा सैनी, शरीफ अहमद, मौहम्मद तालिब, आदीश जैन, पारूल जैन, विजेन्द्र सिंह द्वारा नए जनपद न्यायाधीश को पुष्प देकर स्वागत किया गया। इसके पश्चात बार के पूर्व अध्यक्ष अमीरुल हसन जाफरी, अशोक कुमार सक्सेना तथा पूर्व महासचिव अभय ठाकुर, आनंद मोहन गुप्ता, आदित्य श्रीवास्तव, बार के सदस्य गण अनुज बिश्नोई, संजीव राघव, दिनेश चंद तिवारी, ग्रीश चन्द्र जायकवाल, महेश दत्त शर्मा ,संतोष कुमार सिंह, अंजार हुसैन, शैवी शर्मा, ओमपाल सिंह, हरीश कुमार, अतुल मथुर, सुरेश चंद्र गुप्ता,जाफर अली, टीकाराम दिवाकर द्वारा भी जनपद न्यायाधीश को पुष्प प्रदान किया गया। महासचिव अभिषेक भटनागर ने ने जनपद न्यायाधीश के जीवन के विषय में अवगत कराया तथा मुरादाबाद बार एसोसिएशन के गौरवपूर्ण इतिहास के बारे में भी चर्चा की गई इस अवसर पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष व महासचिव अभिषेक भटनागर द्वारा जनपद



न्यायाधीश को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया जनपद न्यायाधीश ने अपने में सम्बोधन मैं कहा कि न्यायिक अधिकारी व अधिवक्ता समाज का मुख्य उद्देश्य व अधिकारी को सरल व सहज रूप से न्यायिक प्रक्रिया अवगत कराते हुए न्याय के मुकाम तक पहुंचना है इस मुहीम में न्यायिक अधिकारी के साथ-साथ अधिवक्ताओं की भी विशेष भूमिका रहती है। जनपद न्यायाधीश ने कहा कि हम सबकी समाज के प्रति बहुत बड़ी जिम्मेदारी है और उसे जिम्मेदारी को हमें ईमानदारी से निर्वाह करना है सभा के अंत में बार अध्यक्ष प्रदीप सिन्हा जी ने जनपद न्यायाधीश वह अन्य न्यायाधीशों का आभार व्यक्त किये।

# संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम व सीओ ने सुनीं जनशिकायतें

**चन्दौसी।** शनिवार को तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें उपजिलाधिकारी निधि पटेल व सीओ अनुज चौधरी द्वारा जनसमस्याओं को सुना गया और संबंधित को समस्या निस्तारण हेतु निर्देशित किया। ग्राम गुमथल नि0 महिला ने शिकायत की 01 अप्रैल 2025 को कविता प्रभाकर पत्नी ज्ञानेन्द्र सिंह नि0 ग्राम कदरपुर थाना बनियाठेर ने घर आकर सिक्योरिटी कंपनी में नौकरी लगवाने का ऑफर दिया जिसमें 12000 रु. प्रतिमाह मिलेंगे और सचिन नि. लेखपाल कॉलोनी बबराला को एरिया इंचार्ज बताकर मिलवाया। सचिन उसे कई बार फील्ड में ले गया और उसके साथ रेप किया। बनियाठेर नि0 निजामुद्दीन पुत्र अच्छन द्वारा शिकायत दर्ज करायी गयी किर अतरासी में अवैध अतिक्रमण की शिकायत दर्ज करायी गयी। समाधान दिवस में कुल 60 शिकायतें दर्ज हुई जिनमें राजस्व विभाग की 25, पुलिस विभाग की 12, चकबंदी विभाग की 5, विकास विभाग की 03, खाद्य एवं रसद विभाग की 02, समाज कल्याण विभाग की 01, शिक्षा में 01 व अन्य सहित शिकायत रहीं और 10 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। इस दौरान तहसीलदार धीरेन्द्र सिंह, नायब तहसीलदार, एसडीओ, समाज कल्याण अधिकारी एवं अन्य विभागों के प्रति. निधि मौजूद रहे।



### निलंबित प्रोफेसर प्रवीण कुमार का आरोप, प्रबंधक कमेटी द्वारा किया जा रहा उत्पीड़न

**चन्दौसी।** एस.एम. कॉलेज प्रकरण में तीन लोगों को बाहर का रास्ता दिखा दिया गया है जिसमें एक महिला प्रोफेसर भी शामिल है। बताया गया है कि उक्त तीनों अपराधों में लिप्त हैं जिससे कॉलेज छवि खराब हो रही है। प्रबंधक कमेटी ने निलंबित प्राचार्य को यौन अपराध में लिप्त होने के कारण कॉलेज में प्रवेश वर्जित किया गया है। वीसी कोर्ट की रिपोर्ट आने के बाद भी तीनों को पुनः निलंबित करते हुए कॉलेज आने पर रोक लगा दी गयी है। इतना ही नहीं दोनों मुख्य प्रवेश द्वार पर बोर्ड लगा दिया गया कि प्राचार्य का कॉलेज में निषेध है। प्रोफेसर डा0 प्रवीण कुमार एवं उनके परिवार ने आरोप लगाया है कि प्रबंधक तंत्र द्वारा एक पक्षीय कार्यवाही कर उनका उत्पीड़न किया जा रहा है। पूरा षडयंत्र बनाया गया है। महाविद्यालय की प्रतिष्ठा भी धूमिल हो रही है। प्रबंधक कमेटी द्वारा जब-जब महाविद्यानलय में आयोग से प्राचार्य आते हैं, उन्हें बेइज्जत करके ही कॉलेज से बाहर कर दिया जाता है। उन्होंने कहा कि इतिहास गवाह है कि पिछले 40 वर्षों के रिकॉर्ड में आयोग से प्राचार्य का कार्यकाल पूर्ण नहीं हुआ।

कॉलेज में कार्यवाहक प्राचार्य ही जम पाए। डा0 प्रवीण कुमार ने कहा कि प्रबंधक तंत्र में घटना में उनका पक्ष जानने की कोशिश नहीं की। किसी भी सक्षम पुलिस अधिकारी द्वारा निष्पक्ष जांच की जाए तो सच्चाई सबके सामने आ जायेगी।

### अधिवक्ता परिषद ब्रज ने की स्वाध्याय मंडल की बैठक

**चन्दौसी।** अधिवक्ता परिषद ब्रज जनपद इकाई सम्भल के स्वाध्याय मंडल की बैठक बार रूम सभागार चंदौसी में आयोजित की गई जिसमें मुख्य वक्ता प्रवीण गुप्ता एड. ने निगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट एक्ट के अंतर्गत चेक सम्बन्धी मामलों पर बताया कि किन परिस्थितियों में चेक बाउंस के वाद न्यायालय में लाये जा सकते हैं और ऐसे वाद योजित करते समय क्या-क्या सावधानियां रखनी चाहिये। बैंक द्वारा चेक अनादृत कर दिये जाने पर एक माह के अंदर नोटिस देना अनिवार्य है तथा नोटिस अवधि पूरी होने के 01 माह के अंदर न्यायालय में वाद अवश्य योजित हो जाना चाहिए, यदि एक माह में वाद योजित नही किया जा सका तो पर्याप्त कारण होने पर देरी क्षमा किये जाने का भी प्रावधान है। इस सम्बंध में विभिन्न उच्च न्यायालय एवं सर्वोच्च न्यायालय की विधि व्यवस्थाओं के विषय में भी चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता राजीव शर्मा एवं संचालन विकास मिश्रा ने किया। बैठक में विष्णु शर्मा, अमरीश अग्रवाल, विभोर बंसल, सुनील कुमार, रजनी शर्मा, विक्रम चौहान, सचिन गुप्ता, अजय श्रीधर, आकाश मिश्रा, अजय कुमार, ललित कुमार, दिनेश शर्मा, यशपाल, राहुल पाल, कुसुम मिश्रा, संगीता सिंह, नीतू एवं आयुष वार्ष्णेय उपस्थित रहे।

# युवा राष्ट्रीय लोकदल के परिचय एवं कार्यभार ग्रहण समारोह का भव्य आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** रुहेलखंड क्षेत्र के जनपद मुरादाबाद स्थित रेस्टोरेंट में युवा राष्ट्रीय लोकदल का परिचय एवं कार्यभार ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन वर्तमान क्षेत्रीय अध्यक्ष अजीत सिंह एडवोकेट (प्रदेश सचिव) ने किया कार्यक्रम के संयोजक गुरमीत सिंह चीमा जिलाध्यक्ष मुरादाबाद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश महासचिव सतीश चौधरी ने की। निवर्तमान क्षेत्रीय अध्यक्ष (रुहेलखंड) एवं प्रदेश सचिव अजीत सिंह एडवोकेट ने नवनियुक्त क्षेत्रीय अध्यक्ष अनुज सिंह एडवोकेट का रुहेलखंड क्षेत्र के सभी जनपदों के जिला अध्यक्षों, क्षेत्रीय कार्यकारिणी के पदाधिकारीयों एवं प्रदेश पदाधिकारियों से परिचय कराया। कार्यक्रम के दौरान अजीत सिंह एडवोकेट ने अनुज सिंह एडवोकेट को औपचारिक रूप से कार्यभार सौंपते हुए उनका पुष्पमालाओं से अभिनंदन किया



और मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने युवा राष्ट्रीय लोकदल को संगठनात्मक रूप से और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाए जाने की आवश्यकता पर बल दिया। अजीत सिंह ने राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह एवं युवा राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र सिंह पटेल का आभार व्यक्त किया, जिनके नेतृत्व और मार्गदर्शन में संगठन निरंतर प्रगति कर रहा है। नवनियुक्त क्षेत्रीय अध्यक्ष अनुज चौधरी ने पार्टी के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी एवं प्रदेश अध्यक्ष युवा रालोद रविंद्र सिंह पटेल का आभार व्यक्त करते हुए उपस्थित सभी क्षेत्रीय पदाधिकारी एवं रूहेलखंड क्षेत्र से संबंधित सभी जनपदों के जिला अध्यक्षों से भरोसे पर खरा उतरने का भरोसा दिलाया। अनुज चौधरी ने बताया कि जून के प्रथम सप्ताह में क्षेत्रीय भ्रमण का कार्यक्रम भी शुरू होगा। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि सतीश चौधरी, शिवम राणा, महिला प्रकोष्ठ से रौनक खान पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष रूहेलखंड क्षेत्र के जिला अध्यक्ष इरकान मलिक अमरोहा, गुरमीत सिंह चीमा मुरादाबाद, विमल कुमार संभल, सुमित चौधरी बरेली, अनिल चौधरी रामपुर, आसिफ खान बदायूं, प्रदेश सचिव यावर अली एवं राहुल बालियान, क्षेत्रीय कार्यकारिणी से दीपक रंधावा, सौरभ चौधरी, अरुण कलेर, ट्रांसलेट आकाश कुमार एवं युवा पदाधिकारी मौजूद रहे।




**नई दिल्ली। 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता का जश्न मनाने और भारतीय सशस्त्र बलों के साथ एकजुटता व्यक्त करने के लिए 'तिरंगा यात्रा' में भाग लेते वकील।**

## लुप्तप्राय काकापो तोते को संरक्षित करने के लिए कृतिम गर्भाधान का सफल उपयोग

**ऑकलैंड।** न्यूजीलैंड के लुप्तप्राय हो रहे काकापो तोते को संरक्षित करने की दिशा में वैज्ञानिकों ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए इस प्रजाति की प्रजनन क्षमता में सुधार लाने और दुर्लभ आनुवंशिकी संरक्षित करने के लिए कृत्रिम गर्भाधान (एआई) का सफलतापूर्वक उपयोग किया है। न्यूज़ीलैंड के संरक्षण विभाग, ओटागो विश्व. विद्यालय और जर्मनी के जस्टस लिबीग विश्वविद्यालय गिसेन द्वारा किए गए एक अध्ययन के अनुसार, एआई दुनिया के सबसे दुर्लभ तोतों में से एक को संरक्षित करने के लिए एक शक्तिशाली उपकरण है, जो प्रजनन सफलता को बढ़ाने और आवश्यक आनुवंशिक विविधता को बनाए रखने में मददगार है।

# ट्रम्प के प्रवासियों को निकालने पर सुप्रीम कोर्ट की रोक

## कोर्ट के फैसले पर राष्ट्रपति नाराज, कहाः जज अपराधियों को देश से निकालने नहीं देंगे

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने ट्रम्प के वेनेजुएला के अप्रवासियों को देश से निकालने के फैसले पर रोक लगा दी है। कई अप्रवासी अभी टेक्सास की एक हिरासत केंद्र में बंद हैं। ट्रम्प प्रशासन 1798 के 'एलियन एनिमीज एक्ट' के जरिए उन्हें जल्द से जल्द देश से बाहर भेजना चाहता था।

ट्रम्प प्रशासन के फैसले पर रोक लगाते हुए कोर्ट ने कहा कि सरकार को लोगों को देश से निकालने से पहले उन्हें कानूनी प्रक्रिया का पूरा मौका देना होगा। कोर्ट ने यह भी कहा कि ट्रम्प प्रशासन ने जो तरीका अपनाया, जैसे कि 24 घंटे में बिना सुनवाई को अप्रवासी को देश से बाहर भेज देना, यह कहीं से सही नहीं है। एलियन एनिमीज एक्ट युद्ध के समय का बनाया हुआ कानून है जिसमें दुश्मनों को देश से निकालने के लिए कोई भी कानूनी कार्रवाई नहीं करनी होती है। हालांकि अमेरिकी संविधान के कुछ प्रावधान के जरिए इसे कोर्ट में चुनौती दी गई थी। निचली अदालत ने सुनवाई से इन्कार किया था, अब वही फैसला देगी इस फैसले का मतलब है कि प्रवासियों को यह जानने और अदालत में चुनौती देने का



**सरकार को लोगों को देश से निकालने से पहले उन्हें कानूनी प्रक्रिया का पूरा मौका देना होगा**

अधिकार है कि उन्हें क्यों निकाला जा रहा है। हालांकि यह फैसला अभी अस्थाई है और इस पर पूरी कानूनी लड़ाई अभी बाकी है। सुप्रीम कोर्ट ने मामला एक निचली अदालत (फिफ्थ सर्किट कोर्ट) को वापस भेज दिया है ताकि वहां इसे और अच्छे से सुना जा सके। यह वहीं अदालत ने जिसने अप्रैल में इस मामले में हस्तक्षेप करने से इन्कार कर दिया था। अदालत के फैसले पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने नाराजगी जताई है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा-सुप्रीम कोर्ट हमें अपराधियों को देश से बाहर निकालने की इजाजत नहीं देगा। ट्रम्प दूसरी बार सत्ता में आने के बाद से ही देश में अवैध तौर पर रह रहे लोगों को निकालने में जुटे हैं। ट्रम्प प्रशासन ने एलियन एनिमीज एक्ट का इस्तेमाल करते हुए मार्च 2025 में वेनेजुएला के लगभग 137 अप्रवासियों को अल सल्वाडोर भेज दिया था। ट्रम्प का आरोप था कि ये अपराधी हैं और कुख्यात गिरोह 'ट्रेन डे अरागुआ' से जुड़े हुए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक इन प्रवासियों में से कई के खिलाफ कोई आपराधिक आरोप नहीं थे और इन्हें बिना उचिता कानूनी प्रक्रिया का पालन किए बिना हिरासत में ले लिया गया था। अल सल्वाडोर में इन अप्रवासियों को दुनिया की सबसे खतरनाक मानी जाने वाली सीकोट जेल में भेज दिया गया।

## ट्रम्प फिर पलटे, कहाः भारत-पाक न्यूक्लियर वॉर मैंने रुकवाई

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर दावा किया है कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध रो. कने में बड़ी भूमिका निभाई थी। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच तनाव इतना बढ़ गया था कि वे परमाणु जंग के बहुत करीब पहुंच गए थे। ट्रम्प ने फाक्स न्यूज को दिए इंटरव्यू में ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि हालात बहुत गंभीर हो गए थे। अगला कदम क्या होता, आप जानते हैं, 'छ वर्ड'। यानी न्यूक्लियर वार। विदेश नीति की सफलताओं पर ट्रम्प ने कहा कि भारत-पाकिस्तान जंग को रोकना उनकी सबसे बड़ी सफलताओं में से एक है। हालांकि उन्हें

**अमेरिका के राष्ट्रपति ने कहाः मुझे इसका क्रेडिट नहीं मिला, 7 दिन में छह बार सीजफायर पर बयान दिए**

इसका क्रेडिट नहीं मिला। ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने दोनों देशों को जंग रोकने के बदले उनके साथ ट्रेड करने का प्रस्ताव रखा था। अब मैं बिजनेस का इस्तेमाल हिसाब चुकता करने और शांति स्थापित करने के लिए कर रहा हूं। मुझे भारत और पाकिस्तान की मजबूत लीडरशिप पर बहुत गर्व है, जिन्होंने ताकत, समझदारी और हिम्मत दिखाकर यह फैसला लिया कि अब मौजूदा तनाव को रोकने का समय है।

## संक्षिप्त समाचार

### सीमा से भारतीय मूल का कनाडाई नागरिक गिरफ्तार

**मोतिहारी।** बिहार के पूर्वी चंपारण जिले में सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) ने भारतीय मूल के कनाडाई नागरिक को गिरफ्तार किया है। एसएसबी सूत्रों ने शनिवार को यहां बताया कि बिना वैध कागजात के भारत में प्रवेश करने के कारण एक कनाडाई नागरिक को रक्सौल सीमा से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान हरप्रीत सिंह के रूप में हुई है। वह मूल रूप से पंजाब के कपूरथला का निवासी है, जो वर्तमान में कनाडा का नागरिक है। एसएसबी टीम ने पूछताछ के बाद हरप्रीत को हिरासत में लिया है। पूछताछ में पता चला है कि हरप्रीत 2023 में भारत आया था और उसके वीजा की अवधि 2024 में ही समाप्त हो गई थी। वीजा की अवधि समाप्ति के बाद भी वह भारत में प्रवास करता रहा। सूत्रों ने बताया कि हरप्रीत पिछले दिनों रक्सौल के रास्ते नेपाल और फिर हांगकांग होते हुए कनाडा लौटने के लिए काठमांडू गया था। हरप्रीत ने बताया कि पंजाब में किसी ने उसे यह रास्ता सुझाया था।

### ब्रिक्स ऊर्जा मंत्री सम्मेलन के लिए ऊर्जा मंत्री ब्राज़ील की यात्रा पर

**नई दिल्ली।** केंद्रीय ऊर्जा और आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल 19 मई को होने वाली ब्रिक्स ऊर्जा मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए ब्राजील की आधिकारिक यात्रा पर रवाना हो गए हैं। आधिकारिक जानकारी के अनुसार मनोहर लाल ब्रिक्स देशों के ऊर्जा मंत्रियों के साथ समावेशी और सतत वैश्विक शासन के लिए वैश्विक दक्षिण सहयोग को सशक्त बनाने के विषय के अंतर्गत ऊर्जा सुरक्षा, पहुंच, सामर्थ्य और स्थिरता जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करेंगे। इस बैठक में भारत पिछले दशक की अपनी उपलब्धियों को प्रदर्शित करेगा, जिसमें बिजली क्षमता में 90 प्रतिशत की वृद्धि, नवीकरणीय ऊर्जा, हरित हाइड्रोजन और जैव ईंधन में नेतृत्व, साथ ही ऊर्जा क्षेत्र में नवाचार और सतत विकास शामिल हैं। देश ऊर्जा तक समान पहुंच सुनिश्चित करने और ऊर्जा संक्रमण में तेजी लाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की भी पुष्टि करेगा।

### पोप लियो 14वें के अधिष्ठापन समारोह में भाग लेगा भारत

**नई दिल्ली।** भारत सरकार का एक आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल वेटिकन सिटी में 18 मई को होने वाले पोप लियो चौदहवे के अधिष्ठापन समारोह में भाग लेगा। इसमे राज्य सभा के उपसभापति हरिवंश और नागालैंड के उपमुख्यमंत्री यंथुंगो पैटन शामिल हैं। यहां जारी आधिकारिक जानकारी के अनुसार इस महत्वपूर्ण वैश्विक धार्मिक आयोजन में भारतीय प्रतिनिधिमंडल की भागीदारी अंतर-धार्मिक जुड़ाव, समुदायों के बीच परस्पर सम्मान और होली सी के साथ कूटनीतिक जुड़ाव के प्रति भारत की गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## बंधकों की रिहाई के लिए एक बड़ा मिलिट्री ऑपरेशन शुरू

# गाजा पर इजरायली हमले जारी, तीन दिन में 250 मरे

**गाजा।** इजरायली सेना ने हमास को हराने और अपने बंधकों की रिहाई के लिए गाजा में एक बड़ा मिलिट्री आपरेशन शुरू किया है। इस आपरेशन के तहत इजरायल ने बीते 3 दिन में गाजा पर कई बड़े हमले किए, जिसमें 250 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं सिर्फ बीते 24 घंटे में ही गाजा पट्टी में हमास के 150 से अधिक ठिकानों पर हमले किए गए। इजरायल का कहना है कि वह तब तक अपना अभियान जारी रखेगा, जब तक हमास खत्म नही हो जाता। इजरायल ने गाजा पर कंट्रोल के लिए 5 मई को 'गिदोन चैरियट्स' मिलिट्री आपरेशन की शुरुआत की थी।

इजरायल ने मार्च 2025 में गाजा के अंदर फूड और फ्यूल सप्लाई रोकने का फैसला किया था। इजरायली सरकार ने दावा किया था कि इससे हमास कमजोर होगा। गाजा में बीते 19 महीनों से जारी जंग के बीच 5 लाख लोगों पर भुखमरी का संकट पैदा हो गया है। गाजा के हालात पर 12 मई को संयुक्त राष्ट्र ने एक रिपोर्ट पेश की थी। इसके मुताबिक अगर इजरायल पाबंदियां नहीं हटाता है तो गाजा में हर 5 में से 1 व्यक्ति भुखमरी की चपेट में आ सकता है। साथ ही 21 लाख लोगों को अकाल का सामना भी करना पड़ सकता है। अक्टूबर 2023 में शुरू हुए इजरायल-हमास संघर्ष में अब तक 61 हजार से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। यूएन के वर्ल्ड फूड प्रोग्राम ने कहा कि



**24 घंटे में हमास के 150 ठिकानों पर हमला, गाजा खाली कराने का आपरेशन जारी**

उनके पास खाने का स्टाक खत्म हो गया है। ज्यादातर बेकरियां और दान से चलने वाले किचन बंद हो चुके हैं। गाजा के लिए यूएन के वर्ल्ड फूड प्रोग्राम (एफपी) के डायरेक्टर एंटोनी रेनार्ड के मुताबिक इस इलाके की आबादी को खिलाने के लिए जरूरी भोजन इजरायल, मिस्र और जार्डन के गोदामों में पड़े हैं। ये गोदाम गाजा से महज 40 किमी दूर हैं। रेनार्ड ने कहा कि गाजा में एफपी के गोदाम खाली हैं और एजेंसी अब 10 लाख लोगों को भोजन मुहैया कराने के बजाय सिर्फ सिर्फ 2 लाख लोगों का ही भोजन बना पा रही है। यूएन और यूरोपीय देशों ने इजरायल से गाजा पट्टी में भुखमरी और अकाल की स्थितियों से निपटने के लिए गाजा को खाना पहुंचाने पर लगी रोक को जल्द खत्म करने की मांग की है। अगर इजरायल ने सैन्य कार्रवाई बढ़ाई, तो ज्यादातर लोगों को खाना, पानी, आश्रय और दवाइयां नहीं मिलेंगीं। गाजा पट्टी के खान यूनिस में फलस्तीनी लोग भूख के संकट से जूझ रहे हैं। इजरायल ने मार्च में गाजा के अंदर फूड और फ्यूल सप्लाई पर रोक लगा दी थी। अरब लीग शिखर सम्मेलन में वैश्विक नेताओं ने गाजा में युद्धविराम की मांग रखी इराक की राजधानी बगदाद में शनिवार को अरब लीग शिखर सम्मेलन की शुरुआत हुई। इस सम्मेलन में शामिल हुए स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने गाजा में नरसंहार को रोकने के लिए दबाव बढ़ाने की अपील की। वहीं यूएन प्रमुख एंटोनियो गुटेरेस ने कहा कि हमें अब एक स्थाई युद्धविराम की जरूरत है। हम गाजा की आबादी के बार-बार जबरन विस्थापन को अस्वीकार करते हैं। जबकि मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से गाजा में युद्धविराम के लिए सभी जरूरी कदम उठाने की अपील की। इराक के प्रधानमंत्री मोहम्मद शिया अल-सुदानी ने शिखर सम्मेलन में कहा कि उनका देश गाजा के रि-डेवलपमेंट के लिए 'अरब फंड' बनाने का समर्थन करता है।

## इजरायल ने यमन के दो बंदरगाहों पर किया हमला

**सना।** इजरायल ने यमन के होदेइदाह और सालिफ पोर्ट पर हवाई हमले किए। इजरायली सेना ने कहा कि इनका इस्तेमाल हथियार लाने और ले जाने के लिए हो रहा था। यमन में हूती समर्थक टीवी चैनल अल मसीराह ने इन हमलों की पुष्टि की है। रिपोर्ट्स के मुताबिक इजरायली सेना ने इन दोनों बंदरगाहों पर 30 से ज्यादा बम गिराए। इसमें 1 व्यक्ति की मौत हुई है और 9 घायल हुए। हमले के बाद इजरायल ने कहा है हूती विद्रोही अगर हमले नहीं रोकते तो उनका हाल हमास और हिजबुल्लाह नेताओं जैसा होगा। इजरायल ने पिछले साल मोहम्मद देइफ, याह्या सिनवार और हसन नसरल्लाह की हत्या कर दी थी। इजरायली हमले में होदेइदाह पोर्ट

**इजरायली विदेश मंत्री बोलेः हमला नहीं रोका, तो हमास जैसा हाल करेंगे**

पर मौजूद जहाजों को काफी नुकसान पहुंचा। पीएम नेतन्याहू बोलेः हूती सिर्फ मोहरा, इनके पीछे ईरान इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने इस कार्रवाई की सराहना की है। उन्होंने कहा कि हमारे पायलट ने हूती आतंकियों के दो ठिकानों पर सफल हमला किया है। हम हूतियों को और नुकसान पहुंचाएंगे। नेतन्याहू ने यह भी कहा कि हूतियों के पीछे ईरान हैं। हूती सिर्फ एक मोहरा हैं। उनके पीछे जो ताकत है, जो उन्हें समर्थन देती है और निर्देश देती है, वो ईरान है।

## अमेरिका से भारत पैसा भेजना अब महंगा पड़ेगा

**नई दिल्ली।** अमेरिका में रहने वाले भारतीयों के लिए अपने घर पैसे भेजना अब और महंगा हो सकता है। ट्रम्प प्रशासन आउटवर्ड रेमिटेंस यानी अमेरिका से बाहर दूसरे देशों में पैसा भेजने पर 5 प्रतिशत टैक्स लगाने की योजना बना रहा है। इससे हर साल भारत आने वाले पैसे पर अतिरिक्त 1.6 अरब डॉलर यानी करीब 13.3 हजार करोड़ रुपये टैक्स देना पड़ सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प इसके लिए एक बिल लेकर आने वाले हैं।

इसका असर 4 करोड़ से अधिक लोगों पर पड़ेगा। इनमें ग्रीन कार्ड होल्डर और एच1बी वीजा पर अमेरिका में रहने वाले भारतीय शामिल हैं। ट्रम्प का यह कानून उन भारतीयों पर लागू नहीं होगा, जिनके पास अमेरिका की नागरिकता है। भारत में विदेशों से आने वाला पैसा पिछले एक दशक में दो गुना हो गया है। मार्च 2025 में आई आरबीआई की एक रिपोर्ट के मुता. बिक 2010-11 में प्रवासी भारतीयों ने 55.6 अरब डॉलर भारत भेजे थे। 2023-24 में यह आंकड़ा बढ़कर 118.7 अरब डॉलर हो गया



**ट्रम्प प्रशासन पांच प्रतिशत टैक्स लगाएगा, हर साल 13 हजार करोड़ रुपये ज्यादा चुकाने होंगे**

है। भारत को सबसे ज्यादा पैसा अमेरिका, ब्रिटेन, सिंगापुर, कनाडा और आस्ट्रेलिया जैसे देशों में रहने वाले प्रवासी भारतीयों ने भेजा है। भारत आने वाले कुल पैसे में इन देशों की हिस्सेदारी आधे से ज्यादा रही। खाड़ी देशों की तुलना में भी इन देशों की हिस्सेदारी तेजी से बढ़ी है। भारत में विदेशों से सबसे ज्यादा पैसा अमेरिका में रहने वाले प्रवासियों ने भेजा। 2020-21 में भारत आने वाले पैसे में अमेरिका की हिस्सेदारी 23.4 प्रतिशत थी जो 2023-24 में बढ़कर 27.7 प्रतिशत हो गई है।

## भारत ने बैलिस्टिक मिसाइल से हमला कियाः शहबाज शरीफ

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने एक कार्यक्रम में कहा कि 9 और 10 मई की रात भारत ने पाकिस्तान पर बैलिस्टिक मिसाइल से हमला किया था। उन्होंने कहा कि आर्मी चीफ आसिम मुनीर ने उन्हें रात 2.30 बजे फोन कर बताया था कि भारत ने नूर खान बेस और बाकी जगहों पर बैलिस्टिक मिसा. इल दागी हैं। शरीफ ने दावा किया कि पाकिस्तान की वायुसेना ने देसी तकनीक और आधुनिक उपकरणों का इस्तेमाल कर देश को बचाया। चीन से मिले जेट्स की आधुनिक टेक्नोलाजी का भी इस्तेमाल किया गया। इससे पहले शरीफ ने भारत के साथ बातचीत की इच्छा भी जताई थी।

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान, भारत के साथ शांति के लिए बातचीत करने के लिए तैयार है, लेकिन इसमें कश्मीर मुद्दे को शामिल करना होगा। पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार संसद में टेलीग्राफ अखबार का एक कटआउट दिखाया। इसमें उन्होंने दावा किया कि दुनिया ने



**पाकिस्तान के पीएम ने कहाः आर्मी चीफ आसिम मुनीर ने उन्हें फोन कर बताया था**

पाकिस्तानी एयरफोर्स की ताकत का लोहा माना है और उसे 'आसमान का राजा' करार दिया है। इशाक डार ने गर्व से कहा कि ऐसा वे नहीं बल्कि इंटरनेशनल मीडिया कह रहा है। हालांकि उनके इस झूठ की पोल पाकिस्तानी अखबार डान ने खोल दी। अखबार ने इसे फर्जी करार दिया। दरअसल डार ने ब्रिटिश अखबार द टेलीग्राफ की एक फेक एआई तस्वीर का हवाला देकर पाकिस्तानी एयरफोर्स की तारीफ की थी।

# शांति वार्ता के कुछ ही घंटों बाद रूसी ड्रोन हमले में नौ की मौतः यूक्रेन

**कीव।** यूक्रेन के पूर्वोत्तर में एक बस पर रूस के ड्रोन हमले में कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गये। यह घटना तीन साल में पहली बार दोनों देशों के बीच हुई सीधी शांति वार्ता के कुछ ही घंटों बाद हुई।

यूक्रेन के अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि जबकि दोनों पक्षों के नेताओं के बीच संभावित बैठक, युद्धविराम और कैदियों की अदला-बदली पर सहमति पर चर्चा हुई, लेकिन कोई बड़ी सफलता नहीं मिली और तब से रूस के हवाई हमले जारी हैं। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि ड्रोन हमला आज सुबह सुमी क्षेत्र के बिलोपि. लिया शहर में हुआ। सुमी के सैन्य प्रशासन के प्रमुख ओलेह ह्रीहोरोव ने बताया कि सात लोग घायल हुए हैं, जिनमें से तीन की हालत गंभीर है। यूक्रेन की राष्ट्रीय पुलिस ने भी टेलीग्राम पर कहा कि यह सिर्फ एक

**यह घटना तीन साल में पहली बार दोनों देशों के बीच हुई सीधी शांति वार्ता के कुछ ही घंटों बाद हुई**

और गोलाबारी नहीं है-यह एक निंदनीय युद्ध अपराध है। पुलिस और स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि रूस ने एक नागरिकों को लक्ष्य बना कर उन पर हमला किया है।

रूस ने अभी तक यूक्रेन के इस दावे पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है कि उसने एक नागरिक बस पर हमला किया है। हालांकि, रूस की सरकारी समाचार एजेंसी तास ने रक्षा मंत्रालय के एक बयान का हवाला देते हुए लगभग उसी समय रिपोर्ट जारी की कि रूसी सेना ने ड्रोन से सुमी क्षेत्र में यूक्रेनी उपकरण मंचन स्थल पर हमला किया। रूस और यूक्रेन दोनों ने एक-दूसरे पर नागरिकों को निशाना बनाने का आरोप लगाया है, जिसे दोनों ने नकार दिया है। यूक्रेन की राष्ट्रीय पुलिस द्वारा साझा की गई एक तस्वीर में एक बुरी तरह क्षतिग्रस्त वैन दिखाई दे रही है, जिसमें यात्री सीटों के दाहिने और ऊपरी हिस्से में बड़े-बड़े छेद हैं। इसकी खिड़कियां और विडशील्ड भी चकनाचूर हो गये हैं। यूक्रेन के अधिकारियों का कहना है कि पिछले 24 घंटों में यूक्रेन में कुल मिलाकर रूसी हमलों में कम से कम 13 लोग मारे गए और 38 से ज़्यादा लोग घायल हुए, जिसमें सुमी में हुआ हमला भी शामिल है। डोनेट्स्क क्षेत्र में दो लोग मारे गए और खार्किव और खेरसॉन क्षेत्रों में एक-एक व्यक्ति मारा गया। गौरतलब है कि शुक्रवार की वार्ता युद्ध के शुरुआती हफ्तों के बाद से दोनों पक्षों के बीच पहली आमने-सामने की बैठक थी, लेकिन तुर्की की अध्यक्षता में इस्तांबुल में हुई इस बैठक में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन शामिल नहीं हुए।

## पुतिन ने अरब लीग के नेताओं को पहले रूसी-अरब शिखर सम्मेलन में किया आमंत्रित

**मास्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने रूसी-अरब शिखर सम्मेलन में अरब लीग (एलएएस) के नेताओं को आमंत्रित किया। राष्ट्रपति कार्यालय ने इस बात की पुष्टि की है कि राष्ट्रपति पुतिन ने इस शिखर सम्मेलन में अरब लीग के नेताओं को भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है। यह पहला रूसी-अरब शिखर सम्मेलन है। पुतिन ने अरब लीग के नेताओं और महासचिव को 15 अक्टूबर को होने वाले पहले रूसी-अरब शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है। रूसी राष्ट्रपति ने अरब लीग को टेलीग्राम पर कहा कि हम भविष्य में एलएएस के साथ रचनात्मक संवाद विकसित करने और इसके सदस्य देशों के साथ मित्रवत संबंध स्थापित करने का इरादा रखते हैं। इस संदर्भ में, मैं संघ के सभी नेताओं और लीग के महासचिव को 15 अक्टूबर को आयोजित होने वाले पहले रूसी-अरब शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए आमंत्रित करता हूं।

# किम जोंग उन ने हवाई अभ्यासों की निगरानी की

## उत्तर कोरिया के नेता ने सशस्त्र बलों से युद्ध की तैयारियों का किया आह्वान



**प्योंगयांग।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने देश के सशस्त्र बलों से युद्ध की तैयारियों को मजबूत करने का आग्रह किया है।

साथ ही कोरियाई पीपुल्स आर्मी (केपीए) द्वारा बड़े पैमाने पर हवाई रक्षा और स्ट्राइक ड्रिल की निगरानी भी की। सरकारी स्वामित्व वाली मीडिया कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) की एक रिपोर्ट के अनुसार किम ने 15 मई को आयोजित अभ्यास के दौरान गार्ड्स फर्स्ट एयर डिवीजन का निरीक्षण किया। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार युद्धाभ्यास को आधु. निक हवाई खतरों-क्रूज मिसाइलों और मानव रहित हवाई वाहनों (यूएवी) सहित-से बचाव में विमान-रोधी बलों और वायु इकाइयों की तत्परता का परीक्षण करने के लिए डिज़ाइन किया गया था। अभ्यास में लड़ाकू पायलटों, सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल बैटरियों, रडार ऑपरेटरों और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध इकाइयों सहित सैन्य शाखाओं की एक विस्तृत श्रृंखला को एक साथ लाया गया। अभ्यास में आने वाले खतरों, विशेष रूप से कम ऊंचाई पर उड़ान भरने वाली क्रूज मिसाइलों और स्वयं-विनाशकारी ड्रोनों का पता लगाने, उन पर नज़र रखने और उन्हें निष्क्रिय करने पर ध्यान कें. द्रित किया गया।

## दक्षिण कोरिया के पूर्व राष्ट्रपति यून ने छोड़ी पार्टी

**सोल।** दक्षिण कोरिया के पूर्व राष्ट्रपति यून सुक-योल ने शनिवार को घोषणा की कि वह आगामी तीन जून को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव से पहले कंजरवेटिव पार्टी 'पीपुल पावर पार्टी' (पीपीपी) से इस्तीफा दे रहे हैं। योल ने पत्रकारों से कहा कि मैं आज पीपुल पावर पार्टी छोड़ रहा हूं। मेरा उन साथियों को नमन है जो मुझ पर भरोसा करते हैं और लंबे समय तक मेरे साथ रहे। उनका मानना है कि पार्टी से अलग होकर वह स्वतंत्र रूप से चुनावी समर्थन जुटा सकते हैं और यही रास्ता उन्हें देश की उदार लोकतंत्र की रक्षा करने में मदद करेगा। योल के खिलाफ हाल ही में कई विवाद सामने आए। इनमें मार्शल लॉ लागू करने की नाकाम कोशिश, महाभियोग प्रक्रिया और राष्ट्रपति पद से स्थाई रूप से हटाया जाना शामिल है। इन घटनाओं के चलते, कई लोगों ने सुझाव दिया कि योल को पार्टी से अलग हो जाना चाहिए ताकि वे स्विग वोटर्स (जो किसी एक पार्टी से बंधे नहीं होते) को लुभा सकें।

# कोलंबिया में विद्रोही समूहों की लड़ाई 66000 लोगों ने किया पलायन

**बोगोटा।** संयुक्त राष्ट्र के मानवीय सहायताकर्ताओं ने शुक्रवार को कहा कि कोलंबिया में विद्रोही समूहों के बीच लड़ाई के कारण 2025 के पहले पांच महीनों में 66000 से अधिक लोगों को अपने घरों से पलायन करने पर मजबूर होना पड़ा है।

संयुक्त राष्ट्र मानवतावादी मामलों के समन्वय के कार्यालय (ओसीएचए) के अनुसार, देश में जारी हिसा के बीच नया विस्थापन 2024 में विस्थापित लोगों की कुल संख्या में 28 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाते हैं। ओसीएचए ने कहा कि पिछले वर्ष के अंत तक, 73 लाख से ज्यादा लोग हिसा और संघर्ष के कारण आंतरिक रूप से विस्थापित हो गए थे, जो सूडान और सीरिया के बाद विश्व में तीसरी सबसे बड़ी विस्थापित संख्या है। ओसीएचए ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र और उसके साझेदार फरवरी में जारी किए गए यूएन केंद्रीय आपातकालीन कोष के 38 लाख डॉलर आवंटन के माध्यम से सहायता प्रदान करते हैं, जबकि उद्देश्य कैटाटुम्बो में 56000 से अधिक प्रभावित लोगों की मदद करना है, जहां 2025 में लड़ाई भीषण रही है। स्थानीय मीडिया के अनुसार, उत्तरी-पूर्वी कैटाटुम्बो क्षेत्र में राष्ट्रीय मुक्ति सेना (ईएलएन) के गुरिल्लाओं द्वारा किए गए हमलों और विस्थापित क्रांतिकारी सशस्त्र बलों (फार्क) के विवादित सदस्यों के साथ झड़पों में 80 से अधिक लोगों की मौत हो गई और 20 लोग घायल हो गए। मार्च के अंत में, कोलंबियाई सेना ने कहा कि दक्षिण-पश्चिमी विभाग काउका में फार्क विद्रोहियों द्वारा किए गए एक विस्फोटक हमले में एक सैनिक की मौत हो गई। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि मार्च में हिसा की वृद्धि से विभाग में 80 से अधिक लोग घायल हुए हैं। ईएलएन और फार्क के बीच क्षेत्र पर नियंत्रण स्थापित करने के लिए तीव्र लड़ाई चल रही है। ओसीएचए ने कहा कि मानवीय आवश्यकताओं में तीव्र वृद्धि के बावजूद, सहायता समुदाय की प्रतिक्रिया फंडिंग की कमी के कारण गंभीर रूप से बाधित हुई है। मानवीय साझेदारों ने केवल पहचानी गई आवश्यकताओं का 25 फीसदी ही पूरा किया है, जिससे लाखों लोग सहायता से वंचित रह गए हैं। उल्लेखनीय है कि 34.2 करोड़ डॉलर की कोलम्बिया मानवीय अपील में से केवल 14 प्रतिशत ही पूरा किया गया है।





# पारुल और अनुष्का ने रेड कार्पेट पर मचाया धमाल

**कान्स।** अभिनेत्री और उद्यमी पारुल गुलाटी ने 78वें कान्स फिल्म फेस्टिवल में अपने पहले रेड कार्पेट डेब्यू से धमाल मचा दिया। परूल गुलाटी ने कान्स फिल्म फेस्टिवल में अपने लुक से सबका ध्यान खींचा। उन्होंने बहुप्रतीक्षित फिल्म एडिगटन के वर्ल्ड प्रीमियर में हिस्सा लिया, जो प्रसिद्ध निर्देशक एरी एस्टर की नई फिल्म है और जिसमें जोकिन फीनिक्स, एमा स्टोन और पेड्रो पास्कल जैसे ग्लोबल सितारे हैं। पारुल ने इस खास मौके पर एक बेहद अनोखा परिधन पहना, जो पूरी तरह इंसानी बालों से बनाया गया था। इस आउटफिट को खुद पारुल ने आइडिया दिया और मशहूर स्टाइलिस्ट मोहित राय और डिज़ाइनर ऋद्धि बंसल ने इसे डिज़ाइन किया। यह लुक पारुल की अपनी हेयर एक्सटेंशन ब्रांड और उनकी एंटरप्रेन्योरशिप को समर्पित एक खास श्रद्धांजलि थी। इस पोशाक को बनाने में 12 कारीगरों की टीम ने एक महीने से ज़्डादा मेहनत की, जिसमें हर एक डिटेल पर बारीकी से काम किया गया। पारुल गुलाटी का यह लुक सिर्फ एक फैशन स्टेटमेंट नहीं था, बल्कि यह आत्म-अभिव्यक्ति, पहचान और सिनेमा के प्रति उनके प्यार को दर्शाने वाला एक गहरा व्यक्तिगत इशारा था। पारुल गुलाटी ने कहा, कान्स फिल्म फेस्टिवल में शामिल होना मेरा एक सपना रहा है। सिर्फ एक कलाकार के तौर पर नहीं, बल्कि एक ऐसी इंसान के रूप में जिसे सिनेमा से बेहद लगाव है। एडिगटन जैसी फिल्म के प्रीमियर में रेड कार्पेट पर चलना किसी सपने जैसा था। एरी एस्टर का काम हमेशा से मुझे प्रभावित करता रहा है और जोकिन फीनिक्स, एमा स्टोन और पेड्रो पास्कल जैसे अदाकारों को एक साथ स्क्रीन पर देखना एक यादगार अनुभव रहा। परूल ने कहा, मैं चाहती थी कि मेरा रेड कार्पेट लुक मेरी पहचान, मेरे सफर और मेरी सोच को दर्शाए।

ग्लोबल स्टार अनुष्का सेन ने कान्स फिल्म फेस्टिवल के रेड कार्पेट पर अपना डेब्यू कर एक नया कीर्तिमान रच दिया है। अनुष्का सेन अपनी पीढ़ी की सबसे प्रतिभाशाली और होनहार अभिनेत्रियों में से एक हैं। कम उम्र में अपनी अभिनय प्रतिभा से लोगों का दिल जीतने वाली अनुष्का ने इंडस्ट्री में अपनी खास पहचान बनाई है। ग्लोबल फैन फॉलोइंग और जबरदस्त क्रिएटिव एनर्जी के साथ उन्होंने अलग-अलग प्लेटफॉर्म्स पर अपनी जर्नी शुरू की और देखते ही देखते भारत की सबसे लोकप्रिय ग्लोबल स्टार्स में शुमार हो गईं। 22 साल की उम्र में अनुष्का सेन ने प्रतिष्ठित कान्स फिल्म फेस्टिवल के रेड कार्पेट पर अपना डेब्यू कर एक नया कीर्तिमान रच दिया है। इतने कम उम्र में इस आइकॉनिक मंच पर कदम रखना उनकी ग्लोबल पहचान को और मजबूती देता है।

# डाक्टर बनने की थी चाहत



**पंकज ने अपनी स्नातक की पढ़ाई मुंबई के मशहूर सैंट जेवियर्स कॉलेज से हासिल की। इसके बाद उन्होंने स्नाकोत्तर पढ़ाई करने के लिए दाखिला ले लिया, लेकिन बाद में उनकी रूचि संगीत की ओर हो गई और उन्होंने उस्ताद नवरंग जी से संगीत की शिक्षा लेनी शुरू कर दी। पंकज उधास के सिने कैरियर की शुरुआत 1972 में प्रदर्शित फिल्म कामना से हुई।**

**मुंबई।** मखमली आवाज के जादूगर पंकज उधास ने अपनी मधुर आवाज और भावपूर्ण गायकी से करीब चार दशक तक श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया, लेकिन बचपन के दिनों में वह डॉक्टर बनना चाहते थे। पंकज उधास का जन्म 17 मई 1951 को गुजरात के राजकोट के निकट जेटपुर में जमींदार गुजराती परिवार में हुआ। उनके दादा भावनगर स्टेट के महारा. जा के डिप्टी दीवान थे। इसी वजह से पंकज के पिता केशुभाई उधस अक्सर महाराजा के महल में जाया करते थे। एक बार पंकज के पिता की मुलाकात उस ज़माने के एक मशहूर बीनकार अब्दुल करीम खां से हुई। उन्होंने खां साहब से दलिरुबा बजाना सीखा। काम से लौटने के बाद पंकज के पति बड़ी तल्लीनता के साथ दलिरुबा बजाया करते थे। उसकी आवाज पंकज को भी खूब भाती थी। हालांकी, संगीत में उनकी कोई रुचि नहीं थी। बचपन में पंकज उधास ने सोचा था कि वह बड़े होकर डॉक्टर बनेंगे। पंकज के पिता ने उनसे कहा कि आप डॉक्टर बनना चाहते हैं तो बेशक बनिए, लेकिन यह जरूरी नहीं है कि आप डॉक्टर ही बनें। आप डॉक्टर तभी बनें, जब आपको लगे कि आप डॉक्टर बनना चाहते हैं। पंकज के पिता जान गए थे कि उनके पुत्र का रुझान किस तरफ है। वह जान गए थे कि पंकज का दिन हारमोनियम बजाते या गाना गाते बीतता है। पंकज ने गुलाम कादर खान से 13 साल की उम्र में संगीत सीखना शुरू किया। पंकज के बड़े भाई मनहर उधास अक्सर संगीत से जुड़े कार्यक्रम में हिस्सा लिया करते थे। उन्होंने पंकज उधास को भी अपने साथ शामिल कर लिया। एक बार पकंज को एक संगीत कार्यक्रम में हिस्सा लेने का मौका मिला जहां उन्होंने-ये मेरे वतन के लोगों जरा आंख में भर लो पानी गीत गाया। इस गीत को सुनकर श्रोता भाव विभोर हो उठे। उनमें से एक ने पंकज उधास को खुश होकर 51 रुपये दिए। इस बीच पंकज उधास

# मेट गाला डेब्यू मेरे लिए सपने जैसाः कियारा

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री कियारा आडवाणी ने मेट गाला डेब्यू को सपने जैसा बताया और अपने सभी प्रशंसकों के प्रति आभार व्यक्त किया है। कियारा आडवाणी मेट गाला में अपनी शानदार एंट्री के बाद भी सुर्खियों में बनी हुई हैं। कियारा ने सोशल एनालिटिक्स प्लेटफॉर्म लेफ्टी की टॉप की वॉयसेज लिस्ट में पहला स्थान हासिल किया। कियारा का अर्न्ड मीडिया वैल्यू 15.3 मिलियन डॉलर रहा। कियारा इतिहास रचते हुए मेट गाला के रेड कार्पेट पर बेबी बंप के साथ चलने वाली पहली भारतीय अभिनेत्री भी बन गईं। कियारा ने सोशल मीडिया पर एक खूबसूरत वीडियो साझा किया और एक दिल से लिखा मैसेज पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने इस खास पल को और उस प्यार को साझा किया जो उन्हें मिला। दुनिया की सबसे बड़ी फैशन नाइट पर, रिहाना, कार्ली क्लॉस और कई ग्लोबल आइकॉन्स के साथ अपना पहला कदम रखते हुए, कियारा ने इस पल को सपने जैसा बताया और सभी के प्रति गहरा आभार व्यक्त किया। कियारा ने लिखा, अब भी सब कुछ महसूस कर रही हूं आपके प्यार, अपनापन और जश्न के लिए दिल से आभार। मेरी मेट गाला की पहली झलक को इतना खास बनाने के लिए ध्न्यवाद। आपके मैसेजेस, चीयर और प्यार मेरे लिए सब कुछ हैं।

# केसरी चैप्टर 2 का तेलुगू में ट्रेलर आउट

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार अक्षय कुमार ने सोशल मीडिया पर अपनी फिल्म केसरी चैप्टर 2 का तेलुगू भाषा में ट्रेलर रिलीज किया है। अक्षय कुमार की फिल्म केसरी चैप्टर 2 वकील और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सी. शंकरन नायर के जीवन पर आधरित है, जिन्होंने जलियांवाला बाग हत्याकांड के पीछे की सच्चाई के लिए लड़ाई लड़ी थी। इस फिल्म में अक्षय कुमार ने सी-शंकरण का किरदार निभाया है, जो जलियांवाला बाग हत्याकांड की सच्चाई को उजागर करने के लिए ब्रिटिश राज के खिलाफ लड़ता है। वहीं, आर माध्वन वकील नेविल मैककिनले की भूमिका में हैं जबकि अनन्या पांडे ने वकील दिलरीत गिल का किरदार निभाया है। केसरी चैप्टर 2,18 अप्रैल को हिदी में सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। अब यह फिल्म तेलुगू भाषा में रिलीज होने जा रही है। अक्षय कुमार ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्म केसरी चैप्टर 2 का तेलुगू भाषा में ट्रेलर रिलीज किया। इस ट्रेलर को जारी करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा- लोगों ने उन पर गोलियां चलाई, लेकिन उसने डरने के बजाय सच्चाई से जवाब दिया।

SILVERLINE PRESTIGE SCHOOL
Ghaziabad
Google for Education Reference School
Affiliated to CBSE
25 YEARS TRAILBLAZERS OF EXCELLENCE
"Driven by vision, defined by results"
Congratulations
to the Shining Silverliners!
Total Result 100%
Class-XII Board Result 2024-25
SCHOOL TOPPERS
GAURISHA HUMANITIES 99%
VRITEE BHARDWAJ HUMANITIES 98.0%
AKSHITA VERMA HUMANITIES 98.0%
AADI GUPTA SCIENCE (PCM) 97.75%
88.15% STUDENTS SECURED 1ST DIVISION
60.66% STUDENTS SECURED DISTINCTION [ABOVE 75% MARKS]
SAUMYA BHARDWAJ SCIENCE (PCB) 97.25%
MAYANK KUMAR COMMERCE 96.5%
SUBJECT TOPPERS
GAURISHA : 100% POLITICAL SCIENCE
VRITEE BHARDWAJ : 100% PSYCHOLOGY
AANYA AGGARWAL : 100% PSYCHOLOGY
ARIPRA BANSAL : 100% PSYCHOLOGY
AADI GUPTA : 100% ENGLISH
RIDHIMA BALIYAN : 100% ENGLISH
KAUSTUBHI VERMA : 100% ENGLISH
AARYAN NAGAR : 100% ENGLISH
RISHABH YADAV : 100% ACCOUNTANCY
KANISHKA JAYANT : 100% PAINTING
For any query Contact : Ph.: 8920279300
Senior Secondary Branch (Pre Foundation to XII) :
A-2/1, Bulandshahr Road Industrial Area, Near Diamond Flyover, Ghaziabad
Contact : 9810881043
slps@silverlineprestigeschool.com | www.silverlineprestigeschool.com

Contact for admission
Seats are Limited
Low Neet Score.... Low Budget Student's (Don't Worry)
Register Today....and Get Discount
Complete Your MBBS in just 20 to 23 Lakhs (Approx) Including
Tuition Fee, Hostel Fee, Food 3 Times, Visa Ext., Insurance Medical, Transportation, Laundry & FMGE Coaching By Experts Regularly (No Extra, No Hidden Charges
➢Russia
➢Georgia
➢Kazakistan
➢Kyragyzstan
➢Uzbekistan
➢Iran
➢Bangladesh
➢Nepal
➢China
➢Europe
➢Egypt
➢Armenia
➢U.K.
➢Canada
➢U.S.A.
Anjum Kaleem
8384872313
9457439020
No need to go Delhi or NCR, Come to Bijnor
100% Sure and Safe
India's Leading Education Consultancy
M.B.B.S./M.D BHMS, BAMS BDS, BUMS
Since 2010
ABROAD ADMISSION & COUNSELLING FOR INDIA
Top Govt. Universities NMC, WHO, WFME, UNESCO, US Assmebly Approved Universities
Indian Hostel And Mess Available
Lowest Price Packages
www.mbbsbijnor.com
M.B.B.S. ABROAD CONSULTANCY
Office Add. : Moin ka Chauraha Opposite Tiranga Enterprise, Chahshreen B-21, Bijnor

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

RADIO SD 90.8 FM
...आपके दिल की बात
2 National Awards & Golden Mikes Awarded
only Community Radio Station of India
रेडियो पर
विज्ञापन
के लिए संपर्क करे
8937095000/20
WE ARE HIRING
MARKETING EXECUTIVES
&
INTERNS FOR RADIO
Follow us on radiosd908fm
MANDI SAMITI ROAD, MUZAFFARNAGAR- 251001
CONTACT - 8937095000/20